निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार, 5 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 49 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1658 :** मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।

**1924 :** ब्राजील के साउ पाउलो में सैन्य विद्रोह हुआ।

**1945 :** लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के संसदीय चुनावों में विजय हासिल की।

**1954 :** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की स्थापना हुई।

**1957 :** भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, वकील, राजनीतिज्ञ तथा आधुनिक बिहार के निर्माता अनुग्रह नारायण सिन्हा का निधन।

**2004 :** इंडोनेशिया में पहला राष्ट्रपति चुनाव हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### फोरलेन साइट पर अपराधियों ने की फायरिंग

**पलामू (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू में एनएच 39 के फोरलेन निर्माण स्थल पर शुक्रवार सुबह एक मजदूर को अपराधियों ने गोली मार दी। सतबरवा इलाके के रजडेरवा गांव के विक्रम सिंह (30) के पीठ में गोली लगी है। उसे श्री नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना सदर थानाक्षेत्र के सिंगरा में सुबह 5:30 बजे हुई। दो बाइक सवार अपराधी पड़वा की ओर से आए। वे मजदूरों के टेंट के पास रुके और गोली चलाकर फरार हो गए। घटना के समय मजदूर सो रहे थे। गोली की आवाज से सभी की नींद खुली। घटना के बाद निर्माण कंपनी के अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया। थाना प्रभारी संतोष गुप्ता घटनास्थल और अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे। घायल विक्रम सिंह ने बताया कि वह टेंट में सड़क की तरफ पीठ करके सो रहा था। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।थाना प्रभारी के अनुसार, फायरिंग के कारणों की जांच की जा रही है। मालूम हो कि इससे पहले भी पलामू में फोरलेन साइट पर रंगदारी के लिए अपराधी फायरिंग कर चुके हैं।

### ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के दानापुर रेल मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर एक दुर्घटना सामने आई है। बिहटा स्टेशन के डाउन मेन लाइन पर चलती ट्रेन से गिरकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बिहटा जीआरपी थाने को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र लगभग 70-75 वर्ष आंकी गई है। मृतक ने उजला धोती-कुर्ता पहन रखा था और उसके पास एक पीला गमछा था। पुलिस ने उसके कुर्ते की जेब से कुछ रुपए बरामद किए हैं। हालांकि, उसके पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन नहीं मिला। घटनास्थल से केवल मृतक की चप्पलें ही बरामद हुई हैं। फिलहाल रेल पुलिस ने शव को थाने ले गई है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बॉर्डर पर बांग्लादेशी नागरिक धराया

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल में शुक्रवार को एसएसबी 47वीं बटालियन ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल पर जांच के दौरान उसे पकड़ा गया। उसके पास भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध वीजा या दस्तावेज नहीं मिला। युवक अवैध तरीके से भारत में घुसने की फिराक में था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सैयद इकबाल (43) के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के चमोला जिला निवासी है और सैयद सफीकुर रहमान का पुत्र है। एसएसबी ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर खुफिया एजेंसियों को सूचना दी। उसके पास से नेपाली मुद्रा भी बरामद की गई है। पूछताछ में इकबाल ने बताया कि, वह 8 दिन पहले ढाका से फ्लाइट से काठमांडू पहुंचा था।

# मजदूरों से भरा वाहन हादसे का शिकार, तीन की मौत, 29 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 29 मजदूर घायल हैं। गंभीर रूप से घायल 29 मजदूरों को इलाज के लिए रेफर किया गया है। सभी मजदूर धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम जा रहे थे। मृतकों में से एक राजू भुइयां गढ़वा के चीना के सिगसिगा कला के रहने वाले थे। राजू को एमएमसीएच में मृत घोषित कर दिया गया है। दूसरे मृतक का नाम गुड्डू राम है वो रंका थाना के कंचनपुर का रहने वाला था, जबकि तीसरे मृतक का नाम पूरण भुइयां है, वो रंका थाना के सिगसिगा गांव का रहने वाला था। सभी घायल गढ़वा के चीना के सिगसिगा और रंका के उदयपुरा के रहने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गढ़वा के रंका और रमकंडा से मजदूरों का जत्था




धान की रोपनी के लिए पिकअप पर सवार होकर शुक्रवार को बिहार जा रहा था। इसी क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद पिकअप भीषण हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक की मौत अस्पताल में हो गई। जबकि 29 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप पर 30 लोग सवार थे, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल थे। जिले के सबसे बड़े अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। अस्पताल में बिजली नहीं होने की वजह से डॉक्टर टॉर्च की रोशनी में घायलों का इलाज कर रहे हैं। छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौके पर मौत हुई है, दोनों की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 20 से अधिक घायल मजदूरों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घायल मजदूरों के अनुसार पिकअप का चालक नशे में था और अचानक डिवाइडर से टकरा गया। ये सभी धान की रोपनी के लिए बिहार के सासाराम इलाके में जा रहे थे।

# पीएलएफआइ के खिलाफ बड़ी सफलता हथियार के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार

- बीते 26 मई को सड़क निर्माण कार्य में लगी रोड रोलर को आग के हवाले करने में भी शामिल थे गिरफ्तार तीनों आतंकी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को खूंटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन, कामडरा थाना क्षेत्र के रामतोलया महुआ टोली निवासी असीम तोपनो और अजीत तोपनो शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल और 13 पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया है। यह जानकारी एसपी मनीष टोप्पो ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में पीएलएफआई के उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद इसका सत्यापन कर पुलिस की एक छापेमारी टीम ने छापेमारी की। इसमें तीन उग्रवादियों को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ जरियागढ़ थाने में कांड दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार उग्रवादी गेंद्र बारला उर्फ लादेन का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ कर्रा थाना में 2020 में एक मामला दर्ज है। बकसपुर-जरियागढ़ क्षेत्र में पीएलएफआई के कुछ कैडर सक्रिय होने की सूचना मिली है। पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उग्रवादियों की गिरफ्तारी में तोरपा एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि कुलदीप रौशन बारी, मनीश कुमार और सशस्त्र बल शामिल थे। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि 26 मई 2025 को रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा गांव में सड़क निर्माण में लगी कंपनी के रोड रोलर को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया था। उस घटना में तीनों उग्रवादी भी शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने इसे स्वीकार किया है।

# गोलीबारी में तीन की मौत, 3 की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** सीवान में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई अंधाधुंध गोलीबारी से हड़कंप मच गया। घटना मलमलिया थाना क्षेत्र के कौड़िया पुल के पास की है, जहां अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस गोलीबारी में 6 लोग घायल हो गए जिनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि अन्य 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मलमलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भगवानपुर थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा कि आपसी वर्चस्व को लेकर के दो पक्ष में गोलीबारी हुई है जिसमें तीन लोग लोगों की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान मुन्ना सिंह, कन्हैया कुमार और रोहित कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बाबा चिमनी मालिक का विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर आज कुछ लोग कौड़िया पुल के पास खड़े थे। तभी अचानक बाइक सवार अज्ञात अपराधी हथियारों से लैस होकर आए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

# शादीशुदा युवक-युवती की फंदे से लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में शुक्रवार को एक युवक-युवती का शव पेड़ से लटका मिला। घटना पीरटांड़ के हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको की है। युवती शादीशुदा है और युवक उसके पति का रिश्तेदार है। युवती ने दो साल पहले घर से भाग कर शादी की थी। मृतका के परिजनों ने प्रेम-प्रसंग में सुसाइड की आशंका जाहिर की है। मृतकों की पहचान इमामुल हांसदा (25) और रानी कुमारी (23) के रूप में की गई। इमामुल हांसदा गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पचरुखी निवासी चंदोलाल हांसदा का पुत्र था। वहीं, रानी कुमारी हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको स्थित कुलखी टोला निवासी स्व गोबिंद हांसदा की बेटी थी। इधर, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, दोनों शवों को देखने के लिए ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीणों को पेड़ पर एक युवक और युवती का शव नजर आया। इसके बाद उन्होंने उसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ उमड़ी और इस दौरान दोनों मृतकों की पहचान की गई। रानी का मायके कुलखी टोला में है। जबकि ससुराल धनबाद के मनियाडीह स्थित कदवारा में है। मृतका के भाई ने बताया कि रानी अपने ससुराल से मंगलवार को यहां आई थी। वहीं, युवक शुक्रवार को ही आया था। इधर, हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि उन्हें जांच के दौरान जानकारी मिली है कि दोनों ने आत्महत्या की है। परिजनों से जानकारी मिली है कि युवती दो साल पहले घर से भाग कर शादी की थी। इमामुल हांसदा युवती के पति का रिश्तेदार है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही साफ तौर पर कुछ कहा जा सकता है।

# डॉक्टर ने चचेरे भाई को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के बरंदा गांव में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार की रात एक डॉक्टर ने अपने चचेरे भाई को गोली मार दी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घायल हेमंत कुमार (32) को इलाज के लिए रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घायल की शिकायत पर केस दर्ज किया।

# कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को मिलेगी गति : शिल्पी नेहा तिर्की

## नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालयों का मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण की भनक लगते ही नेपाल हाउस के विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दफ्तरों में सभी कोषांगों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित थे। इन्हें शोकॉज किया जाएगा। मंत्री ने कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया। झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी ली। मंत्री ने जब अनुपस्थिति को लेकर पूछताछ की तो कई पदाधिकारी अपने सहयोगियों को लेकर बहाने



बनाते नजर आए। कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे। बायोमैट्रिक में आज की अनुपस्थिति से संबंधित डाटा संग्रह किया गया है। कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। इसके आधार पर अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को शोकॉज जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। समय का पाबंद और अनुशासित होना बेहतर कार्यसंस्कृति के लिए जरूरी है। कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

# आठवीं की छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

**सरायकेला (नबिटा ब्यूरो)।** सरायकेला के राजनगर थाना क्षेत्र के बड़ा कुनाबेड़ा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। आठवीं कक्षा की 15 वर्षीय छात्रा सुषमा महतो ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। छात्रा के पिता अजय महतो को सुबह घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटना के समय छात्रा स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी और स्कूल ड्रेस पहन रखी थी। उसकी दादी घर में बर्तन मांज रही थीं और दादा भी घर पर ही थे।छात्रा की मां अपने मायके सिंगपुर गई हुई थीं।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**बोकारो इस्पात संयंत्र**
**बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत**

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR ADVERTISING SERVICES**

Bokaro Steel Plant (BSL) has decided to outsource the area that falls under BSL for various advertising activities for the better management and face upliftment of the Bokaro Steel City.

BSL invites EOI from experienced parties engaged in inspection of sites for display of advertising materials, collection of revenue and monitoring of contents of Advertising materials or OMDs (Outdoor Media Device) etc.

Interested parties are requested to come prepared after due survey of the entire area of Bokaro Steel City Township and Highways (NH) from Visthapit College to Garga Bridge; from Ukrid More to Garga Bridge, Chas and Sector-11 to Damodar Bridge. The date of presentation has been fixed on 19.07.2025 at 10:00 AM at ED (HR) Committee Room, ADM Building (Ispat Bhavan), BSL, Bokaro Steel City.

Note: The interested party has to submit their consent of participation in the presentation on or before 16.07.2025 by 11:00 PM. The parties/ agencies will not be allowed without prior submission of the consent letter.

The consent letter has to be forwarded to the mail id - tabsl.lra@gmail.com, ashokkr.singh@sail.in

For any queries please contact -

1) A K Singh, General Manager, TA-LRA,
Ph No. - 8986873300.

2) Jayant Mishra, Junior Manager, TA-LRA,
Ph No. - 8986876542.

Participation in the presentation does not confirm any right whatsoever for the award of contract/ further consideration.

**SAIL/ Bokaro Steel Plant**
**Bokaro Steel City,**
**Jharkhand.**

**पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली-110003**

**हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल**

# मानसून की बारिश में निखरा पलानी झरने का सौंदर्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू (रामगढ़)।** मानूसन की जोरदार बारिश में पलानी झरने का सौंदर्य निखर गया है। इन दिनों बड़ी संख्या में दूर-दूर से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं और खूबसूरत वादियों का आनंद ले रहे हैं। प्रकृति की गोद में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं और मस्ती करते देखे जा रहे हैं। काफी ऊंचाई से गिरते पानी को देख लोग रोमांचित हो जाते हैं, लेकिन इस रोमांच के बीच कई लोग अपनी जान जोखिम में भी डाल रहे हैं। झरने के नीचे फिसलनभरी चट्टानों पर सैलानी न केवल नहा रहे हैं, बल्कि पोज देकर फोटो भी खिंचवा रहे हैं। इतना ही नहीं, वे सेल्फी भी ले रहे हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। थोड़ी सी लापरवाह से जान भी जा सकती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस पलानी झरने में बारिश के मौसम में अचानक पानी का बहाव तेज हो जाता है। पहाड़ी क्षेत्र से बह कर आने वाला पानी कभी भी भारी मात्रा में गिरने लगता

## पर्यटकों की सुरक्षा पर नहीं दिया जा रहा ध्यान



है, जिससे नहाते या फोटो खिंचवाते लोग चट्टानों से फिसल सकते हैं या तेज बहाव में बह सकते हैं। ऐसे में झरने में दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। प्रशासन के द्वारा यहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गयी है और ना ही चेतावनी बोर्ड लगे हैं। झरने के खतरनाक हिस्सों की बैरिकेडिंग भी नहीं की गयी है। यहां एक भी पर्यटन मित्र नहीं हैं। यहां आनेवाले पर्यटक बिना किसी रोक-टोक के पानी के तेज बहाव वाले हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। फोटो और वीडियो बनाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग से मांग की है कि पलानी झरने को पर्यटन स्थल के तौर पर सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। झरने के आसपास चेतावनी बोर्ड, लाइफ गार्ड समेत बैरिकेडिंग की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि झरना जैसे प्राकृतिक स्थलों पर रोमांच के साथ-साथ सावधानी बरतनी भी जरूरी है। पर्यटकों को झरने के तेज बहाव में नहाने से परहेज करना चाहिए। पलानी झरना अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शीतल जलधारा से लोगों को राहत देता है, लेकिन यहां लापरवाही भारी पड़ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल एसटीएफ ने मुंगेर से हथियार तस्कर को पकड़ा

#### कई राज्यों में हथियारों की करता था सप्लाई



**मुंगेर, एजेंसी।** बंगाल एसटीएफ ने गुरुवार की शाम मुंगेर में एक बड़ी कार्रवाई की। बंगाल एसटीएफ ने मुफस्सिल थाना और मुंगेर एसटीएफ के सहयोग से बोचाही वार्ड नंबर 3 से अंतर्राजीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बबोध पासवान के रूप में हुई है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि 22 जून को बंगाल एसटीएफ ने हथियार तस्करी के एक मामले में महताब नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में महताब ने खुलासा किया कि उसने मुंगेर के बबोध पासवान से हथियार खरीदे थे। बता दें कि मुंगेर में अवैध हथियार के कारोबार से जुड़ा हथियार तस्करों का अलग-अलग राज्यों में नेटवर्क है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बबोध पासवान पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। मुंगेर के हथियार तस्करों का कई राज्यों में नेटवर्क है। ये तस्कर देश के विभिन्न राज्यों में हथियारों की आपूर्ति करते हैं। इससे पहले भी एसटीएफ और जिला पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर हथियार तस्करों पर कार्रवाई कर चुकी है।

### पिस्टल के साथ युवती का फोटो वायरल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** लाल टी-शर्ट पहने एक युवती का पिस्टल के साथ तस्वीर वायरल हुआ है। युवती अहियापुर थाना इलाके के एक गांव की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर के संबंध में अहियापुर थाने की पुलिस जांच कर रही है। हालांकि रात तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। अहियापुर थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ ने किया डीपीआरओ का स्वागत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार राज्य ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ की ओर से नवनियुक्त जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) प्रियव्रत रंजन के कार्यालय में उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश पटेल कर रहे थे। मौके पर संतोष कुमार, सुजीत कुमार, राजीव कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार, बिंदेश्वर चौधरी, सुरभि सौरभ, आदर्श सिंह, राजकिशोर यादव, उषा कुमारी, आलोक कुमार व अमरनाथ कुमार शामिल थे।

### रिश्वत लेते गिरफ्तार सीओ व नाजिर को भेजा गया जेल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रिश्वत लेते गिरफ्तार मधुबनी जिले के रहिका अंचल के सीओ अभय कुमार व नाजिर आदित्य कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने गुरुवार को विशेष न्यायालय (निगरानी) में पेश किया। रिमांड लॉयर रामबाबू सिंह ने दोनों की गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की अनुशंसा की। विशेष न्यायालय ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि खरीद-बिक्री की रोक सूची से जमीन को हटाने के लिए मधुबनी के गोशाला मोहल्ला निवासी राहुल कुमार ने रिश्वत मांगने की शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी के धावा दल ने बुधवार को सीओ अभय कुमार को 17 हजार व नाजिर आदित्य कुमार को 13 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

# महागठबंधन में जाने को बेताब है ओवैसी की पार्टी

## अख्तरुल ईमान ने लालू यादव को भेजी चिट्ठी

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम महागठबंधन में जाने को बेताब है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने एआईएमआईएम को आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के गठबंधन में शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी की ओर से अभी तक इस पर कोई जवाब नहीं आया है। ओवैसी की पार्टी ने दो दिन पहले ही ऐलान किया था कि महागठबंधन से बात न बनने पर वह बिहार में तीसरा मोर्चा बनाएंगे। एआईएमआईएम के बिहार अध्यक्ष और पार्टी के एकमात्र विधायक अख्तरुल ईमान ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव को पत्र लिखा है। AIMIM को महागठबंधन में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। पूर्व में फोन पर भी इस बारे में आरजेडी के नेताओं से बात हुई थी, मगर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई थी। फिलहाल वह आरजेडी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

### एआईएमआईएम ने राजद के पाले में डाली गेंद

तीसरा मोर्चा बनाने की संभावनाओं पर ईमान ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी पार्टी एनडीए के खिलाफ एकजुट होकर विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़े। अगर महागठबंधन से बात नहीं बन पाती है तो फिर तीसरा मोर्चा बनाने के विकल्प पर विचार किया जाएगा। फिलहाल ओवैसी ने गेंद लालू और तेजस्वी के पाले में डाल दी है। अब आरजेडी को निर्णय लेना है कि एआईएमआईएम को महागठबंधन में लेना है या नहीं।

### ओवैसी की पार्टी ने 2020 में जीती थी 5 सीटें, राजद में चले गए थे 4 विधायक

एआईएमआईएम का मुस्लिम बाहुल्य सीमांचल क्षेत्र में खासा प्रभाव है। 2020 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल की पांच सीटों अमौर, बायसी, जोकीहाट, कोचाधामन और बहादुरगंज सीट पर जीत दर्ज की थी। साल 2022 में एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक आरजेडी में चले गए थे। सिर्फ बायसी से विधायक अख्तरुल ईमान ही बचे रहे।



### ईमान बोले– सेक्युलर वोटों का बिखराव रोकना है

लालू के लिखे पत्र में ईमान ने कहा कि पिछले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भी एआईएमआईएम ने महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी। अब 2025 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी की इच्छा है कि सेक्युलर वोटों के बिखराव को रोकने के लिए एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल किया जाए। इस संबंध में राजद, कांग्रेस और लेफ्ट के नेताओं से मौखिक रूप से वार्ता की थी। अगर सभी साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो बिहार में अगली सरकार महागठबंधन की होगी।



## खगड़िया में 75,000 की रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता अरेस्ट

**खगड़िया, एजेंसी।** खगड़िया में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) पटना ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़िया के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार को ?75,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी गुरुवार, 3 जुलाई 2025 को खगड़िया स्थित उनके आवास से की गई।

एसवीयू को यह शिकायत ब्रजेश कुमार नामक युवक ने दी थी। शिकायत के अनुसार अभियंता गोपाल कुमार ने विद्युत विभाग में मानव बल (मजदूर) के पद पर बहाली के बदले 75,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसवीयू की टीम ने एक विशेष योजना बनाई। इसके तहत जैसे ही गोपाल कुमार ने ब्रजेश से रिश्वत की राशि ली, एसवीयू की टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद अभियंता के खिलाफ कांड संख्या-13/25, दिनांक 03.07.2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए पटना ले जाया गया। एसवीयू की इस कार्रवाई से बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि यह कदम विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी

निगरानी इकाई की सक्रियता और तत्परता ने फिर साबित कर दिया है कि बिहार सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## नवादा में इलाज के लिए निकली महिला का मिला कंकाल, बहू पर हत्या की आशंका

### 24 दिन से लापता थी, कपड़े और दस्तावेज से हुई शव की पहचान



**नवादा, एजेंसी।** नवादा के मेसकौर थाना क्षेत्र के में शुक्रवार की सुबह एक 40 वर्षीय महिला का कंकाल मिला। मृतका की पहचान नवडीहा गांव निवासी किरण देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह 24 दिन से लापता थी। मृतका के परिजनों ने बताया कि किरण देवी 8 जून को घर से बहू के साथ इलाज के लिए निकली थी, जिसके बाद से वो लापता थीं। उसका कंकाल नारदीगंज थाना क्षेत्र के पेश गांव से सटे गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के कचहरा गांव के पहाड़ से मिला। महिला की पहचान उसके कपड़े, पर्स, घर की चाबी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और लॉकेट से की गई।दातुन तोड़ने गए गांव के युवकों ने कंकाल देखा और गांव में सूचना दी। पुलिस ने मौके से मिले दस्तावेजों के आधार पर नारदीगंज और मेसकौर थाने से संपर्क किया। परिजनों ने पहुंचकर शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार, किरण देवी अपनी बहू काचो देवी के साथ 8 जून को तुंगी में इलाज के लिए गई थीं। जिसके बाद बहू घर लौट आई, लेकिन सास नहीं लौटीं। बहू ने बताया कि वह उन्हें साथ लेकर आई थी, लेकिन कहां गईं, यह नहीं पता। परिजनों ने काचो देवी पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काचो देवी ने उनके बेटे सनी कुमार से प्रेम विवाह किया था, बताया कि पांच साल पहले दोनों की शादी हुई थी। जिसका किरण देवी विरोध कर रही थीं।

### जांच में जुटी पुलिस

डीएसपी गुलशन कुमार ने बताया कि पुलिस ने कंकाल को जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा है। हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान के लिए जांच जारी है।

## मोदी ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो में बिहार को बताया दुनिया का गौरव, भोजपुरी चौताल से स्वागत



**पटना, एजेंसी।** कैरेबियाई देश त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले अनेक लोगों के पूर्वज बिहार से आए हैं। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पीएम कमला प्रसाद-बिसेसर के पूर्वज बक्सर में रहा करते थे। वह बक्सर आ चुकी हैं, लोग इन्हें बिहार की बेटी मानते हैं। मोदी का राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय समुदाय द्वारा पारंपरिक भोजपुरी चौताल से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की विरासत भारत के साथ ही दुनिया का भी गौरव है। लोकतंत्र, राजनीति, कूटनीति और उच्च शिक्षा में बिहार ने सदियों पहले दुनिया को नई दिशा दिखाई थी। 21वीं सदी की दुनिया के लिए भी बिहार की धरती से नई प्रेरणाएं और नए अवसर निकलेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को पांच देशों के दौरे की यात्रा के दौरान गुरुवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने उनकी अगुवानी की। मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पोर्ट ऑफ स्पेन में उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद को भी संबोधित करेंगे।

### मोदी ने सुना भोजपुरी चौताल

पोर्ट ऑफ स्पेन में स्थानीय लोगों ने बिहार का लोकगीत भोजपुरी चौताल गाकर सुनाया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी शेयर किया है। उन्होंने भोजपुरी में लिखा, ÷एगो अनमोल सांस्कृतिक जुड़ाव! बहुत खुशी भइल कि पोर्ट ऑफ स्पेन में हम भोजपुरी चौताल प्रस्तुति के प्रदर्शन देखनी। त्रिनिदाद एंड टोबैगो आ भारत, खास करके पूर्वी यूपी आ बिहार के बीच के जुड़ाव उल्लेखनीय बा। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यह पहली यात्रा है।

## पटना से गाजियाबाद इंडिगो की नई फ्लाइट 20 जुलाई से, एनसीआर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार से दिल्ली-एनसीआर जाने वालों को हवाई मार्ग से एक और विकल्प मिलने जा रहा है। पटना से गाजियाबाद के लिए इंडिगो एयरलाइन्स की नई फ्लाइट 20 जुलाई से शुरू होगी। विमानों की आवाजाही गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से होगी। रोजाना संचालित होने वाले इस विमान की बुकिंग भी शुरू हो गई है। इस रूट पर पहले से एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट संचालित की जा रही है। पटना एयरपोर्ट से गाजियाबाद का शुरुआती किराया 20 जुलाई को 4700 रुपये है, जबकि उसी दिन गाजियाबाद से पटना का किराया 4145 रुपये है। 180 सीटों की इस फ्लाइट में सभी सीटें इकोनॉमी क्लास की होंगी। पटना से गाजियाबाद का सफर करीब पौने दो घंटे का है। पटना एवं आसपास के जिलों से दिल्ली-एनसीआर आने-जाने वाले लोग इसकी सुविधा ले सकेंगे।

### एनसीआर पहुंचने में समय की होगी बचत

पटना से गाजियाबाद के लिए विमान सेवा शुरू होने से बिहार के लोगों को गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा जैसे शहरों तक पहुंचने में आसानी होगी और समय की भी बचत होगी। उत्तरी और पूर्वी दिल्ली के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए बिहार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। बता दें कि राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट की शुरुआत साल 2019 में की गई थी। इसके शुरू होने के बाद दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर घरेलू विमानों का लोड थोड़ा कम हुआ है। दिल्ली के केंद्र कनॉट प्लेस से इसकी दूरी महज 30 किलोमीटर है। इसके अलावा नोएडा और मेरठ जैसे बड़े शहरों से भी यह पास पड़ता है। इन क्षेत्रों में रहकर काम करने वाले बिहार के लोगों को आवागमन में आसानी होती है।





## मोदी बिहार की जनता से वोट लेकर गुजरात में फैक्ट्री लगा रहे हैं: प्रशांत किशोर

### बिहार बदलाव यात्रा के तहत भोजपुर पहुंचे

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार में संपूर्ण क्रांति और व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से सिताब दियारा से शुरू की गई बिहार बदलाव यात्रा के तहत भोजपुर पहुंचे। एक दिवसीय दौरे पर वो आए। उन्होंने जगदीशपुर प्रखंड में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी बिहार की जनता से वोट लेकर गुजरात में फैक्ट्री लगा रहे हैं। पूरे देश का पैसा लेकर गुजरात के गांव-गांव में फैक्ट्री लगाई जा रही हैं और आरा, भोजपुर के बच्चे वहां जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने जनता से पूछा कि जब वोट आपका है, तो फैक्ट्री कहां लगनी चाहिए। गुजरात में या बिहार में? प्रशांत किशोर ने जनता से अपील है कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट नहीं दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें। बिहार में जनता का राज स्थापित करें। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट नहीं करें। चुनाव में वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। अगली बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें।

**नीतीश कुमार को बाय-बाय कर देना चाहिए :** प्रशांत किशोर ने लोगों से पूछा कि क्या वे नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं या इस बार उन्हें बाय-बाय कहना चाहते हैं। तो सभा में मौजूद हजारों लोगों ने हाथ उठाकर कहा कि इस बार नीतीश कुमार को बाय-बाय कर देना चाहिए। इस बार अगर प्रधानमंत्री मोदी भी उनके लिए वोट मांगें तो भी उन्हें वोट नहीं देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में जनता का राज स्थापित होना चाहिए, न कि लालू, नीतीश या मोदी का राज होना चाहिए। प्रशांत किशोर ने जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद सिवान के युवाओं को 10-12 हजार रुपए की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा।

## किसान बोले- बंधक बना कर पीटा

# राजद नेता बीमा भारती के पति पर मारपीट का आरोप: पूर्णिया में अवधेश मंडल पर एफआईआर



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पूर्व मंत्री और राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती के पति पर मारपीट का आरोप है। कुख्यात अवधेश मंडल पर किसान को अगवा कर घर ले जाने और बंधक बनाकर बेरहमी से मारने का आरोप लगा है। अवधेश मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, आरोपी फरार चल रहे है।

किसान के सिर पर कई जानलेवा वार किए गए हैं। किसान का कहना है कि उसे जान से मारने की कोशिश की गई। मारपीट में वो गंभीर रूप से घायल है। मामला भवानीपुर बाजार का है। घायल किसान का नाम राम बल्लभ मंडल उर्फ भोला मंडल है। घायल बल्लभ मंडल को रुपौली से निर्दलीय विधायक की पत्नी जिला परिषद सदस्या प्रतिमा सिंह ने जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया है। हमले की निंदा करते हुए एसपी स्वीटी सहरावत से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया है।

### मामले की जानकारी नहीं– बीमा भारती

मामले को लेकर पीड़ित रामबल्लभ मंडल ने भवानीपुर थाना में अवधेश मंडल समेत अन्य के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। पीड़ित के आवेदन पर भवानीपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। रुपौली से 5 बार विधायक रहीं बीमा भारती ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। घायल किसान की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के बरहरी पंचायत के कुसहा गांव निवासी ढोढ़ाय मंडल के बेटे राम बल्लभ मंडल उर्फ भोला मंडल के रूप में हुई है।

**केस उठा लेने की मिली थी धमकी :** घायल रामबल्लभ मंडल ने बताया कि जमीन विवाद में 5 साल पहले भी अवधेश मंडल और उसके लोगों ने उसके घर पहुंच कर मारा था। इसे लेकर स्थानीय भवानीपुर थाना में उन्होंने अवधेश मंडल पर मामला भी दर्ज कराया था।

उसे और उसके घर वालों के ऊपर ये केस उठा लेने की धमकी मिल रही थी। केस नहीं उठाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। किसान ने कहा कि उन्होंने डर से केस कॉम्प्रोमाइज करा लिया था। मगर अवधेश मंडल उससे नाराज थे। किसान देर शाम घर से भवानीपुर बाजार के लिए निकला था। तभी वहां कुख्यात अवधेश मंडल अपने कुछ गुर्गों के साथ आ धमका। जब तक वो कुछ समझ पाते, अवधेश मंडल और उसके लोगों ने उसे जबरन बंधक बना लिया। गाड़ी में बैठकर भवानीपुर स्थित घर ले आया। यहां उसे बेरहमी से पीटा गया।

मामले को लेकर घायल रामबल्लभ मंडल ने भवानीपुर थाना में कुख्यात अवधेश मंडल समेत उसके लोगों के ऊपर मामला दर्ज कराया है। मामले में पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती ने कहा कि वो अपने भिठ्ठा आवास पर हैं। इस तरह के किसी भी घटना की उन्हें सूचना नहीं है।

भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से पूर्व विधायक के पति सह पूर्व प्रखंड प्रमुख के खिलाफ जान लेवा हमला करने को लेकर आवेदन दिया है। मिले आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने बनकटवा प्रखंड की सड़कों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने शुक्रवार को बनकटवा प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई सड़कों के निर्माण कार्यों में अनियमितता एवं गुणवत्ता की कमी पाई गई, जिस पर सांसद ने गहरी नाराजगी जताई। सांसद ने मौके पर उपस्थित विभागीय कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि वे लापरवाही बरतने वाले संवेदकों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. जायसवाल ने जानकारी दी कि बनकटवा प्रखंड में 16 सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। आगामी 9 जुलाई को होने वाली विभागीय बैठक में सड़कों की स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता एवं भ्रष्टाचार के मामलों पर विस्तार से समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर जिला प्रभारी वरुण सिंह, पूर्व प्रमुख गणेश यादव, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, जिला पार्षद लालबाबू यादव, चंद्रभान मिश्रा, शैलेंद्र यादव, प्रमोद कुशवाहा, जदयू अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद, छोटेलाल यादव, भरत सिंह, प्रेमचंद जायसवाल, अवधेश सिंह, रमेश साह, शंभू चौधरी, शिवचंद्र पासवान, अखिलेश मिश्रा, डीसी यादव सहित सैकड़ों स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सांसद ने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और हर कार्य की निगरानी खुद उनके द्वारा की जाएगी।

# अर्धसैनिक बलों से भरी बस में बड़ा हादसा टला, ड्राइवर की सूझबूझ से बचे 40 जवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले से होकर गुजरने वाली एनएच - 22 पर सेवनन गांव के पास गुरुवार को गया से दरभंगा की ओर जा रही एसएसबी जवानों से भरी एक बस में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह घटना डोभी- पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेवनन के पास उस समय हुई जब बस अचानक अत्यधिक गरम होकर तेज़ रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। बस में सवार जवानों के अनुसार, अचानक इंजन से धुंआ निकलने लगा और बस तेज़ गति से झटके देने लगी। ड्राइवर ने जब पाया कि वाहन से उसका नियंत्रण हट रहा है, तो उसने घबराने के बजाय सूझबूझ और तत्परता दिखाई। उसने मुख्य पाइप और वायरिंग काटकर बस को रोकने की कोशिश की जिसमें वह सफल भी रहा। बस चालक के इस साहसिक और तेज़ निर्णय की वजह से बस में सवार लगभग 40 एसएसबी जवान सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि बस आगे 2 सौ मीटर भी और बढ़ती, तो वह एक गहरी खाई में गिर जाती या तीखी मोड़ पर पलट सकती थी, जिससे बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद जवानों को वैकल्पिक वाहन से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई। इस पूरे घटना क्रम में बस चालक की सुझबुझ की तारीफ एसएसबी के जवान भी करते नजर आए। लोगों का कहना है कि ड्राइवर की सतर्कता ने बचाई 40 जिंदगियां। प्रशंसा की बात यह है कि ड्राइवर ने कठिन परिस्थिति में भी संयम नहीं खोया और सही समय पर निर्णय लेकर एक भीषण दुर्घटना को टाल दिया।

## नियमित टीकाकरण अभियान: हुलासगंज में 14 स्थलों पर सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज के नेतृत्व में कुल 14 सत्र स्थलों पर टीकाकरण सत्रों का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 130 बच्चों एवं 48 गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीके दिए गए।कार्यक्रम की निगरानी की जिम्मेदारी बीसीएम समीना कुमारी एवं नोडल पदाधिकारी डॉ. तनवीरुद्दीन द्वारा निभाई गई। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज के अन्य पर्यवेक्षकों ने भी विभिन्न सत्र स्थलों पर पहुंचकर टीकाकरण की प्रक्रिया का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मियों की सतत सक्रियता और जन सहयोग के चलते यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

# अब एक कॉल पर दूर होंगी बिजली की समस्याएं बनकटवा में शुरू हुआ फ्यूज कॉल सेंटर

**ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाइनमैन के पीछे नहीं भागना पड़ेगा, विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अब ग्रामीणों को बिजली विभाग के कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बनकटवा के कनीय विद्युत अभियंता धीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए फ्यूज कॉल सेंटर की स्थापना की गई है। इस सुविधा के तहत अब कुदरकट और मठिया भोपत क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता घर बैठे ही अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने मात्र से शिकायत दर्ज हो जाएगी और प्राथमिकता के आधार पर समाधान की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

**जारी किए गए फ्यूज कॉल सेंटर नंबर:**

विद्युत शक्ति उपकेंद्र, बनकटवा : 9262994766

विद्युत शक्ति उपकेंद्र, मठिया भोपत : 9262994765

इन नंबरों पर उपभोक्ता बिजली आपूर्ति ठप होने, फ्यूज कॉल संबंधी दिक्कत, लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मर जलने अथवा शॉर्ट सर्किट जैसी समस्याओं की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कनीय अभियंता ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को लाइनमैन या फोरमैन को व्यक्तिगत रूप से फोन करने की जरूरत नहीं है। फ्यूज कॉल सेंटर से सीधे निगरानी की जाएगी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी। यह सुविधा उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं जन समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। आज कुल 93 मामलों की सुनवाई की गई।जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# वन महोत्सव पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** शहर के डॉ. श्री कृष्ण सिंहा महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं के द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत भाषण, कविता पाठ एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि वन जैसी अमूल्य संपदा के कोष को बनाए रखने की महती आवश्यकता है। एन एस एस पदाधिकारी डॉ. अर्पणा ने इस वर्ष की थीम 'एक पेड़ मां के नाम' पर चर्चा करते हुए कहा कि पृथ्वी, पेड़ - पौधे तथा मनुष्य एक दूसरे के पोषक तथा संरक्षक हैं। हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी रंजना ने कहा कि भूमि को बंजर होने से बचाने के लिए पौधारोपण हमारी जिम्मेवारी है। राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप माला श्रीवास्तव ने कहा वृक्षों के अपने महत्व के कारण ही हमारी संस्कृति में पौधारोपण पुण्य कार्य है। दर्शन शास्त्र की विभागाध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. किरण कुमारी ने कहा कि आदिकाल से ही पेड़ पौधों को पूजने की परंपरा है ताकि पृथ्वी पर पेड़ संरक्षित रह सके। इस कार्यक्रम में निशात परवीन, श्रुति कुमारी, श्रेया कुमारी, नीतू कुमारी, वंदना गोस्वामी, रागिनी कुमारी, परिणीता कुमारी, अनिता कुमारी ने भाषण एवं कविता पाठ में भाग लिया वहीं श्रुति कुमारी, प्रेरणा एवं निशात प्रवीण ने पोस्टर प्रदर्शनी में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अल्फिया नूरी, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. मनोरमा राय, डॉ अंजली कुमारी, डॉ अमृता सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ चंदा कुमारी, डॉ आकृति रानी, डॉ अमित कुमार एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों में सोनी कुमारी उपस्थिति रहीं साथ ही ज्ञान प्रकाश एवं राघवेंद्र मिश्र का सहयोग भी मिला। इस कार्यक्रम के पश्चात एनएसएस की एक बैठक भी हुई जिसमें 6 जुलाई को पौधारोपण करना सुनिश्चित हुआ।

# मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 18 जुलाई को मोतिहारी आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को गांधी मैदान पहुंचे। यहां प्रस्तावित जनसभा स्थल और विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम मोदी जब भी बिहार आए हैं, उन्होंने राज्य को विकास की बड़ी सौगातें दी हैं। यह कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री जी के चौथी बार मोतिहारी आगमन को लेकर लोगों में उत्साह है। वे न केवल योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, बल्कि करोड़ों की सौगात भी देंगे, सम्राट चौधरी ने कहा।

गांधी मैदान में की जा रही तैयारियों के तहत उन्होंने सुरक्षा, यातायात, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, और हेलिपैड आदि बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने जिला अतिथि गृह में अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रोटोकॉल और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने बिहार को विकास की नई रफ्तार दी है। हर क्षेत्र में परिवर्तन दिख रहा है। यह कार्यक्रम बिहार के लिए नई ऊर्ज़ा का संचार करेगा। डिप्टी सीएम दोपहर 2:35 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरे, जहां एनडीए के नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान कई गणमान्य मौजूद थे, जिनमें स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह, गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान, नगर विधायक प्रमोद कुमार, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, ढाका विधायक पवन जयसवाल, बिहार के डीजीपी विनय कुमार, डीआईजी हरिकिशोर राय, डीएम सौरभ जोरवाल, एसपी स्वर्ण प्रभात, डीडीसी डॉ. प्रदीप कुमार, एडीएम मुकेश कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी सहित अन्य अधिकारी एवं एनडीए गठबंधन के नेता शामिल रहे।

सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्थानीय महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीसीएलआर सिकरहना सुनिधि ने की। बैठक दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चली, जिसमें प्रखंड के सभी बीएलओ और उनके पर्यवेक्षक शामिल हुए। वहीं, दूसरी पाली में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, शिक्षा सेवक, तालीमी मरकज कर्मी, जीविका दीदी, पंचायत रोजगार सेवक, विकास मित्र, पंचायत सचिव और आवास सहायक समेत अन्य कर्मियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चिरैया रामनाथ कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में संचालित गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक महत्वपूर्ण सत्यापन प्रक्रिया है, जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधार पर सभी योग्य मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाना अनिवार्य है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी लें और गणना प्रपत्र भरवाएं। साथ ही, सभी संबंधित कर्मियों से आग्रह किया कि वे इस कार्य में बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें और आम जनता को जागरूक करें। बैठक के दौरान सभी बीएलओ से गणना प्रपत्र भरवाकर उसे ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड भी करवाया गया। मौके पर अनुमंडल निर्वाचक पदाधिकारी विवेक यादव, बीईओ सरोज कुमार सिंह, बीपीआरओ संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास प्रसाद, शिक्षक मुकेश कुमार यादव, राकेश रंजन, हरिओम, भारतेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# ब्रिटिश उपन्यासकार जॉर्ज ऑरवेल की जन्मस्थली पर चलाया गया स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब की ओर से शुक्रवार को प्रसिद्ध उपन्यासकार जॉर्ज ऑरवेल की जन्मस्थली पर स्वच्छता सह वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, रोटरी लेक टाउन, भारत स्काउट एंड गाइड, ग्रीन एंड क्लीन संस्था, हिंदी बाजार व्यावसायिक संघ, जानपुल व्यवसायी संघ के पदाधिकारी समेत दर्जनों की संख्या में समाजसेवी शामिल हुए। अभियान में शामिल सभी लोगों ने मुक्त कंठ से जॉर्ज ऑरवेल की जन्मस्थली की दुर्दशा पर चिंता जताई साथ ही प्रशासन से इस स्थल के जीर्णोद्धार की मांग की। अभियान में शामिल लोगों ने शहर के ज्ञानबाबु चौक के समीप सत्याग्रह पार्क स्थित प्रसिद्ध उपन्यासकार जॉर्ज ऑरवेल की जन्मस्थली व आसपास की साफ-सफाई की। मौके पर मौजूद लोगों ने यहां गंदगी नहीं फैलाने का संकल्प भी लिया। सफाई के पश्चात ईस्ट चंपारण लायंस क्लब समेत विभिन्न संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सचिव सच्चिदानंद पटेल, रीजन चेयरमैन अमित सेन, पीआरओ सुजीत कुमार सिंह, पर्यावरण चेयरपर्सन निलेश रंजन सहित अनेक समाजसेवी शामिल हुए।

# खेतों में खड़ी फसल डूबी, नाराज किसानों ने की घोसी-धामापुर मुख्य सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले में भारी वर्षा और जलजमाव के कारण खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब गईं, जिससे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। घोसी प्रखंड के धामापुर के पास किसानों ने घोसी-धामापुर मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान किसानों ने एक एम्बुलेंस को भी आगे बढ़ने नहीं दिया, गनीमत रही कि एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था । हालांकि, बाद में जब अधिकारियों ने समझाया कि एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं है, तब जाकर किसानों ने उसे निकलने दिया।इस संबंध में पीड़ित किसानों का कहना है कि हमें जब तक मुआवजा और राहत की ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, हम सड़क से हटेंगे नहीं। हमारी फसलें बर्बाद हो गई हैं और प्रशासन सिर्फ आश्वासन दे रहा है।

सड़क जाम करने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर ईंट-पत्थर, लकड़ी और पुआल डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। जाम की वजह से घंटों तक जहानाबाद - एकंगरसराय मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। इस दौरान यातायात बाधित रहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फसल क्षति का सर्वे, जल निकासी की व्यवस्था, और संभव मुआवज़ा देने का आश्वासन दिया। प्रशासन और सड़क जाम कर रहे किसानों के बीच करीब दो घंटे की बातचीत और समझाने के बाद किसान सड़क से हटे और आवागमन फिर से सामान्य हुआ।

## एक नजर

### प्रतिबंधित दवाओं के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** हरपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी राहुल कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार और अंचल निरीक्षक छौड़ादानो के निर्देशन में गठित टीम ने नायक टोला हरपुर पुलिया के पास से तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप कुमार, पिता जवाहिर लाल महतो, निवासी फेटा गांव पालिका, थाना कलैया, नेपाल के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपित के पास से 45 सौ एम्पुल तीन प्रकार की नशीली दवाएं बरामद की। छापेमारी दल में पुलिस उपनिरीक्षक रंजन कुमार, उत्तम कुमार, नसीम हैदर, पंकज कुमार सिंह, धर्मनाथ कुमार, सुबोध कुमार, हिरदय नारायण प्रसाद, अजेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध हालात में युवती की मौत

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीया युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भूमि विकास बैंक के पास एक मकान में फंदे से लटकता शव मिलने के बाद पुलिस ने पैक्स अध्यक्ष सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मृतका की मां सीता देवी, निवासी पदुमकेर (पताही थाना) ने आवेदन में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री घरेलू काम के लिए संजय जायसवाल के घर गई थी, जहां संजय जायसवाल, उसके पिता श्याम सुंदर प्रसाद जायसवाल, रमाकांत प्रसाद (मुंशी), सुनील कुमार (दुकानदार) और श्याम कुमार ने साजिश के तहत उसकी बेटी की हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी से लटका दिया। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रक्सौल बॉर्डर पर बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल मैत्री पुल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक बांग्लादेशी युवक को एसएसबी जवानों ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सैयद इकबाल अहमद, निवासी चुंगला, बांग्लादेश के रूप में हुई है। सुरक्षा जांच के दौरान जब एसएसबी जवानों ने उससे पूछताछ की, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद हरैया ओपी पुलिस को सूचित किया गया, जिन्होंने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# 8 जुलाई को प्रदेश की सभी पंचायतों में जदयू निकालेगी साइकिल रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जनता दल (यू) 8 जुलाई 2025 को राज्य की सभी पंचायतों में साइकिल रैली का आयोजन करेगी। यह निर्णय मोतिहारी सर्किट हाउस स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित जदयू की विधानसभा प्रभारी एवं बीएलए-1 की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने की। बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि साइकिल रैली के माध्यम से आम जनता के बीच मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता फैलाई जाएगी। साथ ही, गांव-गांव जाकर पार्टी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देंगे और फॉर्म भरवाने से लेकर नाम जुड़वाने तक उन्हें हर संभव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर बिहार प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पूरी सजगता और सक्रियता से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में जदयू के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र उरांव, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, विधानसभा प्रभारी शिवरानी देवी, प्रो. अरुण पटेल, राकेश सिंह, राजेश कुमार बैठा, विजय विकास, दयाशंकर सिंह, संजीव कुमार पटेल, संतोष भास्कर, प्रताप पटेल, सुरेश गुप्ता, सुधा चौधरी, जिला प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, रमेन्द्र कुशवाहा, कबीर पटेल, मिंटू सिंह, बद्री पासवान, जितेन्द्र यादव, सहित कई जदयू नेता उपस्थित थे।

# गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल बना मखदुमपुर प्रखंड का अलाहगंज गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के विसुनगंज थाना क्षेत्र के अलाहगंज गांव की चर्चा इन दिनों गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करने में किया जा रहा है। जहां एक हिन्दू परिवार मुहर्रम पर्व पूरे विधि विधान के साथ मनाता है। इस हिंदू परिवार के लोगों द्वारा मुहर्रम में फतिनिशान बनाने एवं पूरे विधि विधान के साथ उसे पूरा करने में गांव के लोग भी पूरी आस्था के साथ उसका साथ देते हैं। बता दे कि प्रखण्ड के विसुनगंज थाना क्षेत्र के आलाहगंज गांव निवासी मदम पासवान मुहर्रम में फतिनिशान बनाते है और पूरी आस्था के साथ मुहर्रम में मुस्लिम भाइयों के साथ इस पर्व पर शिरकत करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहाँ ये पीढ़ियों से यह रिवाज चला आ रहा है, इस परम्परा का हमलोग भी पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं। मौके पर थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि उन्हें पता चला कि उनके थाना क्षेत्र के अलाहगंज गांव में एक हिन्दू परिवार मुहर्रम का पर्व मनाता है। जिसे लेकर उन्हें प्रशासन द्वारा पूरी सुरक्षा भी प्रदान की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि जब वे गांव में गए तो गांव के लोगों ने बताया कि मदम पासवान पीढ़ी दर पीढ़ी से ताज़िया और फतिनिशन बनाते आ रहा है। और इस काम में पूरा गांव के लोग उसका साथ भी देते हैं। बता दें की अलाहगंज गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नही है। बावजूद इसके पूरी शिद्दत के साथ हिंदू परिवार मुहर्रम का पर्व मनाता है।

# कई राज्यों सहित नेपाल से पहुंचा कांवरियों का जत्था

## शिवमय हुआ इलाका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अजगैवीनाथ धाम।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में अब कम दिन शेष है। मेला की औपचारिक शुरूआत 11 जुलाई से है। लेकिन बंगाल, असम सहित पड़ोसी देश नेपाल से आए हजारों कांवरियों का अजगैवीनाथ धाम से बाबाधाम पैदलयात्रा का सिलसिला शुरू हो गया है। जैसे-जैसे सावन नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे कांवरियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसके कारण कच्ची कांवरिया पथ में पैदल चलने वाले कांवरियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

जिला प्रशासन को भी पता है कि वर्षो से श्रावणी मेला से एक पखवाड़े पूर्व कांवरियों का आना शुरू हो जाता है। औपचारिक शुरूआत से पूर्व आने वाले कांवरियों के लिए केवल शौचालय और पेयजल की सुविधा बहाल करा दी जाए तो पड़ोसी देश नेपाल सहित पड़ोसी राज्य बंगाल, असम, ओडिशा के हजारों श्रद्धालुओं को एक सुखद अनुभव होगा। हालांकि इन कांवरियों को प्रशासन का नहीं बाबा भोलेनाथ का ही सहारा है।

भागलपुर जिला प्रशासन के द्वारा 30 जून तक कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश सभी विभागों को दिया गया था। लेकिन किसी विभाग के द्वारा तय समय तक काम पूरा नहीं किया जा सका। इसके बाद 30 जून को नप सभागार में जिलाधिकारी ने श्रावणी मेला से संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर तीन जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था।

डीएम के निर्देश की दूसरी डेडलाइन समाप्ति तक युद्ध स्तर से तैयारी के बावजूद भी गंगा घाट सहित कांवरिया पथ में सरकारी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। कांवरिया पथ के अलावा पीएचईडी, चिकित्सा, बिजली, शौचालय और सरकारी धर्मशाला का भी काम दिन-रात किया जा रहा है। लेकिन काम की गुणवत्ता को देखने से स्पष्ट है कि यह सावन तक के लिए ही कारगर सिद्ध होगा। खासकर पीएचइडी के द्वारा ना तो शौचालय को दुरुस्त किया जा सका है ना तो प्याऊ को।

पीएचइडी के द्वारा सभी शौचालय प्याऊ व स्नानघर को रंग रोगन कर चकाचक बना दिया गया है। लेकिन शौचालय में शीट, कमोड और दरवाजा अभी तक नहीं लग पाया है। कच्ची कांवरिया पथ में चापानल के सहारे पानी की व्यवस्था की गई है। जिससे कांवरिया अपनी प्यास बुझा रहे हैं। नेपाल से गंगाजल भरने आए कांवरिया निलेश मेहता, राजू मेहता, श्रीमंत सिंघिया ने बताया कि सावन में अधिक भीड़ हो जाने के कारण हम लोग अभी ही सपरिवार देवघर जा रहे हैं। लेकिन गंगा घाट पर ना तो शौचालय की व्यवस्था है ना ही पीने की पानी की। कम से जिला प्रशासन के द्वारा शौचालय व शुद्ध पानी की व्यवस्था मेला के पूर्व करानी चाहिए थी।

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में रेल मार्ग से सबसे अधिक कांवरिया अजगैवीनाथ धाम पहुंचते हैं। इन दिनों सुबह की सभी टेनों से भर भर के श्रद्धालु अजगैवीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। खासकर डाउन हावड़ा - जमालपुर, अप हावड़ा - गया, डाउन मुजफ्फरपुर-भागलपुर इंटरसिटी में कांवरियों की काफी भीड़ देखी जा रही है। जैसे-जैसे सावन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे कांवरियों की संख्या बढ़ती जा रही है।



आषाढ़ अमावस्या के बाद दिन प्रतिदिन कांवरियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सड़क मार्ग के अलावा रेल मार्ग से अधिक संख्या में श्रद्धालु अजगैवीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। लेकिन स्टेशन के आसपास पर्याप्त संख्या में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण कांवरिया खुले में पटरी किनारे शौच करने को भी विवश हैं। ऐसे में बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में महज एक सप्ताह दिन शेष रह गए हैं। सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा अपर रोड एवं थाना रोड में नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। मेला के औपचारिक शुभारंभ के पूर्व तैयार करना मुश्किल ही नहीं असंभव है। ऐसे में आने वाले कांवरियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि सड़क निर्माण होने के कारण सड़क संकरी हो गई है जिस कारण दिन प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

# नगर विकास मंत्री दोषी करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 15 साल पुराने नकली दवा आपूर्ति मामले में दोषी करार दिया है। हालांकि कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए 7,000 रुपये जुर्माना लगाकर और सदाचार बनाए रखने की हिदायत के साथ रिहा कर दिया। यह फैसला 4 जून 2025 को सुनाया गया था, जबकि सजा पर सुनवाई 1 जुलाई को हुई।

मामला वर्ष 2010 का है, जब जीवेश मिश्रा राजनीति में आने से पहले दवा कारोबार से जुड़े थे। उस समय वह आल्टो हेल्थलेयर प्राइवेट लिमिटेड नामक फार्मा कंपनी के निदेशक थे।

जांच में पाया गया कि राजस्थान की कंपनी कंसारा ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूटर को जो दवाएं सप्लाई की गईं, उनमें से सिप्रोलिन 500 नामक दवा की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं थी और उसमें मिलावट पाई गई थी। यह दवा तीन कंपनियों द्वारा सप्लाई की गई थी, जिनमें से एक कंपनी जीवेश मिश्रा की थी। इस मामले में कोर्ट ने जीवेश मिश्रा समेत कुल 9 लोगों को दोषी ठहराया, लेकिन ऑफेंडर प्रोबेशन

**▸ सात हजार जुर्माना लगाकर छोड़ा गया ▸ नकली दवा आपूर्ति करने का है मामला ▸ विपक्षी ने साधा निशाना**

एक्ट के तहत उन्हें जेल की सजा से राहत दी गई और सिर्फ जुर्माना लगाया गया।

राजस्थान कोर्ट के फैसले के बाद बिहार की राजनीति में हलचल मच गई है।

राजद प्रवक्ता और जाले के पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि जीवेश मिश्रा को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नकली दवाइयां बेच सकता है, वह जनता के साथ भी धोखा कर सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने स्वयं अपने चुनावी हलफनामे में यह जानकारी दी थी कि उन पर नकली दवा से जुड़ा मामला चल रहा है।

ऋषि मिश्रा ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि अब भी अगर नहीं जागे, तो यह ईमानदारी और सुशासन के दावों की पोल खोल देगा।

# डीएम ने की शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अररिया अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व सामाजिक सद्भाव और त्याग का प्रतीक है। इसे आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ मनाएं। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष एवं शांति समिति सदस्यों के द्वारा दिये गये सुझाव के आलोक में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मोहर्रम कमेटी को अपने वालंटियर के लिए एक ड्रेस कोड का भी निर्धारण करने का अनुरोध किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर जुलूस के लिए लाईसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य है। केवल लाईसेन्स में चिह्नित रूट/मार्ग से ही जुलूस निकालेंगे। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और ध्वनि शक्ति भी निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजेगा। इसका सख्ती से अनुपालन करें। सोशल मिडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजन एवं मुहर्रम कमिटी के प्रतिनिधि एवं जन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।




## लापता शिक्षक की मिली लाश

**मुजफ्फरपुर।** साहेबगंज थाना क्षेत्र की पहाड़पुर मनोरथ पंचायत के दरिया छपरा के समीप शुक्रवार को लापता शिक्षक गुड्डू लाल ठाकुर का शव मिला। वह दो दिनों से लापता थे। मूल रूप से दरिया छपरा के रहने वाले थे। घर के कुछ दूरी पर उनका शव मिला। खोजबीन में कोई पता नहीं चलने पर स्वजन परेशान थे। इसी बीच शुक्रवार को साहेबगंज इलाके में उनका शव मिला। शव मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों में हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा की जा रही थी। जानकारी मिलने के बाद स्वजन भी वहां पहुंचे। स्वजन द्वारा भी हत्या की आशंका जताई गई है। सूचना पर साहेबगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। वैसे स्वजन का बयान दर्ज करने की कवायद की जा रही है। स्वजन के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर इसकी गुत्थी सुलझाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि शिक्षक के मोबाइल का भी डिटेल निकाला जा रहा है।

# 50-50 हजार रुपये के दो इनामी अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया।** जिले में अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी राकेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि खगड़िया पुलिस, डीआईयू शाखा, एसटीएफ पटना और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो कुख्यात अपराधी रवि महतो उर्फ रवि मेहता और जीवन यादव को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रवि महतो पिछले दो दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उस पर हत्या, अपहरण, लूट, रंगदारी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत दर्जनों मामले दर्ज हैं। चौथम, मानसी, सौरबाजार (सहरसा), सलखुआ और मधेपुरा थानों में इसके खिलाफ 12 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वर्ष 1999 में उस पर पहला मामला अपहरण का दर्ज हुआ था। वह एक मामले में फरार था। गुप्त सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई में चौथम थाना पुलिस, डीआईयू शाखा खगड़िया और एसटीएफ पटना की टीम शामिल रही। टीम में पुअनि पल्लव, पुअअनि चंदन कुमार यादव, पुअअनि उदय कुमार मंडल और एसटीएफ के अधिकारी शामिल थे।

दूसरा अपराधी जीवन यादव, पिता चंद्रशेखर यादव, निवासी बैसा, थाना-परबत्ता, जिला-खगड़िया, भी लंबे समय से संगठित अपराध में सक्रिय था। उस पर खगड़िया, साहेबपुर कमाल और जमुई जिलों में डकैती, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार और बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

# बरगद की शाखा गिरने से चाचा-भतीजा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** टिकारी-पंचानपुर मार्ग पर कॉलेज मोड़ के पास शुक्रवार को दोपहर में बरगद के पेड़ की एक बड़ा शाखा अचानक टूटकर गिर गई।

शाखा से दबकर दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे में दो लोग घायल हो गये। मृतक टिकारी प्रखंड के शिवनगर पंचायत के डीहुरी गांव का रहने वाले नागेंद्र पासवान और पिंटू पासवान हैं।

दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा है। परिजनों ने बताया कि दोनों गांव के ही एक अन्य युवक बजरंगी पासवान के साथ टिकारी बाजार से पूजा का सामान लेकर घर जा रहा थे इसी क्रम में घटना घटित हुई। एक अन्य बाइक सवार कसमा निवासी अजीत कुमार भी घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूरों के सहयोग से मशीन से पेड़ काटकर हटाने का काम कर रही है ताकि, शव को बाहर निकाला जा सके।

वहीं, घटना के बाद टिकारी-पंचानपुर मार्ग को आक्रोशित लोगों ने जाम कर दिया है। इस कारण सभी तरह के वाहन सहित आम राहगीरों की आवाजाही बंद हो गई है। घटनास्थल पर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद सहित पुलिस बल के जवान स्थिति पर नजर रख रही है।

# सूबे में महंगी होगी बिजली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जेएसईआरसी) द्वारा बीते 30 अप्रैल को पारित बिजली टैरिफ आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की है।

यह याचिका वित्तीय वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप, 2024-25 की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा (एपीआर) और 2025-26 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) व टैरिफ निर्धारण से संबंधित है। जेबीवीएनएल ने आयोग द्वारा स्वीकृत 6.34% टैरिफ वृद्धि को अपर्याप्त बताते हुए पुनर्विचार की मांग की है, क्योंकि निगम ने 40.02% की वृद्धि का प्रस्ताव दिया था।जेएसईआरसी का नया टैरिफ आदेश एक मई से लागू हो चुका है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में बिजली की दर में 20 पैसे और ग्रामीण क्षेत्रों में 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई। कुल मिलाकर, बिजली टैरिफ में 6.34% की वृद्धि को मंजूरी दी गई।

जेबीवीएनएल ने प्रति यूनिट आठ रुपये की दर की मांग की थी, लेकिन आयोग ने इसे घटाकर 6.85 रुपये प्रति यूनिट स्वीकृत किया। जेबीवीएनएल का कहना है कि यह वृद्धि उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है, क्योंकि निगम को बिजली उत्पादन, वितरण, और रखरखाव में बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जेबीवीएनएल ने अपनी याचिका में कहा है कि आयोग द्वारा स्वीकृत टैरिफ वृद्धि से निगम का राजस्व घाटा कम नहीं होगा। निगम ने 40.02% टैरिफ वृद्धि का प्रस्ताव रखा था, ताकि बिजली आपूर्ति की लागत और परिचालन खर्चों को पूरा किया जा सके। जेबीवीएनएल का तर्क है कि कोयला, परिवहन और बुनियादी ढांचे की लागत में वृद्धि के कारण उनकी वित्तीय स्थिति दबाव में है। आयोग द्वारा स्वीकृत टैरिफ वृद्धि से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। शहरी उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे और ग्रामीण उपभोक्ताओं को 40 पैसे अधिक चुकाने पड़ रहे हैं।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में हुंकारे सरकार के मंत्री संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने शुक्रवार को रजौली के घसियाडीह मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के चुनाव में एनडीए 225 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर बिहार में पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार बनाएगी। जो तेजी से विकास की रफ्तार को और गति देगी। संतोष सुमन ने कहा कि आज बिहार में डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में सड़क, बिजली, आवास और पेंशन जैसी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने रजौली में फोरलेन सड़क निर्माण का हवाला देते हुए कहा कि अब यहां से राजधानी पटना दो घंटे में पहुंचना संभव हुआ है। मंत्री ने सभा में जुटे एक हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब हमारा समाज जागरूक हो चुका है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि, मांझी नहीं, आंधी हैं bिना इसके एनडीए अधूरी है। दोनों हाथों की मुट्ठी बांधकर हम पार्टी के साथ खड़े रहने को कहा। जोर देकर कहा कि बिहार में हम पार्टी के चार विधायक और दिल्ली में एक सांसद हैं। जो एनडीए में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हम पार्टी आगामी चुनाव में चार से चालीस सीटों तक मजबूती से लड़ने के लिए तैयार है।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि हम पार्टी रजौली सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हालांकि सीट शेयरिंग को लेकर अभी कोई मांग नहीं रखी गई है, लेकिन कार्यकताओं की भावनाओं और क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए एनडीए में सम्मानजनक तालमेल किया जाएगा।

याद दिलाया कि 2015 में जीतन राम मांझी ने वृद्धावस्था पेंशन को 200 से बढ़ाकर 400 रुपये किया था। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इसे 1100 रुपये कर दिया गया है। अगले पांच वर्षों में बिहार में रोजगार का अंबार लगेगा और गरीब मजदूरों को राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं टेकारी विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अब हम पार्टी की उपस्थिति केवल मगध तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूर्वांचल में भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे किसी लालच और बहकावे में न आएं और सोच-समझकर वोट करें। कार्यक्रम में प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनिल रजक, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पासवान, प्रदेश सचिव राकेश कुमार,संगठन प्रभारी राकेश रंजन, जिलाध्यक्ष अशोक मांझी, विधानसभा प्रभारी शत्रुघ्न चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष व कुलना पंचायत के मुखिया करण कुमार मांझी, प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** लाखो थाना प्रभारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी ने मुहर्रम को शांति एवं आपसी भाईचारा के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम में जुलूस निकालने वालों को लाइसेंस लेने का निर्देश दिया। जो लोग ताजिया जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेंगे, उनमें 10-12 लोगों को आधार कार्ड की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना पड़ेगा, तभी लाइसेंस दिया जाएगा।

भाला और तेज हथियार से करतब दिखाने को प्रतिबंधित किया गया है। तजिया की ऊंचाई बड़ा न हो और डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है।मुहर्रम के दौरान तजिया जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इससे जुलूस के दौरान अशांति फैलाने वाले लोगों को चिह्नित करने में आसानी होगी। निर्धारित मार्ग से जुलूस निकाला जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। पुलिस जुलूस की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगी। बैठक में आठ अखाड़े के खलीफा ने लाइसेंस के लिए आवेदन दिया। मौके पर खलीफा मो. मोसिन, मो. फकीर, मो. शकूर, मो. हातिक, मो. हादिब, मो. चांद, मो. शेरा, मुखिया महेश राय, और महादेव सिंह आदि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 03.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन - 713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** विज्ञापन; **ई-नीलामी सूची क्रम.: एडीवीटी-एएसएन -18-07; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 18.07.2025, 12:00 बजे। **(1)** आरडीएन (नॉन-डिजिटल): इनसाइड स्टेशन: शंकरपुर, पानागढ़ और मानकर स्टेशन। **(2)** ओओएच: आउट ऑफ होम: अंडाल, सिमुलतला (उत्तर की ओर और दक्षिण की ओर) स्टेशन। कुल संपत्ति: विज्ञापन: 06 संपत्तियाँ। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-109/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बारिश से कई नदियां उफान पर

## लोगों में दहशत प्रशासन चौकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** राज्यभर में लगातार हो रही बारिश के कारण यहां की नदियां उफान पर हैं। राज्य की प्रमुख नदियों और यहां की जीवन रेखा दामोदर बारिश के कारण पूरे उफान पर है। इसी प्रकार से बराकर नदी का भी यही हाल है। इसके अलावा अन्य सहायक छोटी नदियां जमुनिया, गोबई, इरजी और खुदिया भी लबालब भरी हुई हैं।

ऐसे में इन नदियों के कारण पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने कुछ इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है। फिलहाल यह कदम सुरक्षा के दृष्टिकोण से उठाया गया है।

नदियों के जलस्तर में हुई भारी वृद्धि के कारण धनबाद के दोनों डैम में भी काफी पानी भरा हुआ है। दामोदर और बराकर नदी पर डैम बने हुए हैं।



बराकर नदी पर मैथन डैम और दामोदर नदी पर पंचेत डैम है। इनकी सुरक्षा को देखते हुए डीवसी प्रबंधन की ओर से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

इन दोनों जगहों से बीते एक सप्ताह के दौरान 4.78 लाख एकड़ फीट पानी छोड़ा जा चुका है। यह सिलसिला अब भी जारी है। वहीं, बारिश के कारण तेनुघाट और कोनार डैम में भी पानी के बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए लगातार पानी छोड़ा गया है।

ऐसे में इन दोनों बांधों से आने वाला पानी पंचेत और मैथन डैम में जमा हो रहा है। वहीं, बारिश के कारण भी इन दोनों डैम में काफी पानी जमा हो चुका है। बुधवार को मैथन डैम से 2691 एकड़ फीट और पंचेत से 71,431 एकड़ फीट पानी छोड़ा गया है।

28 जून को मैथन से अब तक सबसे अधिक 10,539 एकड़ फीट पानी छोड़ा गया था, वहीं पंचेत डैम से मंगलवार को 72,023 एकड़ पानी निकाला गया। इसके अलावा बीते सात दिनों की बात करें तो मैथन से 46,135 एवं पंचेत से 4.31लाख एकड़ फीट पानी रीलिज किया जा चुका है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** चौसा-बक्सर रेलखंड पर गुरुवार की दोपहर चौसा रेलवे स्टेशन के 76बी रेलवे गेट के समीप अप लाइन पर पोल संख्या 671/9 के पास एक 30 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक युवक सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा था। घटना की सूचना पर बक्सर जीआरपी और मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीमा विवाह के चलते शव को उठाने को लेकर दोनों के बीच क्षेत्राधिकार का विवाद शुरू हो गया। दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटते रहे, जिससे मृतक का शव घंटों तक रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा रहा। इस लापरवाही से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना था कि प्रशासन की इस खींचतान ने न केवल शव का अपमान किया, बल्कि मानवता को भी शर्मसार किया। लोगों ने कहा की यह मामला किसी क्षेत्र का हो, सबसे पहले इंसानियत जरूरी है। शव को यूं छोड़ देना दुखद और निंदनीय है।

# ट्रक ने मारी ऑटो में टक्कर, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंडी।** थाना क्षेत्र के मेहंदी बिगहा बाईपास पर एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक नगरनौसा थाना क्षेत्र के खडसरिया गांव निवासी 40 वर्षीय मनोज जमादार है।

वह बिहारशरीफ से अपने 10 वर्षीय भतीजे निरहु कुमार के जोंडिस का इलाज कराकर ऑटो से घर लौट रहे थे। साथ में पूरा परिवार सवार था। जैसे ही ऑटो चंडी थाना क्षेत्र के मेहंदी बिगहा बाईपास के समीप पहुंचा, तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मनोज जमादार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ऑटो में सवार सागर जमादार, कृष्णा जमादार और संतोष जमादार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से चंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है।

सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि फरार ट्रक की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं.सीओएम/पब/पीआरओ/ई-नीलामी/एमएसएस/25** **दिनांक : 03.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** विविध-स्थैतिक-सेवाएँ; **ई-नीलामी सूची क्रम.: एएसएन-एमएसएस-17-07; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 17.07.2025, 12:00 बजे। **क्रम सं.; स्टेशनों/स्थानों का प्रकार एवं नाम** क्रमानुसार : **(1);** आराम कुर्सी की स्थापना एवं संचालन; सूरी रेलवे स्टेशन। **(2);** मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं संचालन; देवघर रेलवे स्टेशन। **(3);** मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं संचालन; दुमका रेलवे स्टेशन। **(4);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; रानीगंज रेलवे स्टेशन। **(5);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; उखरा रेलवे स्टेशन; **(6);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; दुबराजपुर रेलवे स्टेशन। **(7);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; पांडेबेश्वर रेलवे स्टेशन। **(8);** पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना एवं संचालन; बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन। **(9);** पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना एवं संचालन; जसीडीह रेलवे स्टेशन। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-107/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

# सीएम नीतीश कुमार ने किया बापू टावर में नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग स्थित बापू टावर के छठे तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने बापू टावर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल तल पर बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल को भी देखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बापू टावर के भूतल, तीसरे और पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया।



नवनिर्मित बापू टावर के विभिन्न तलों और निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने के लिए कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें और अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बापू टावर बहुत ही भव्य बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय है। बापू टावर में आकर बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी को जानने और समझने में सहूलियत होगी। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव और बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है ताकि आम लोग यहां आकर उसे देख और समझ सकें। इस परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाया गया है। इसको इसी तरह मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भ्रमण पर आये स्कूली बच्चों से भी मिले और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सब बापू टावर को देखिये, यह बहुत अच्छा बना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनी से जुड़े कार्यों और गतिविधियों को देखिये और समझिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात, नए भवन का प्रस्ताव सौंपा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुक्रवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के लिए एक नए भवन के निर्माण संबंधी प्रस्ताव सौंपा गया। यह प्रस्ताव पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन द्वारा मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। प्रस्ताव में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के समीप स्थित खाली भूमि पर नए भवन के निर्माण का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में सकारात्मक रुख दिखाते हुए अपने अधिकारियों को भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्षद अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद को आधुनिक और कार्यक्रम भवन मिलने से धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक संगठित रूप से संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने इस पुण्य कार्य में सहयोग देने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोटिशः आभार प्रकट किया। इस निर्णय से धार्मिक न्यास पर्षद की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी और राज्य में धार्मिक स्थलों के प्रबंधन व विकास की दिशा में एक नई शुरूआत मानी जा रही है।

# चुनाव आयोग भाजपा की संस्था बन चुकी है : लालू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करने के लिए शुक्रवार को पटना होटल मौर्या राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद, विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए। लालू प्रसाद यादव ने सभी सदस्यों को पार्टी के लिए पूरी मजबूती से काम करने का निर्देश दिया। बैठक में राजनीतिक, विदेशी, सामाजिक और आर्थिक प्रस्ताव पेश किए गए। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पास किया गया। इन प्रस्तावों को शनिवार को होने वाले खुले अधिवेशन में भी लाया जाएगा जहां सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें स्वीकार किया जाएगा। इस दौरान मतदाता सूची संशोधन मुद्दे



को लेकर लालू यादव ने कहा कि बिहार आंदोलन की भूमि है और किसी भी हालत में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की संस्था बन चुकी है जो लोगों के नाम काटना चाहती है। हम किसी भी हालत में चुनाव आयोग के इस काम को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय करने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। तेजस्वी ने पहले ही हर बूथ पर कम से कम दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। लालू प्रसाद यादव ने भी नेताओं से एकजुट होकर जनता के मुद्दों, जैसे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बिजली राहत को उठाने को कहा। वहीं राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि यह बैठक चुनावी साल में पार्टी की दिशा तय करने के लिए बुलाई गई है। आज और कल राष्ट्रीय परिषद के साथ खुले अधिवेशन में लालू और तेजस्वी अपने नेताओं को मार्गदर्शन देंगे। इस बैठक में बिहार चुनाव की रणनीति को लेकर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही पार्टी को बूथ स्तर पर कैसे मजबूत किया जाए। इसको लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में तेजस्वी यादव को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। राजद विधायक डॉ. मुकेश रौशन ने कहा कि आज और कल की बैठक पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण केन्द्र सरकार का तुगलकी फरमान : कृष्णा अल्लावरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग के द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष आयोग पर लगातार हमलावर बना हुआ है। इसी कड़ी में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा है। सदाकत आश्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें चुनाव आयोग से थोड़ी बहुत उम्मीदें बची थीं, लेकिन कल के बाद वो भी खत्म हो गई है। अल्लावरु ने सीधे केन्द्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार तुगलकी फरमानों की सरकार है। इन्होंने कई तुगलकी फरमान जारी किए हैं- नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, जब हमारी सेना पाकिस्तान पर भारी पड़ रही थी, तब सीजफायर और अब 'वोट बंदी'। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है, यह सीधे-सीधे तुगलकी फरमान है। अल्लावरु ने कहा कि चुनाव आयोग के इस फैसले से बिहार के करोड़ों मतदताओं का मतदान अधिकार छिन सकता है। करोड़ों मतदाताओं के पास उस प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं हैं जिसे वे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पेश कर खुद की नागरिकता का प्रमाण दे सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जिस तरह से 25 दिन में पूरी चुनावी प्रक्रिया को कर रहा है, उससे करोड़ों लोगों का मतदान अधिकार छिन जाएगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को फिर आयेंगे बिहार

## मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इस बार वह पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों ही स्तर पर हलचल तेज हो गई है। इसी सिलसिले में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को मोतिहारी गए। दरअसल विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर पीएम मोदी का विशेष ध्यान है। यही वजह है कि इस चुनावी साल में प्रधानमंत्री लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी के संभावित आगमन की सूचना से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी अपने इस दौरे में महिलाओं के लिए भी कोई बड़ी योजना या पैकेज घोषित कर सकते हैं। वहीं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना विकास कार्यों का शिलान्यास भी संभावित है। पीएम मोदी के संबोधन में चंपारण के ऐतिहासिक महत्व, विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर विशेष जोर रहेगा। माना जा रहा है कि यह दौरा चुनावी दृष्टिकोण से काफी अहम होगा जिससे भाजपा की तैयारियों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई है। सुरक्षा, यातायात और सभा स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर गहन मंथन चल रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चंपारण महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन की भूमि रही है और प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले भी कई बार इसके ऐतिहासिक महत्व को अपने संबोधनों में रेखांकित कर चुके हैं। ऐसे में उनका यह दौरा न सिर्फ राजनीतिक, बल्कि भावनात्मक रूप से भी लोगों से जुड़ने का माध्यम माना जा रहा है। जनसभा में लाखों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। जनसभा के सफल आयोजन के लिए हर स्तर पर तैयारियां शुरू हो गईं हैं।

# असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने खटखटाया महागठबंधन का दरवाजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन इस बार अकेले दम पर बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने से डर रही है। यही वजह है कि एआईएमआईएम ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई है। इसी सिलसिले में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी को एक खुला पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि पार्टी को महागठबंधन में शामिल किया जाए। अख्तरुल ईमान ने अपने पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा है कि अगर राज्य में धर्मनिरपेक्ष मतों का बिखराव रोका जाना है तो एआईएमआईएम को महागठबंधन का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह तर्क दिया कि यदि विपक्षी वोटों का बंटवारा जारी रहा तो इसका सीधा लाभ सांप्रदायिक ताकतों को मिलेगा, जिसे आने वाले विधानसभा चुनाव में हर हाल में रोका जाना चाहिए। ईमान ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इससे पहले 2020 के विधानसभा चुनाव और हालिया 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भी एआईएमआईएम ने महागठबंधन का हिस्सा बनने की कोशिश की थी।

# एकेडमिक व्यवस्था को मजबूत बनाना ही हमारी प्राथमिकता : प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को प्रभार ग्रहण किया। प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो व कुलसचिव प्रो. एनके झा ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि एकेडमिक व्यवस्था को सुचारू बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा व परिणाम व्यवस्था की समीक्षा कर उसे दुरुस्त बनाया जाएगा। शिक्षक छात्र व कर्मचारियों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उसे दूर करने



की कोशिश होगी। इसके लिए जल्द ही विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक भी बुलाई गई है। उनसे समस्या के साथ-साथ सुझाव लिया जाएगा। इस आधार पर बेहतर व्यवस्था बनाने की कवायद होगी। कुलपति के साथ उनकी पत्नी मीना कुमारी भी मौजूद थी। बाद में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी लोगों को समय पर आना होगा। विलंब से आने की प्रवृति नहीं चलेगी। साथ ही कहा कि तीन दिन से ज्यादा कोई भी फाइल किसी टेबुल पर रुकना नहीं चाहिए। अगर फाइल को अकारण रोका गया तो जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई होगी। प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि विवि के क्लास रूम को स्मार्ट बनाया जाएगा। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए स्वयं पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्मार्ट कक्षाओं का संचालन होगा। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार, प्राक्टर प्रो. मनोज कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज डॉ कृष्णनंदन प्रसाद, प्रो अबू बकर रिजवी, कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य प्रो इंद्रजीत राय, अरविंद महिला कॉलेज साधना ठाकुर, गंगा देवी की रिमझिम शील, जेडी विमेंस की मीरा कुमारी सहित कई कॉलेजों के प्राचार्य सहित हजारों लोग बधाई देने के लिए पहुंचे।

# रबी फसलों के लिए 2.30 लाख क्विंटल रॉ बीज का संग्रहण : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य बीज निगम द्वारा बसंतीय (रबी) वर्ष 2024-25 में निगम के निबंधित बीज उत्पादक किसानों, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों एवं प्रमाणित गेहूं बीज उत्पादन योजना के अंतर्गत कुल 2,30,816 क्विंटल रॉ बीज का संग्रहण किया गया है। यह संग्रहण राज्य के किसानों को बेहतर बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि शारदीय (खरीफ) मौसम की फसलों जैसे धान, संकर धान, संकर मक्का, अरहर, सोयाबीन, अरण्डी आदि फसलों के बीज की आपूर्ति एवं वितरण सभी जिलों में सक्रिय रूप से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए जिससे खेती की शुरुआत समय पर और सुचारु रूप से हो सके। श्री सिन्हा ने आगे बताया कि बसंतीय (रबी) फसलों के लिए संग्रहित रॉ बीज के प्रसंस्करण कार्य की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष राज्य के 8 जिलों में अधिष्ठापित मिनी प्लांट्स पर भी बीज प्रसंस्करण का कार्य किया जाएगा।

# बिहार में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। खासकर महिलाओं को लुभाने के लिए कांग्रेस ने बड़ी घोषणा की है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी बिहार में पांच लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इन सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की तस्वीर, 'नारी न्याय' का नारा और 'माई बहिन मान योजना' का जिक्र होगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शुक्रवार को सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। इसमें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी मौजूद थे। दरअसल, प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक बुलाई थी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ रणनीति साझा की। वही अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए जाएंगे। इन सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर और 'नारी न्याय, महिला सम्मान' का स्लोगन छपा है। उन्होंने बिहार के सभी जिलाध्यक्षों को इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। राजेश राम ने इस योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर है। साथ ही कांग्रेस की माई बहिन मान योजना का भी प्रचार है जिसमें महिलाओं को 2500 रुपए महीना मिलेगा। सैनेटरी पैड के पैकेट पर इस योजना का पूरा विवरण है। उन्होंने कहा कि 'माई बहिन मान योजना' के तहत हम घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सेनेटरी पैड बांटने का अभियान शुरू किया है। राजेश राम ने कहा कि महिला कांग्रेस की ओर से सेनेटरी पैड अभियान को और विस्तार देने की योजना है जिसमें भविष्य में और अधिक महिलाओं को शामिल किया जा सकता है।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता हो रहे हैं जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बिजली इस्तेमाल करने का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है। राज्य की वितरण कंपनियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से कई घरों और छोटे व्यवसायों को रोजमर्रा में इसका सीधा फायदा मिल रहा है। अब लोग जितनी बिजली खर्च कर रहे हैं उसे ठीक से नाप पा रहे हैं और भुगतान की प्रक्रिया भी आसान हो गई है। पटना के पटेल नगर में कपड़ों की दुकान चलाने वाले अविनाश कुमार कहते हैं कि उनके दुकान में लगा स्मार्ट मीटर सब कुछ आसान बना रहा है। वे बताते हैं अब मैं देख सकता हूं कि कितनी बिजली खर्च हुई, कितना पैसा कटा और कब कटा। बिल देखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है, सब कुछ यहीं सामने है। समस्तीपुर के रहने वाले अमित कुमार ने भी कुछ ऐसा ही अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले मुझे जानकारी के लिए इंतजार करना पड़ता था और मेरे पास ज्यादा कंट्रोल नहीं था, लेकिन अब सारी जानकारी पहले से मिल जाती है, कितना खर्च करना है, क्या बचाना है। पटना की रहने वाली डॉ. रेनू बाला जो साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तहत स्मार्ट मीटर लगाने वालों में सबसे पहले शामिल हुई थीं, समय पर अपडेट मिलने और भुगतान में आसानी को सबसे बड़ी सुविधा मानती हैं।

# गर्भवती महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर : मंगल पांडेय

## अब महीने में 2 की जगह 3 दिन होगा पीएमएसएमए दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में प्रसव कक्ष की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सेज की उपलब्धता एवं उनके क्षमतावर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत संभावित जोखिम एवं जटिल प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा



रहा है। इसी क्रम में अब हर महीने तीन दिन यानी 9, 15 और 21 तारीख को पीएमएसएमए दिवस आयोजित किया जाएगा। अभी तक महीने में दो दिन यानी 9 एवं 21 तारीख को पीएमएसएमए दिवस आयोजित किया जा रहा था। इस पहल से प्रसव के दौरान अधिक से अधिक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम से उन्हें सुरक्षित रखने में सफलता मिलेगी। श्री पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर लगभग 9 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं शामिल हुई थीं। इसे ध्यान में रखते हुए अब महीने में तीन बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस आयोजित करने का फैसला लिया गया है। ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला को समय और सावधानी के साथ उचित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा मिल सके। इससे न केवल जांच का स्तर सुधरेगा, बल्कि समय पर उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान कर जरूरी चिकित्सा सुविधा भी मुहैया कराई जा सकेगी।

# इनरह्वील क्लब पाटलिपुत्रा की नई कमिटी गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। साथ ही समाजसेवा के विभिन्न कार्यों से अपने कार्यकाल की प्रेरणादायक शुरुआत की। नई कमेटी में सितु गांधी अध्यक्ष, अपर्णा भारती को उपाध्यक्ष, निलांजना भट्टाचार्य सेक्रेटरी, रुचिका अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सुधा बिदसरिया आई.एस.ओ और रेखा सिंह को संपादक बनाया गया है। कार्य की शुरुआत गुरुद्वारा में अरदास के साथ हुई। इसके बाद वहां सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का




उद्घाटन कर महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक अहम कदम उठाया गया। डॉक्टर्स डे पर रेडक्रॉस सोसाइटी में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरएन सिंह सहित डॉ. बीबी सिन्हा, डॉ. सरिता सहाय, डॉ. निमिशा और डॉ. मंजु अग्रवाल समेत अन्य डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर फ्री डेंटल चेकअप और डेंटल किट वितरण के साथ-साथ पौधारोपण भी किया गया जिससे पर्यावरण जागरूकता का संदेश भी दिया गया। सीए डे के मौके पर क्लब ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट सुबोध गोयल को उनके कार्यालय में सम्मानित कर प्रोफेशनल्स के योगदान को सराहा। इसके अतिरिक्त मां ब्लड सेंटर में ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन हुआ।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र अद्विका ने रक्तदान, पौधरोपण व स्वास्थ्य शिविर से की नए सत्र की शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र अद्विका ने नए सत्र की शुरुआत समाजसेवा के पुनीत कार्यों के साथ की। क्लब की अध्यक्ष बबिता बीदासरिया के नेतृत्व में यह सत्र मां वैष्णो देवी संस्थान में आयोजित रक्तदान शिविर से प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे दानापुर स्थित उसरी ग्राम में एक तालाब को गोद लेने की पहल के साथ पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उसी गांव में ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। उसमें निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति आभार जताया गया। इस पुनीत कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी वीणा जैन ने किया।

# प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्षों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जिलाध्यक्षों एवं केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और ऐसे में हम सबको एकजुट होकर पूरी मजबूती से जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों के अनुरूप बेहतर कार्य करना है। इस बैठक के उपरांत हमें क्षेत्र में वोटर पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग के द्वारा जारी निर्देशों में अपने पार्टी के समर्थकों और मतदाताओं का अधिक से अधिक पंजीकरण और सत्यापन



सुनिश्चित करना है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि पार्टी द्वारा चिन्हित मजबूत सीटों पर हमें बेहतर चुनाव रणनीति और प्रबंधन के तहत काम करना है। जनता की समस्याओं को मजबूती से विस्तृत फलक पर रखना है और उनका निदान करना है। साथ ही उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मतदाता पुनरीक्षण की व्यापक जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। बैठक को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संबोधित करते हुए कहा कि वोटर पुनरीक्षण के नाम पर युवाओं, रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर लोगों, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और बाढ़ ग्रस्त जनता को मताधिकार से रोकने की चुनाव आयोग की जो कवायद चल रही है उसको प्रत्येक जिले में न्यूनतम करने के लिए सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को कमर कस कर लड़ना होगा।

## संपादकीय

# 500 अरब डॉलर ट्रेड टारगेट से पहले बड़ा पेच?

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता वार्ता महत्त्वपूर्ण चरण में है। दोनों पक्ष इस समझौते के अंतरिम प्रारूप को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। कई मसलों पर द्विपक्षीय सहमति बन गई है, लेकिन कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर पेच फंसता नजर आ रहा है। अमेरिकी शुल्क नौ जुलाई से लागू हो जाने की संभावना के बावजूद भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है।इस सिलसिले में वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव की अगुवाई में वाशिंगटन गए भारतीय दल ने इसके साफ संकेत दिए हैं। हालांकि, भारत चाहता है कि यह व्यापार समझौता जल्द से जल्द हो, लेकिन किसी दबाव में देश के हित की कीमत पर नहीं। इसमें दोराय नहीं कि अगर यह व्यापार समझौता सिरे चढ़ता है तो इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मगर, इसके लिए दोनों पक्षों को परस्पर हितों का सम्मान करना होगा, जो अमेरिकी पक्ष की ओर से फिलहाल कुछ मुद्दों पर नजर नहीं आ रहा है।दरअसल, अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में व्यापक पहुंच और शुल्क छूट की मांग कर रहा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार तनाव के कारण अमेरिका अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में निर्यात करना चाहता है। लेकिन भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारत में करोड़ों किसान अपनी आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनकी जोत का आकार काफी छोटा है।भारत इन क्षेत्रों को लेकर संतुलित समझौते की मांग कर रहा है, ताकि ग्रामीण रोजगार और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे सुरक्षित रह सकें। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) की एक रपट में भी भारत की इन चिंताओं का समर्थन कर इन्हें तथ्यों पर आधारित माना गया है। रपट के मुताबिक, अमेरिका को कृषि और डेयरी क्षेत्रों में व्यापक पहुंच उपलब्ध कराने से भारत में कृषि पर निर्भर करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी।अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए इस चरण की वार्ता को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका की ओर से लगाया गया 26 फीसद अतिरिक्त शुल्क नौ जुलाई के बाद लागू हो सकता है। अमेरिका ने इस साल दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे नब्बे दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का दस फीसद मूल शुल्क अभी भी लागू है।भारत अतिरिक्त 26 फीसद शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। यहां गौर करने वाली बात है कि भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। ऐसे में अमेरिका को भारत की चिंताओं को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा। अमेरिका डेयरी और कृषि क्षेत्र के अलावा मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क में भी रियायत चाहता है।वहीं, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डालर से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 500 अरब डालर तक पहुंचाना है।

**किसी भी निर्माण की डिजाइन और प्लानिंग की स्वीकृति के साथ ही प्रशासकीय अनुमोदन शासन स्तर से दिया जाता है. किसी भी निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग सबसे महत्वपूर्ण पक्ष होता है. जब निर्माण में गड़बड़ी के लिए इंजीनियर ही जिम्मेदार हैं, तो फिर शेष पूरे विभाग की क्या जवाबदेही है. प्रशासनिक अक्षमता, गफ़लत और लापरवाही का इस आरओबी से बड़ा दूसरा स्मारक नहीं हो सकता. यह तो मीडिया में उछल गया है. डिजाइन और प्लानिंग की गफलत के कारण ना मालूम कितने निर्माण कार्य अपनी पूरी उपयोगिता साबित नहीं कर पाते. जो लक्ष्य लेकर योजनाएं बनती हैं, खासकर निर्माण विभागों में वह कभी भी पूरी नहीं होतीं।**

# मॉनिटरिंग क्यों बन गया मनीटरिंग?

(सरयूसुत मिश्रा)

पीडब्ल्यूडी द्वारा राजधानी में बनाए गए नब्बे डिग्री आरओबी ने मध्य प्रदेश की प्रशासनिक छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है. इसने वैसा ही काम किया है, जैसा व्यापम के समय प्रदेश को बदनामी मिली थी..!

इसे उद्घाटन से फिलहाल रोक दिया गया है. सुधार के बाद ही यह ओवर ब्रिज चालू हो सकेगा. जब प्रदेश की इतनी बदनामी हुई तो दोषियों के खिलाफ़ एक्शन भी होना ही था. आरओबी की डिजाइनऔर प्लानिंग में शामिल इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है. कुछ रिटायर्ड इंजीनियरों के खिलाफ़ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं. इस मामले में जिस तरह से केवल इंजीनियरों को ही जवाबदेह ठहराया गया है, उससे तो ऐसा लगता है, कि पूरा पीडब्ल्यूडी विभाग केवल इंजीनियरों द्वारा ही चलाया जाता है. फिर मंत्रालय का इतना बड़ा अमला कौन सा काम करता है।




किसी भी निर्माण की डिजाइन और प्लानिंग की स्वीकृति के साथ ही प्रशासकीय अनुमोदन शासन स्तर से दिया जाता है. किसी भी निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग सबसे महत्वपूर्ण पक्ष होता है. जब निर्माण में गड़बड़ी के लिए इंजीनियर ही जिम्मेदार हैं, तो फिर शेष पूरे विभाग की क्या जवाबदेही है. प्रशासनिक अक्षमता, गफ़लत और लापरवाही का इस आरओबी से बड़ा दूसरा स्मारक नहीं हो सकता. यह तो मीडिया में उछल गया है. डिजाइन और प्लानिंग की गफलत के कारण ना मालूम कितने निर्माण कार्य अपनी पूरी उपयोगिता साबित नहीं कर पाते. जो लक्ष्य लेकर योजनाएं बनती हैं, खासकर निर्माण विभागों में वह कभी भी पूरी नहीं होतीं।

जितने भी सिंचाई प्रोजेक्टपूर्ण किए गए हैं, उनकी सिंचाई क्षमता प्रोजेक्टेड क्षमता से कम ही होती है. टेल एंड तक कभी भी सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती. चाहे पावर हाउस का मामला हो या कोई दूसरे निर्माण हों. सभी मामलों में कमोवेश ऐसा ही होता है. यह तो सिस्टम का लगभग स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बन गया है, कि कोई भी निर्माण कार्य ऐस्टीमेटेड लागत और निर्धारित समय में पूरा नहीं होता. परियोजनाओं की लागत बढ़ जाती है।

भोपाल मेट्रो का मामला हमारे सामने है. निर्धारित समय में प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है और इसकी लागत बेतहाशा बढ़ रही है. यह प्रवृत्ति सिस्टम की एसओपी बन गई है, जब भी कोई निर्माण की दुर्घटना और अक्षमता उजागर होती है, तो तात्कालिक रूप से कुछ जिम्मेदार या गैर जिम्मेदार लोगों को निलंबित कर दंडित करने का प्रचार किया जाता है. निलंबन तो कोई सजा होती नहीं है. धीरे-धीरे जैसे मीडिया से ऐसे मामले ओझल हो जाते हैं, फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर चलने लगता है।

शासन में कार्य संचालन के लिए विभिन्न स्तर पर अधिकार और कर्तव्य निर्धारित हैं. बेहतर रिजल्ट के लिए मॉनिटरिंग सबसे ज्यादा जरूरी है और और यही सबसे ज्यादा निग्लेक्टेड या मैनिपुलेटेड है. ऐसे मामलों में मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी वाले स्तर के अधिकारियों को खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

शासन में ट्रेनिंग एक सतत प्रक्रिया होती थी, जो अब लगभग समाप्त सी हो गई है. परफॉर्मेंस को पुरस्कृत करने की प्रवृत्ति भी बेहतर परफॉर्मेंस की प्रेरणा देती है, लेकिन हालत तो ऐसे हो गए हैं, कि सरकारों में सालों तक पदोन्नतियां नहीं मिलतीं. जो कर्मचारी का मौलिक अधिकार है. पदोन्नति में आरक्षण की राजनीति और परफॉर्मेंस के आंकलन में कोई तालमेल ही नहीं होता।

कोई ऐसा साल नहीं जाता जब कोई डैम क्षतिग्रस्त नहीं होता. अब तो हालात यहां तक पहुंच गए हैं, कि हाईवे पर जाम के लिए लोगों के घर से निकलने को ही दोषी ठहरा दिया जाता है. ऐसी असामान्य घटनाएं और प्रवृतियां सिस्टम में देखने को मिल रही हैं, जो व्यवस्था में गिरावट का संकेत करती हैं।

आरओबी पब्लिक के सामने है, इसलिए नब्बे डिग्री की प्रशासनिक और तकनीकी अक्षमता उजागर हो गई है. अगर इसको छुपाने की कोई भी संभावना होती तो फिर यह पब्लिक के सामने आता ही नहीं. ऐसी ना मालूम कितनी अक्षमताएं और लापरवाही हैं, जो सिस्टम की फाइलों में कैद रहती हैं. इनको करने वाले पूरी शानो शौकत के साथ अपना कार्यकाल बिताकर विदा हो जाते हैं. फाइलों में अगर तलाशा जाएगा, तो नब्बे डिग्री नहीं 190 डिग्री तक की लापरवाही और अक्षमता मिल सकती है।

हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदिवासियों के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचते हैं, अभ्यारण में रहने वाले आदिवासियों के घरों को उजाड़ने से नाराज़ होकर मुख्यमंत्री को घटनाक्रम बताते हैं. तत्काल सीहोर डीएफओ का ट्रांसफर कर दिया जाता है. डीएफओ भी एक आदिवासी हैं।

समाचारों में ट्रांसफर्ड डीएफओ कहते हैं, कि सिवनी सेंचुरी देवास जिले में आती है. अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई देवास वन मंडल की है. सीहोर वन मंडल का इससे कोई ताल्लुक नहीं है. इसे कौन सी डिग्री का प्रशासन कहा जाएगा. जो जिम्मेदार नहीं है उसे हटा दिया गया और जो जिम्मेदार है उसे बचा लिया है. सीहोर जिले में जो अभ्यारण प्रस्तावित है, जिसको फिलहाल स्थगित कर दिया गया है, वह प्रक्रिया 2019 में प्रारंभ हुई थी।

कमलनाथ की सरकार के बाद शिवराज सिंह चौहान स्वयं मुख्यमंत्री रहे. अगर यह अभ्यारण आदिवासियों के हितों के इतना खिलाफ़ था तो उसको उसी दौर में क्यों नहीं नामंजूर कर दिया गया. अभी भी इसे नामंजूर नहीं किया गया है, केवल स्थगित किया गया है।

आदिवासियों के घर उजाड़ने का मामला लगभग हर साल सामने आता है. बारिश में उजाड़ना तो अमानवीयता की पराकाष्ठा है. जब अभ्यारण्य या वनों से कब्जा हटाने के प्लान को डिजाइन किया जाता है, तो क्या नियम कानून और मानवीयता को ध्यान में नहीं रखा जाता. अगर अभ्यारण्य बनाया जाएगा तो फिर उसमें रहने वाले आदिवासियों को हटाना ही पड़ेगा. इसलिए योजना बनाते समय आदिवासियों के पुनर्वसाहट के लिए उन्हें विश्वास में लेकर कार्यक्रम क्यों नहीं बनाए जाते. कुपोषण का अभिशाप अभी भी व्याप्त है. अरबों रुपए खर्च कर भी कुपोषण मुक्त समाज हम नहीं बना पा रहे हैं. यह सब नब्बे डिग्री जैसे ही लापरवाही और अक्षमता का नमूना है।

सुशासन और प्रशासनिक सुधार नीचे से नहीं ऊपर से शुरू होता है. मॉनिटरिंग मनीटरिंग क्यों बन गया, इस पर नजर नीचे से नहीं ऊपर से डालनी पड़ेगी। गलतियां स्वाभाविक हैं, लेकिन उनकी पुनरावृत्ति अपराध है. अगर यह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बन जाए और ऐसी किसी दुर्घटना के समय ही इस पर नजर जाए तो यह ब्यूरोक्रेटिक कार्यशैली का दोष है. इस दोष का निवारण ज्योतिषी नहीं ब्यूरोक्रेसी ही कर सकती है।

# 'सेक्युलर' शब्द पर मंथन – क्या संविधान की आत्मा से भटक गया है भारत?

(अभिषेक सिंह)

भारत विविधताओं का देश है, यहाँ धर्म, भाषा, जाति, संस्कृति, सभी में अद्भुत विविधता है और इस विविधता में एकता को बनाए रखने का हमारा अपना अनूठा तरीका है। इसी अनूठे सामाजिक ताने-बाने के कारण 'धर्मनिरपेक्षता' को भारतीय लोकतंत्र के एक मूलभूत स्तंभ के रूप में देखा गया। लेकिन दुर्भाग्यवश, भारतीय राजनीति में इस सिद्धांत का बार-बार दुरुपयोग हुआ। कई राजनीतिक दलों ने 'धर्मनिरपेक्षता' की आड़ में तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया, जिसका परिणाम समाज में आपसी अविश्वास, टकराव और गहरी खाइयों के रूप में सामने आया। धर्मनिरपेक्षता का यह विकृत रूप आज पुनर्विचार की मांग कर रहा है।

जब 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ, तब उसकी प्रस्तावना में 'सेक्युलर' शब्द नहीं था। संविधान निर्माताओं ने सोच-समझकर विशेष रूप से इस शब्द को इस लिए नहीं जोड़ा कि संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक पहले से ही धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा-पद्धति और धार्मिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की गारंटी दी गयी है। भारत की आत्मा पहले से ही धर्मनिरपेक्ष थी, उसमें किसी शब्द विशेष के जोड़ने की आवश्यकता नहीं महसूस हुई।

यह भी स्मरणीय है कि संविधान की मूल हस्तलिखित प्रति, जो अत्यंत कलात्मक शैली में तैयार की गई थी, उसमें भारत की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक परंपराओं के प्रतीक रूप में राम दरबार, महाभारत, गीता, नटराज, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, और गुरु नानक की चित्रांकन सहित अनेक धार्मिक प्रतीकों को प्रमुख स्थान दिया गया था। यह स्पष्ट दर्शाता है कि संविधान निर्माताओं की दृष्टि में धर्म और संस्कृति भारतीय जीवन का अभिन्न अंग थे। लेकिन 1976 में आपातकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द को प्रस्तावना में जोड़ दिया, यह भी बिना किसी जन चर्चा या संसद में खुली बहस के किया गया। तत्कालीन समय में यह एक राजनीतिक निर्णय था, न कि कोई संवैधानिक आवश्यकता।

'सेक्युलर' शब्द को लेकर सबसे बड़ा भ्रम यह है कि इसका अर्थ होता है, राज्य और धर्म के बीच पूरी तरह से दूरी। यह अवधारणा पश्चिमी देशों में विकसित हुई, जहां चर्च और सरकार के टकराव से धर्मनिरपेक्षता की आवश्यकता पड़ी जबकि भारत में धर्म का अर्थ केवल 'मजहब' नहीं है, हमारे समाज और देश में यह एक नैतिक जीवनशैली, कर्तव्यबोध और सामाजिक संतुलन का प्रतीक है। हमारे यहाँ धर्म जीवन की दिशा है, न कि केवल पूजा की विधि। इसलिए पाश्चात्य मॉडल को भारत पर थोपना न तो तब तार्किक था न ही आज व्यावहारिक है।

भारत के इतिहास में धर्म और राज्य कभी टकराए नहीं। चाहे चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य का युग हो, सम्राट अशोक का शासन हो या अकबर का 'सुलह-ए-कुल', शासन और धर्म ने मिलकर समाज को दिशा दी है। यह परंपरा हमारे संविधान की आत्मा में भी झलकती है। ऐसे में जब राज्य को धर्म से पूरी तरह अलग करने की बात की जाती है, तो वह भारतीय परंपरा से मेल नहीं खाती। भारत का वास्तविक सेक्युलरिज़्म 'सर्व धर्म समभाव' पर आधारित रहा है, जिसमें सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखा जाता है, न कि धर्म से दूरी बनाकर।

'सेक्युलर' शब्द का प्रस्तावना में जोड़ा जाना एक राजनीतिक चाल बनकर रह गया है। आज यह शब्द वोटबैंक की राजनीति और तुष्टिकरण का प्रतीक बन गया है। इसका व्यवहारिक उपयोग बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को दबाने और अल्पसंख्यकों को विशेष सुविधा देने के रूप में हुआ है। परिणामस्वरूप, समाज में विश्वास की खाई और अधिक गहराती जा रही है। यही कारण है कि लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह शब्द वास्तव में हमारे लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है या केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का माध्यम बन गया है।

यह समझना जरूरी है कि अगर 'सेक्युलर' शब्द को प्रस्तावना से हटा भी दिया जाए, तब भी भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष बना रहेगा। अनुच्छेद 25 से 28 हर नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता, आस्था, उपासना और प्रचार का अधिकार देते हैं। जब ये मौलिक अधिकार सुरक्षित हैं, तो केवल एक शब्द को लेकर इतना राजनीतिक हंगामा क्यों? दरअसल, यह बहस शब्दों की नहीं, विचारधारा के इस्तेमाल की है।

'सेक्युलर' शब्द हटाने की मांग का यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि कोई धर्म विशेष को प्राथमिकता दी जाएगी या धार्मिक स्वतंत्रता खत्म कर दी जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि संविधान को उसकी मूल आत्मा में लौटाना। संविधान ने कभी धर्म का विरोध नहीं किया, केवल यह कहा कि राज्य किसी धर्म के पक्ष में पक्षपात नहीं करेगा। यही भावना बिना 'सेक्युलर' शब्द के भी संविधान में शुरू से मौजूद रही है।

संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' शब्द को जोड़ना न केवल ऐतिहासिक रूप से असंगत रहा, बल्कि व्यवहारिक रूप से भी विवाद और विभाजन का कारण बना है। जब संविधान की मूल भावना धर्मनिरपेक्षता को पहले से ही सुनिश्चित करती है, तब एक राजनैतिक रूप से थोपे गए शब्द को ढोते रहना उचित नहीं। संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' शब्द को हटाने का सुझाव संविधान की मूल आत्मा की ओर लौटने की एक कोशिश है, एक ऐसी आत्मा जो भारतीय परंपरा, सहिष्णुता, समरसता और सद्भाव पर आधारित है। इसलिए यह विषय केवल वैचारिक बहस तक सीमित न रहकर संसद में व्यापक चर्चा और सर्वदलीय सहमति के साथ गहराई से पुनर्विचार के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि संविधान की आत्मा को पुनर्स्थापित किया जा सके। (लेखक (राजनीतिक विश्लेषक) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## 30 साल में खत्म हो सकते हैं हिमखंड, स्विट्जरलैंड, अमेरिका व कनाडा में तेजी से खत्म हो रहे हैं ग्लेशियर

(शिव शुक्ला)

एक शोध में पता चला है कि 21वीं सदी के पहले दशक की तुलना में 2010 से 2019 के बीच ग्लेशियरों का पिघलना दोगुना हो गया। शोध दिखाता है कि उसके बाद के वर्षों में, ग्लेशियरों का पिघलना खतरनाक रफ्तार से जारी रहा।

पश्चिमी कनाडा, अमेरिका और स्विट्जरलैंड के ग्लेशियर बेहद तेज़ी से पिघल रहे हैं। 2021 से 2024 के बीच इन तीन देशों में कुल ग्लेशियर बर्फ का 12 फीसदी हिस्सा खत्म हो चुका है। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि यही रफ्तार रही, तो जिन ग्लेशियरों के बारे में हम सोचते हैं कि वे 50 वर्षों तक रहेंगे, वे महज 30 वर्षों में ही इतिहास बन सकते हैं।

नेचर में प्रकाशित ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हुए एक नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने इस चौंकाने वाली सच्चाई से पर्दा उठाया है। इस अध्ययन से पता चला है कि 21वीं सदी के पहले दशक की तुलना में 2010 से 2019 के बीच ग्लेशियरों का पिघलना दोगुना हो गया। शोध दिखाता है कि उसके बाद के वर्षों में, ग्लेशियरों का पिघलना खतरनाक रफ्तार से जारी रहा। ग्लेशियरों के इस बड़े नुकसान के पीछे प्रमुख कारण गर्म और शुष्क मौसम को बताया गया है।

**प्रदूषण भी जिम्मेदार:** सिर्फ मौसम ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय प्रदूषण भी इस त्रासदी का कारक बन रहा है। स्विट्जरलैंड में सहारा रेगिस्तान से आई धूल और अमेरिका-कनाडा में जंगल की आग से फैली राख ने ग्लेशियरों को काला कर दिया। यह काला रंग सूर्य की गर्मी को अधिक सोखता है और पिघलने की प्रक्रिया को तीव्र बना देता है।

**संयुक्त राष्ट्र ने किया 2025 को विश्व ग्लेशियर संरक्षण वर्ष घोषित:** ग्लेशियरों के बड़े पैमाने पर नुकसान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष घोषित किया है। यह पहल यूनेस्को, डब्ल्यूएमओ और 35 देशों के 200 से अधिक संगठनों से समर्थित है। इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ग्लेशियर पुरस्कार शुरू किया है। इसके पहला विजेता अमेरिका के वॉशिंगटन में स्थित दक्षिण कैस्केड ग्लेशियर बना है।

**मध्य यूरोप के लगभग 40 प्रतिशत ग्लेशियर गुम...:** महासागरों के गर्म होने के बाद ग्लेशियर पिघलना समुद्र के वैश्विक बढ़ते स्तर की दूसरी सबसे बड़ी वजह है। 2000 से 2023 के बीच ग्लेशियरों ने अपनी बची हुई बर्फ का पांच फीसदी खो दिया है और मध्य यूरोप के लगभग 40 फीसदी ग्लेशियर गायब हो चुके हैं।

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरे-?द्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त?वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैं- ÷सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत।÷ और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है।

जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है ङ्कऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है।

मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृ?वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, ÷मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूँ।÷ इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल?यावस?था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष?पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।

10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प?लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत?वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है।

एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है।

पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आई एस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15) से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है।

प्रत्येक बच्चा पोषित, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण का हकदार है। हाल के वर्षों में, डिजिटल परिवर्तन ने बाल संरक्षण और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत, मंत्रालय ने केयरिंग्स पोर्टल (बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली) के माध्यम से गोद लेने के इकोसिस?टम को मजबूत किया है। यह डिजिटल इंटरफ़ेस एक अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल गोद लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

डिजिटलीकरण ने बाल देखभाल संस्थानों, पालन-पोषण केंद्रों और जेजे अधिनियम के तहत वैधानिक सहायता संरचनाओं की निगरानी में भी सुधार किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म बाल अधिकारों के उल्लंघन पर सक्रिय रूप से नज़र रख रहे हैं। इस बीच, मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न बाल कल्याण हितधारकों के बीच अभिसरण और समन्वय को मजबूत करता है।

यह नया भारत है - जहाँ शासन प्रौद्योगिकी से मिलता है, और जहाँ नीति उद्देश्य से मिलती है। पिछले दशक में, माननीय प्रधानमंत्री नरे-?द्र मोदी के ओजस?वी नेतृत्व में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने न केवल डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है - बल्कि इसका समर्थन भी किया है।

जैसे-जैसे हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है - बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

**(लेखिका केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोफेसर शर्मिष्ठा घोष नहीं रही

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला महाविद्यालय रांची की सेवा निवृत्त प्रोफेसर एवं अर्थशास्त्र विभाग के एच ओडी डॉ शर्मिष्ठा घोष का निधन हो गया है। वे अपनी लालपुर वाले आवास में अंतिम सांस ली। हरमु मुक्ति धाम में उनकी अंतिम संस्कार किया गया।



उनकी निधन पर बांग्ला भाषा समाज के अनुप कुमार राय, जे० पी०विचार मंच के मुन्ना लाल बर्मा, इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के रांची जिला के अध्यक्ष एस एस राजेश, महासचिव प्रभाकर मिश्रा, विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय मंत्री गणेश जी, प्रोफेसर शुभ्रा, उषा मेहता, प्रोफेसर सिप्रा,जयदीप बनर्जी, डॉ सौरभ चटर्जी, प्रोफेसर रत्ना आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोफेसर शर्मिष्ठा घोष की शिक्षा के क्षेत्र में काफी योगदान रहा है जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वे गरीब छात्र को हमेशा उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता करते थे। उनके लिए शिक्षा ही सब कुछ है।

### माता विंध्यवासिनी पूजा समारोह में पहुंचे सत्येंद्र बहादुर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार के दिन बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के पछियारी मलाही स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर में आयोजित पूजा समारोह पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सत्येंद्र बहादुर पहुंचे।



इस दौरान पूजा अर्चना कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही अपने समर्थकों से मिलते हुए बाढ़ के राजनीतिक परिवेश पर वार्ता की और हर दुख सुख में साथ निभाना का वादा करते हुए कांग्रेस का हाथ आपके साथ का नारा लोगों ने बुलंद किया सत्येंद्र बहादुर ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की सरकार बनते ही माई बहन योजना लागू कर दी जाएगी जिसके लिए जिसके तहत गरीबी रेखा से आने वाली महिलाओं को प्रति महीना ढाई हजार रुपए सरकार की ओर से मिलेगी यह योजना कई राज्यों में चल रही है। सत्येंद्र बहादुर ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच निशुल्क दवा वितरण भी किया जिसको लेने के लिए दर्जनों स्थानीय लोग और महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

### ज्ञानदीप स्कूल पचंबा में इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने चलाया पर्यावरण सुरक्षा अभियान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचंबा स्थित ज्ञानदीप स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को 'आई लव इनरव्हील' प्रिंट वाला कपड़े का थैला वितरित किया गया तथा उन्हें 'प्लास्टिक बैग हटाओ, कपड़े का बैग अपनाओ' की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए वैकल्पिक उपायों को अपनाने पर जोर देना था। बच्चों में उत्साह देखते ही बनता था, जिन्होंने कपड़े के थैलों को अपनाने का वचन लिया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व में लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांस की बनी जाली से उनका घेराव किया गया, जिससे पौधों को पशुओं और बाहरी नुकसान से बचाया जा सके। इस आयोजन को सफल बनाने में क्लब की पीडीसी पूनम सहाय, प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया, आईएसओ दीप्ति सिंहा तथा अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और समाज को हरियाली की दिशा में प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### यातायात जागरूकता अभियान पर परिचर्चा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह में 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' के संकल्प के साथ झारखंड सरकार द्वारा विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर यातायात जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया। इस अभियान में मुख्य रूप से यातायात पुलिस उपाधीक्षक श्री कौशर अली, यातायात इंस्पेक्टर डूगन टोपनो, सहायक इंस्पेक्टर साकेत भारती, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के इंचार्ज अमित कुमार मिश्रा और कृष्णकांत,समन्वयक विक्की कुमार और आरती कुमारी उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल,शबाना रब्बानी, विश्वनाथ घोषाल, बबलू कुमार और कुंदन कुमार उपस्थित थे । मंच का संचालन वरिष्ट शिक्षिका शबाना रब्बानी ने किया। इस मौके पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नियम और संयम यातायात सुरक्षा के प्रमुख बिंदु हैं,सारे नियम को मानते हुए यदि हम संयमित रहकर यातायात करेंगे हमारा जीवन सड़क पर सुरक्षित रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानव जीवन अमूल्य है,इसीलिए हमें अपने जीवन के साथ-साथ सड़क पर दूसरों के भी जीवन को सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है ।

### दो दिवसय क्लर बेल्ट टेस्ट का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसरी बजार के अनुशिल क्लीनिक मे स्थित सोनू वॉरियर मार्शल आट्र्स एकेडमी में किया गया दो दिवसय क्लर बेल्ट टेस्ट का आयोजन। इस कार्यक्रम में भाग लिए हुए सभी प्रतिभागियों का थ्योरी और प्रैक्टिकल का एग्जाम रेंबुकान कराटे दो एसोसिशन ऑफ गिरिडीह के सचिव सोनू कुमार ने लिया।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आई हुई सुनीता बर्नवाल एस.डब्लू.एम.ए.ए की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बरनवाल और उपाध्यक्ष श्री मती डा. लखी गुप्ता ने कार्यक्रम में भाग लिए हुए सभी प्रतिभागियों को बैल्ट प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में भाग लिए हुए प्रतिभागियों के नाम कुछ इस प्रकार से है, आरुषी दीप बैंगनी बेल्ट, अनुशिल नारंगी बेल्ट, अनमोल नारंगी बेल्ट, सौर्य कश्यप नारंगी बेल्ट, सुकृति श्रेष्ठ नारंगी बेल्ट, मैत्री गोयल नारंगी बेल्ट, श्रेया बर्नवाल नारंगी बेल्ट आर्य दीप पीली बैल्ट यादि।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाने एवं अवैद्य खनन एवं परिवहन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक सम्पन्न, दिए दिशा निर्देश

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अंचल अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर आवश्यक रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखी जाए। उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों पर पूर्णतया विराम लगाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ खूँटी एवं तोरपा, एनसीओआरडी के सदस्य, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# मुहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च, शांति का दिया संदेश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था की दृढ़ स्थापना के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक ने धनबाद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का संचालन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, संवेदनशील चौक-चौराहों एवं मुहर्रम जुलूस मार्गों पर किया गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना का संचार करना, असामाजिक तत्वों में विधिक भय स्थापित करना एवं शांति-व्यवस्था के प्रति पुलिस प्रशासन की तत्परता को प्रदर्शित करना था। प्रशासनिक दृष्टिकोण से फ्लैग मार्च एक प्रभावी निवारक उपाय है, जो संभावित विधि-व्यवस्था से संबंधित स्थितियों को पूर्व में ही नियंत्रित करने के लिए सहायक सिद्ध होता है। यह नागरिकों में विश्वास उत्पन्न करता है तथा आपसी समरसता को बल प्रदान करता है। धनबाद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं परंपरागत सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## पचंबा फोर लेन का निर्माण जल्द करना होगा, विभाग संवेदक को करें ब्लैकलिस्टेड : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जेपी,बाबा साहब और नेता जी के मूर्ति पर माले ने किया मालार्पण पचंबा फोरलेन जल्द बने इसको लेकर माले का पद यात्रा निकाली गई,माले के सदस्य झंडा मैदान में एकत्रित हुए इसके बाद,झंडा बैनर और नारे के साथ जेपी चौक पर मालार्पण किया गया,उसके बाद पचंबा की ओर बढ़े लक्ष्य था कल्याणडीह से पहले फॉरेस्ट ऑफिस के पास समाप्त करना, बाद दो चार दिन बाद फिर दूसरे राउंड में कल्याण डीह तक पहुंचेंगे,जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने कहा कि यदि एक महीने के अंदर सड़क नहीं बनाया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा,अभी माले जनता को जागरूकता के लिए एक प्रयास किया जा रहा है,जिला प्रशासन,जनप्रतिनिधि जल्द इस बात का संज्ञान ले,कहा कि सालभर में काम हो जाना चाहिए किन्तु पहले धूलकण को और बाद में अब गड्ढे को झेल रही है जनता यह बर्दास्त की बात नहीं है माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने कहा कि संवेदक को जब रोड नहीं बनाना था तो गड्ढा क्यों किया गया इसका जवाब देना होगा प्रखंड सचिव मसूदन कोल ने कहा कि गिरिडीह में हरेक तरफ यही मामला है जल्द सुधार की जरूरत है। कन्हाई पांडेय, मधुसूदन कोल,भीम कोल, दिलचंद कोल,लखन कोल, महेंद्र तुरी, पवन यादव, मो तबारक, चंद्र देव कोल,रोशन गुप्ता, फरीद अंसारी, भीम नाथ गोस्वामी, संजय यादव, कन्हैया सिंह,रपण गुप्ता, चंदन गुप्ता, कैफी आदि



## सड़क सुरक्षा की बैठक कर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने दिए दिशा-निर्देश

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन, एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान की जाए। झारखंड सरकार के गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 4.50 लाख रुपए का जुर्माना

## 19 वाहनों से परिवहन नियमों की अनदेखी को लेकर वसूला जुर्माना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 एवं राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट एवं चास तथा बालीडीह थाना क्षेत्र पर परिवहन विभाग द्वारा आज चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 19 वाहनों से 4.50 लाख रुपए का जूमार्ना लिया गया। उक्त वाहन जांच अभियान बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 19 वाहन से 4.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 19 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। वहीं, डीटीओ वंदना सेजवलकर ने चास नगर निगम अंतर्गत जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड़, चास चेक पोस्ट सहित अन्य जगहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान कुल 30 वाहनों को फाइन किया गया, जिसका रशीद ऑनलाइन दिया गया।





# स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय, प्रखंड स्तर और पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा है सुदृढ़ प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाए, लोगों की स्वास्थ्य की करें जांच जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है डुमरी प्रखंड अंतर्गत कुसुमाकुरा गांव में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है एवं बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में बताया जा रहा है उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव ने पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। स्थानीय ग्रामीणों को सुगम तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलें, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी की भी लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबकी जवाबदेही तय की जाएगी। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। इसके अलावा उपायुक्त ने सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक उपचार केंद्र, हेल्थ सब सेंटर समेत सभी अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है ताकि आमजनों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानी न हो। साथ सभी अस्पतालों में साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में अस्पतालों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय से भी अवगत कराया जाए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है, जिससे कि आमजनों को स्वास्थ संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी हो और लोग इसका लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने कहा कि कुछ दिन पूर्व स्थानीय मीडिया और एक्स (क्स) से प्राप्त डुमरी प्रखंड के कुसुमाकुरा गांव में डायरिया से जुड़ी मामले सामने आए थे, जिसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन एवं संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए थे। साथ ही साथ सभी संक्रमित मरीजों का बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके आलोक में सभी मरीज का समुचित इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके साथ ही कुसुमाकुरा गांव में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है एवं बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में बताया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित होकर सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।



## 4 काले कृषि कानूनों की तरह मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड भी वापस ले मोदी सरकार : राजेश यादव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 9 जुलाई देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में तैयारी हुई तेज। सदर प्रखंड में चला फॉरवर्ड ब्लॉक का अभियान केंद्र की मोदी सरकार देश के करोड़ों गरीब मजदूरों का अधिकार छीनने में लगी है। उन्हें 8 घंटे काम के अधिकार से लेकर दूसरे अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है। इसलिए जिस तरह 4 काले कृषि कानूनों को वापस लिया गया, वैसे ही मजदूरों के खिलाफ लाए गए 4 लेबर कोड को भी केंद्र सरकार वापस कर पुराने श्रम कानूनों को फिर से बहाल करे, ताकि मजदूरों के अधिकार सुरक्षित रह सकें उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने हड़ताल की तैयारी को लेकर आज के जनसंपर्क अभियान के दौरान सदर प्रखंड के बरमसिया (पहाड़पुर) गांव में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत के दौरान कही। इस दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं गई ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के दोनों बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने से वे अंधेरे में जीवन काटने को विवश हैं। दर्जनों घरों के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। गांव जाने के लिए कच्ची सड़क बारिश होने से और भी बदतर होकर आवागमन लायक ही नहीं रही। बेहतर सरकारी स्कूल-अस्पताल की तो वे सोच भी नहीं सकते ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद श्री यादव ने सम्बंधित विभागों से इसका निराकरण करने की मांग की। वहीं, स्थानीय सांसद, विधायक सहित प्रशासन एवं सरकार को भी आड़े हाथों लेकर उन्हें इन जनसमस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। साथ ही, लोगों से अपने हक-अधिकारों के लिए संगठित होने की अपील की। कहा कि, 9 जुलाई की हड़ताल जनाधिकारों से जुड़ी हुई है, इसलिए उस दिन के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता पंकज वर्मा सहित झारखंडी मंडल, जानकी मंडल, उमेश मंडल, रामधनी मंडल, निर्मलमंडल, सकलदेव मंडल, बासुदेव मंडल, संदीप मंडल, बसंत मंडल, शंकर मंडल, फागू प्रसाद मंडल, सुखदेव मंडल, गांगो मंडल, देवलाल मंडल, ढालो मंडल, चमटु मंडल, निर्मल मंडल व अन्य मौजूद थे।

# 'कौशल से किसान समृद्धि' विषय पर जागरूकता कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत 'कौशल से किसान समृद्धि' (किसानों की समृद्धि के लिए कौशल विकास) विषय पर दिनांक 04 जुलाई 2025 को एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए किसानों, वैज्ञानिकों और गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर डॉ. के. डी. कोकाटे, पूर्व उपमहानिदेशक (कृषि प्रसार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं अनुसंधान परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि अटारी पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुसंधान परामर्शदात्री समिति के अन्य सदस्यगण डॉ. एस. डी. सिंह, पूर्व सहायक महानिदेशक (मात्स्यिकी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली; डॉ. के. एन. तिवारी, पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी, खड़गपुर और डॉ. एस. कुमार, पूर्व प्रमुख, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, राँची भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अनिर्बान मुखर्जी ने निरंतर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोग (प्रयास) की सफलता की गाथा पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें सहभागी शोध एवं कौशल आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से जनजातीय एवं सीमांत किसानों को सशक्त बनाने की आगामी कार्य योजना भी इस अवसर पर साझा की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने किसानों से आह्वान किया कि वे कम से कम एक कौशल को गहराई से सीखें जिससे स्थायी आय के अवसर सृजित किए जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कौशल आधारित शिक्षा ही ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता एवं समृद्धि का आधार है। मुख्य वक्तव्य में डॉ. के. डी. कोकाटे ने प्रत्येक गांव में ग्रामीण उद्यमिता के विकास की आवश्यकता पर बल दिया तथा किसानों को नवाचार एवं उद्यमिता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण आजीविका के रूपांतरण में निरंतर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोग (प्रयास) की भूमिका की सराहना की और इसके विस्तार की आवश्यकता जताई। डॉ. अंजनी कुमार ने 'प्रयास' जैसे सहयोगात्मक मंचों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये मंच अनुसंधान, तकनीक एवं जमीनी विकास को जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. एस. डी. सिंह ने पशु स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से गांव स्तर पर आयवृद्धि पर बल दिया; डॉ. के. एन. तिवारी ने कहा कि 'यंत्रीकरण आधारित उद्यमिता की मांग भविष्य में और बढ़ेगी। वहीं डॉ. एस. कुमार ने नर्सरी प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। बिहटा के प्रगतिशील किसान एवं उद्यमी श्री राज कुमार सिंह ने अपने उद्यमिता अनुभव साझा करते हुए अन्य किसानों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। अपराह्न में आयोजित व्यावहारिक सत्रों में किसानों को तीन समूहों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया: पौधशाला (डॉ. तन्मय कुमार कोले), पशु टीकाकरण (डॉ. राकेश कुमार) एवं कृषि यंत्र फेब्रिकेशन (डॉ. पी. के. सुंदरम), जिससे उन्हें प्रमुख कृषि कौशलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों ने सबजपुरा फार्म में 'जल के बहु-आयामी उपयोग' इकाई तथा मुख्य परिसर के विभिन्न परीक्षण इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने आईएआरआई पटना हब के छात्रों से भी संवाद किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का समापन प्रतिभागी किसानों की प्रतिक्रिया एवं सुझाव सत्र के साथ हुआ। इस पहल के अंतर्गत अगले तीन वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 500 किसानों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।



## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

## वित्तीय वर्ष 24 -25 की बकाया 15वीं वित की राशि सभी पंचायत को शीघ्र हो आवंटित : मुखिया संघ

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जिला मुखिया संघ की बैठक पंचायत सचिवालय परसाटांड में जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष भागीरथ मंडल के अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में संगठन महामंत्री मुकेश यादव, संघ संरक्षक महेंद्र प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष रामदेव यादव, झरी महतो, राजू यादव, माधुरी देवी, दशरथ किस्कू, ममता कुमारी, लक्ष्मी हेंब्रम, परमेश्वर नायक, जगदीश प्रसाद महतो, विकास कुमार, बेबी देवी, अनीता वर्मा, रविंद्र कुमार, गीता देवी, जितेंद्र दास, मुन्नालाल, संतोष महतो, कुंती देवी, आशा देवी, कंचन देवी, प्रियंका देवी, रूपा श्रीसिंह, मुन्नी कुमारी, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, अजय कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, सुनीता देवी, उमेश कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद वर्मा सहित कई मुखिया उपस्थित रहे बैठक में वित्तिय वर्ष 24 -25 की बकाया 15 वीं वित की राशि सभी पंचायत को शीघ्र आवंटित किया जाए एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की राशि सभी पंचायत को अतिशीघ्र आवंटित किया जाए जनप्रतिनिधियों का मानदेय सम्मानजनक किया जाय एवं दुर्घटना बीमा योजना लागू किया जाए ,अबुआ आवास योजना के निमित्त स्वीकृत लाभोंका कि राशि अभिलंब भुगतान किया जाए आवास का लाभ देने में ग्राम सभा के प्राथमिकता सूची को मान्यता दी जाए साथ ही साथ झारखंड सरकार के अपर सचिव पंचायती राज विभाग के पत्रांक संख्या 01-78/2024-2145 दिनांक 06/09/2024 में प्रदेश मुखिया संघ को दिये गये लिखित आश्वासन अभिलंब पूरा करने की मांग के समर्थन में सभी प्रखंडों में प्रखंड मुख्यालय एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के उपरांत जिला स्तर पर समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं प्रदेश स्तर पर विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने पर विचार किया गया साथ ही साथ गिरिडीह जिला के डुमरी प्रखंड बलथरिया पंचायत के पंचायत सचिव की आत्महत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सर्वसम्मती से उपायुक्त महोदय से उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई साथ ही साथ प्रखंड कार्यालय में लगाए गए सीसी कैमरा फुटेज की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई करने की मांग की गई।

## इंडिगो के बोर्ड में शामिल हुए अमिताभ कांत, गैर-कार्यकारी निदेशक की संभालेंगे जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को अपने बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति नियामकीय और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनक्रेडिबल इंडिया जैसे कई प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के प्रमुख रणनीतिकार रहे कांत ने पिछले महीने भारत के जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दिया था।



इंडिगो के निदेशक मंडल के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, इंडिगो को अमिताभ कांत को बोर्ड सदस्य के रूप में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनके पास राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक कार्यों का अच्छा-खासा अनुभव है। उनके नेतृत्व गुणों से इंडिगो को बहुत लाभ होगा। मेहता ने कहा कि इंडिगो की टीम 2030 तक वैश्विक कंपनी बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान का लाभ उठा सकती है।

अपनी नियुक्त पर कांत ने कहा, मुझे इंडिगो के बोर्ड में शामिल होने पर खुशी है। अपने पैमाने, दक्षता और अंतरराष्ट्रीय महत्वाकांक्षा के साथ इंडिगो भारत के लिए नए बाजार खोलेगा। हमारे हवाईअड्डों को कनेक्टिविटी और वाणिज्य के वैश्विक केंद्रों में बदल देगा। पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के साथ सीमा पार लोगों, बाजारों और अवसरों को जोड़ेगा।

नीति आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान, कांत ने कई प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। इनमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बोर्ड में निदेशक और भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के सदस्य की भूमिका शामिल हैं।

## रिलायंस के शेयर में जोरदार उछाल, एक्सपर्ट्स बोले- 1,800 तक पहुंचेगा भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आज यानी शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को 1,531.90 के 9-महीने के हाई लेवल पर पहुंच गया, जो अप्रैल 2025 के निचले स्तर 1,114 से 37.5 प्रतिशत अधिक है। शेयर अब अपने ऑल-टाइम हाई (जून 2024 में 1,608) से महज 4.7 प्रतिशत दूर है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 23.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जो 2017 के बाद से उसका सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक प्रदर्शन है। शेयर वर्तमान में ओवरबॉट जोन में है, जहां 1,550-1,570 पर रेजिस्टेंट संभव है। मध्यम अवधि में रिटेल -टेलीकॉम के क्त्तस्न्ङ्क26 रिजल्ट और सोलर बिजनेस की प्रगति पर नजर रखनी होगी।

## छोटा शेयर बड़ा कमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जुलाई 2022 में 3 से 4 के स्तर पर ट्रेड करने वाला एक शेयर पिछले 5 साल में 33,000 प्रतिशत रिटर्न दे चुका है। यह प्रदर्शन इसे मल्टीबैगर स्टॉक की कैटेगरी में खड़ा करता है। हम बात कर रहे हैं हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स की, जिसके शेयर आज के कारोबार में 40.47 के हाई पर पहुंच गया। कंपनी ने 3 जुलाई को व्योम हाइड्रोकॉर्बन प्राइवेट लिमिटेड में 51 प्रतिशत इक्विटी मात्र 1.02 लाख में खरीदी। अगस्त 2023 में ऑयल एंड गैस ड्रिलिंग सर्विसेज के लिए हुआ था।

# निर्यात के साथ अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

### भारतीय श्रमिकों की गतिशीलता में होगा इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में पूरे हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से न केवल भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उच्च धन प्रेषण और घरेलू खर्च के जरिये भारत की अर्थव्यवस्था को भी समर्थन मिलेगा। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों में भारतीय श्रमिकों की गतिशीलता भी बढ़ेगी।

2024 में विदेश में काम करने वाले भारतीय कामगारों ने लगभग 130 अरब डॉलर की रकम भारत में भेजी थी। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत है। अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के बाद ब्रिटेन इन रकम का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। नए सौदे के तहत ब्रिटेन में तैनात भारतीय कामगारों को तीन साल तक के लिए राष्ट्रीय बीमा योगदान पर छूट का लाभ मिलेगा, जिससे वे अधिक बचत कर सकेंगे और संभावित रूप से अधिक पैसा घर वापस भेज सकेंगे।

एफटीए में 2030 तक भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को दोगुना करने का वादा किया गया है। यह 2024 में 56.7 अरब डॉलर के व्यापार से अधिक है। अमेरिकी बाजार में चुनौतियों



का सामना करने वाले भारतीय परिधान को ब्रिटेन के बाजार में बेहतर पहुंच से लाभ होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए यह समझौता भारत के तेजी से बढ़ते मध्यम वर्ग तक अधिक पहुंच प्रदान करता है। हालांकि, पेय क्षेत्र में तत्काल व्यापार लाभ दिखाई देगा, जहां व्हिस्की और जिन के 97 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ आधा रह जाएगा।

### ब्रिटेन के लिए आर्थिक लाभ सीमित

चूंकि इस सौदे में दवा निर्यात शामिल नहीं है, जिससे ब्रिटेन के लिए कुछ आर्थिक लाभ सीमित हो गए हैं। इस बात पर भी स्पष्टता की कमी है कि नई कोटा प्रणाली के तहत भारत को ब्रिटेन की कार निर्यात कैसे संचालित होगी। यह समझौता प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ व्यापार समझौते को सुरक्षित करने के लिए भारत के बड़े प्रयास का हिस्सा है।

### भारत का वैश्विक व्यापार नेटवर्क होगा मजबूत

इन प्रयासों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीतियों में बदलाव के बीच भारत के वैश्विक व्यापार नेटवर्क को मजबूत करना है। भारत-ब्रिटेन समझौते पर तेजी से हस्ताक्षर होना ब्रिटेन के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे देश को ब्रेक्सिट के बाद अपने व्यापार संबंधों को नया आकार देने और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को कम करने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर, व्यापार समझौते से भारत और यूके के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को भी बढ़ाने की उम्मीद है।

## सोना-चांदी के गिरे भाव, 22 कैरेट गोल्ड 88982 पर, सिल्वर 1.10 लाख के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के तेवर आज नरम हैं। आज सोने का भाव 195 रुपये और चांदी का 253 रुपये टूटा है। आज 4 जुलाई शुक्रवार को 24 कैरेट सोना 97142 रुपये पर खुला है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100056 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 110,588 रुपये किलो बिक रही है।



आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 194 रुपये सस्ता होकर 96753 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 99655 रुपये हो गई है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 179 रुपये टूट कर 88982 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। जीएसटी के साथ यह 91651 रुपये का 10 ग्राम बैठेगा।

**18 कैरेट गोल्ड का भाव-** 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 146 रुपये सस्ता होकर 72857 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 3 पर्सेंट जीएसटी के साथ 75042 रुपये का पड़ेगा। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 114 रुपये टूटकर 56828 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

## आंकड़े: इस साल अब तक 25 कंपनियों के आईपीओ लिस्ट, संभव और क्वाड्रांट ने निवेशकों को किया मालामाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार के अप्रैल के बाद से रफ्तार पकड़ने से आईपीओ बाजार भी तेजी में है। इस साल कुल 25 कंपनियां आईपीओ लाई हैं और उसमें से 19 कंपनियों ने निवेशकों को रिटर्न दिया है। इनमें से क्वाड्रांट और संभव स्टील फायदा देने में शीर्ष पर हैं। हालांकि, 6 कंपनियों के शेयरों में निवेशकों को घाटा भी हुआ है।




एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जिन आईपीओ के शेयरों ने सबसे अधिक फायदा दिया है, उनमें क्वाड्रांट फ्यूचर 53 फीसदी के साथ शीर्ष पर है। इसका इश्यू का भाव 290 रुपये था और 444 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था। संभव स्टील का भी शेयर 34 फीसदी ऊपर लिस्ट हुआ। 82 रुपये के भाव वाला इश्यू 110 रुपये पर लिस्ट हुआ था।

इनके अलावा, जिन कंपनियों ने अच्छा फायदा दिया, उनमें लक्ष्मी डेंटल के शेयर ने करीब 29 फीसदी का रिटर्न दिया। इंडोफार्म का 215 रुपये का शेयर 277 रुपये पर लिस्ट हुआ था, यानी 29 फीसदी का फायदा मिला था।

### आईपीओ: भारत दूसरे नंबर पर

आईपीओ बाजार में भारत इस समय दूसरे नंबर पर है। इस साल भारत ने 5.86 अरब डॉलर जुटाए हैं, जो वैश्विक आईपीओ बाजार का 12 फीसदी हिस्सा है। इस साल बड़े आईपीओ में एलजी का 15,000 करोड़ है। जेएसडब्ल्यू सीमेंट भी अगस्त तक बाजार में उतरने की तैयारी में है। इस साल 143 आईपीओ 26 अरब डॉलर जुटाने वाले हैं।

### क्रेडिला, एनएसडीएल व एनएसई पर सबकी नजर

इस साल कई बड़े आईपीओ आने वाले हैं। इसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई का इश्यू 50,000 करोड़ रुपये से ऊपर हो सकता है। इसका मूल्यांकन 6 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

## अब बिना शुल्क समय पूर्व चुका सकते हैं फ्लोटिंग दर वाले कर्ज, गैर-कारोबारी लोन पर 2026 से लागू होगा नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब प्रीपेमेंट के नाम पर भारी जुर्माना भरने से राहत मिलने वाली है। आरबीआई ने सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कहा है कि वे छोटे उद्यमों एवं व्यक्तिगत लोगों को दिए कर्ज पर समय से पूर्व भुगतान करने पर कोई शुल्क नहीं लगाएंगे। यह नियम एक जनवरी, 2026 के बाद लिए या नवीनीकरण कराए गए कर्जों पर लागू होगा। आरबीआई ने बुधवार को सर्कुलर में कहा, समीक्षाओं में पता चला है कि एमएसई को कर्ज का पहले भुगतान करने पर ज्यादा शुल्क देना होता है। इससे कर्जदाता संस्थान और ग्राहकों में विवाद पैदा होता है। कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने लोन एग्रीमेंट में ऐसे नियम बनाए हैं, जिससे उधार लेने वाला कम ब्याज या बेहतर शर्तों का लाभ उठाने के लिए अन्य संस्थान के पास नहीं जा सके।




**इन संस्थानों पर लागू होगा नया नियम-** आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तियों के फ्लोटिंग दर पर लिएगएकर्ज पर कोई प्री पेमेंट शुल्क नहीं लगेगा। नया नियम सभी वाणिज्यिक बैंकों (पेमेंट्स बैंकों को छोड़कर), सहकारी बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होगा।

**सभी शुल्कों का पहले खुलासा जरूरी-** आरबीआई ने कहा, इन नियमों के अंतर्गत न आने वाले मामलों में कोई पूर्व-भुगतान शुल्क है तो उसे कर्ज स्वीकृति पत्र और उसके समझौते में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। कोई भी अघोषित या पूर्व शुल्क की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऋणदाता खुद पूर्व भुगतान शुरू करता है तो कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

## सेवा क्षेत्र की वृद्धि 10 माह के उच्च स्तर पर, नए कारोबार और निर्यात ऑर्डर में उछाल का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मांग और बिक्री में जारी सुधार के बीच नए कारोबारी ऑर्डर में तेज उछाल के दम पर देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जून, 2025 बढ़कर 10 महीने के उच्च स्तर 60.4 पर पहुंच गई। रोजगार सृजन में भी मजबूत विस्तार देखने को मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा था।



एचएसबीसी इंडिया में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए घरेलू ऑर्डर में अगस्त, 2024 के बाद सबसे तेज उछाल और नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय तेजी से सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एशियाई, पश्चिम एशियाई एवं अमेरिकी बाजारों से आने वाली मांग में सुधार और घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से भी सेवा क्षेत्र की कंपनियों को लाभ हुआ।

**लगातार 37वें महीने बढ़ा रोजगार, मार्जिन में सुधार-** भंडारी ने कहा, सेवा क्षेत्र के निरंतर विस्तार का भर्तियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जून में लगातार 37वें महीने रोजगार बढ़ा है। मई की रिकॉर्ड भर्तियों से धीमी होने के बावजूद रोजगार वृद्धि की दर दीर्घकालिक औसत से आगे निकल गई। लागत का दबाव उपभोक्ता सेवा श्रेणी में सर्वाधिक रहा। आउटपुट शुल्क में तेज वृद्धि वित्तीय और बीमा क्षेत्र में रही। आउटपुट शुल्क के मुकाबले कच्चे माल की लागत में कम वृद्धि से सेवा प्रदाताओं के मार्जिन में सुधार हुआ।

## लेंसकार्ट के आईपीओ से पहले 15 करोड़ डॉलर के शेयर बाय बैक करेंगे फाउंडर पियूष बंसल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लेंसकार्ट के फाउंडर और सीईओ पियूष बंसल, कंपनी के आने वाले आईपीओ से पहले, मौजूदा निवेशकों से कंपनी की 1.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी में हैं। यह डील करीब 15 करोड़ डॉलर की हो सकती है। इन्वेस्टमेंट बैंक अवेंडस कैपिटल उनकी मदद कर रहा है।

**क्यों खरीद रहे हैं शेयर-** जानकारों के मुताबिक, पिछले फंडिंग राउंड्स में पियूष बंसल की हिस्सेदारी (इक्विटी) कुछ कम हो गई थी। वो इस डील के जरिए उस कमी को पूरा करना चाहते हैं। यानी, आईपीओ से पहले कंपनी में उनकी ओनरशिप बढ़ जाएगी।

**किस भाव पर होगी खरीद-** लाइव मिंट की खबर के मुताबिक यह डील कंपनी के लगभग 7 से 8 अरब डॉलर के वैल्यूएशन (कंपनी का अनुमानित मूल्य) पर होने की बात चल रही है। यह उस वैल्यूएशन से कम है, जो आईपीओ के समय (8-10 अरब डॉलर) होने की उम्मीद है।

**कौन निवेशक बेच सकते हैं शेयर-** माना जा रहा है कि टीआर कैपिटल, वेंचर्स, सॉफ्टबैंक और केदारा कैपिटल जैसे निवेशक अपने कुछ शेयर पियूष बंसल को बेच सकते हैं। बातचीत चल रही है और



डील के अगले 4-6 हफ्तों में पूरी होने की उम्मीद है।

**आईपीओ की तैयारी तेज-** इस डील के बाद लेंसकार्ट जल्द ही शेयर बाजार नियामक सेबी के पास अपने आईपीओ के डॉक्युमेंट्स जमा करने की योजना बना रहा है। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, सिटी, मॉर्गन स्टैनली और अवेंडस कैपिटल जैसे बड़े निवेश बैंकों को भी नियुक्त कर लिया है।

**कितनी है फाउंडर की हिस्सेदारी-** ट्रैक्सन डेटा के अनुसार, पियूष बंसल के पास फिलहाल लेंसकार्ट में 8.21 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने अब तक कुल 1.08 अरब डॉलर (19 राउंड में) फंडिंग जुटाई है।

**कंपनी की वित्तीय सेहत-** स्न्ङ्क24 में कंपनी का नुकसान पिछले साल (64 करोड़ रुपये) के मुकाबले 84 प्रतिशत घटकर सिर्फ 10 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी की ऑपरेटिंग आमदनी (रेवेन्यू) 43 प्रतिशत बढ़कर 5,427 करोड़ रुपये हो गई। खर्च भी बढ़कर 5,549 करोड़ रुपये हो गए।

**2500 से अधिक स्टोर-** लेंसकार्ट की स्थापना 2010 में पियूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमीत कपाही ने मिलकर की। चश्मा (पावर, सनग्लासेज) और कॉन्टैक्ट लेंस बेचती है।

## पैकिंग बता देगी दवा सस्ती है या महंगे ब्रांड वाली, नियमों में बदलाव की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के औषधि महानियंत्रक दवाओं की पैकेजिंग और लेबलिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। इसके तहत अब दवा की पैकेट पर लिखी एक्सपायरी डेट और अन्य जानकारियों को पढ़ना आसान हो जाएगा। इसका मकसद मरीजों को दवाओं के बारे में साफ-सुथरी और सही जानकारी देना है ताकि वे सही दवा चुन सकें। नए नियमों के बाद जेनरिक और ब्रांडेड दवाओं में अंतर करना आसान हो जाएगा।

मामले से जुड़े दो वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीसीजीआई की एक टीम इन बदलावों पर काम कर रही है और जल्द ही इसे लागू करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, नियामक उपभोक्ताओं की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दवाओं के पैकेट पर जानकारी बहुत छोटे अक्षरों में होती है, चमकदार लेबल से पढ़ना मुश्किल होता है, और जेनरिक व ब्रांडेड दवाओं में फर्क करना लगभग नामुमकिन है। इन सब बातों को देखते हुए यह पहल शुरू की गई है।

### समिति जल्द सौपेंगी रिपोर्ट

नियामक ने प्रस्तावित नियमों की समीक्षा के लिए एक उप-समिति बनाई है, जो जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यह समिति दवाओं और सौंदर्य प्रसाधन नियम, 1945 में इन बदलावों को शामिल करने के तरीके भी देख रही है। यह नियम देश में निर्मित, आयातित और बेची जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता को नियंत्रित करता है।

### अभी दवा में अंतर करना मुश्किल

वर्तमान में, अक्सर मरीज ब्रांड का नाम मांगते हैं या मेडिकल स्टोर वाले खुद महंगी दवा दे देते हैं, जबकि सस्ती जेनरिक दवा भी उपलब्ध होती है। पैकिंग में फर्क न दिखने से मरीज जानकारी के अभाव में महंगी दवा खरीद लेते हैं। खास निशान का प्रस्ताव इसी भ्रम को दूर करने के लिए लाया गया है।

### दवा बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी

विशेषज्ञों का मानना है कि इन बदलावों से दवा बाजार में पारदर्शिता आएगी, मरीजों का भरोसा बढ़ेगा और वे अपनी जरूरत के हिसाब से सही दवा चुन सकेंगे। आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय दवा बाजार ने मई 2025 में 19,720 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के मुकाबले 7.2 प्रतिशत ज्यादा है। इससे साफ है कि दवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है और ऐसे में मरीजों को सही जानकारी देना बेहद जरूरी है।

## अमेरिका ने चीन को दी राहत, सॉफ्टवेयर निर्यात प्रतिबंध हटाया; व्यापार वार्ता के बाद नरम हुआ रुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को रहात देते हुए चिप डिजाइन सॉफ्टवेयर के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध हटा दिए हैं। यह कदम हाल ही में लंदन में हुई व्यापार वार्ता के तहत दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए उठाया गया है।

सभी तीन प्रमुख चिप डिजाइन सॉफ्टवेयर कंपनियों- सिनोप्सिस, कैडेंस और सीमेंस ने बताया कि उन्हें अमेरिकी वाणिज्य विभाग से मई में लगाए गए प्रतिबंधों के हटाए जाने की सूचना दी गई है। चीनी सरकारी समाजार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार, तीनों कंपनियां चीन के इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन बाजार के 70 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करती हैं।

**प्रतिशोध का खेल** – मई में जब बीजिंग ने दुर्लभ धातुओं के निर्यात को सीमित करने का फैसला लिया था ,तब अमेरिका ने प्रतिशोध में चिप डिजाइनिंग टूल्स की बिक्री पर रोक लगाई थी। इसके बाद उस महीने की शुरुआत में जिनेवा में व्यापार युद्धविराम के बाद दोनों देशों के बीच तनाव फिर से बढ़ गया था।

अमेरिकी कंपनी कैडेंस और सिनोप्सिस ने कहा है कि वे चीन में पहले प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर की पहुंच बहाल करने की प्रक्रिया में हैं।

### इथेन निर्यात और अन्य कंपनियों को भी मिली अनुमति

एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी इथेन उत्पादकों को भी चीन को निर्यात फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। अमेरकी ऊर्जा सूचाना प्रशासन के आंकड़ों के आधार पर पिछले साल अमेरिका के इथेन निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा चीन को गया था। इस उपयोग मुख्य रूप से प्लास्टिक बनाने में किया जाता है। इसके अलावा, अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने अन्य कंपनियों के साथ-साथ जीई एयरोस्पेस को भी चीन को जेट इंजन की शिपमेंट फिर से शुरू करने के लिए कहा है। शुक्रवार को चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि चीन अब इन प्रतिबंधित वस्तुओं की निर्यात लाइसेंसिंग प्रक्रिया की समीक्षा कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अमेरिका-चीन आर्थिक और व्यापार संबंधों के पारस्परिक लाभ को गंभीरता से समझेंगे और साथ मिलकर आगे बढ़ना जारी रखेंगे।

# महिलाओं को मिली मंईया सम्मान योजना की राशि

## 5 अरब 59 करोड़ 50 लाख हुए आवंटित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को मई माह की राशि मिल गई है। इस बार भी योजना के लाभुकों के आधार लिंक बैंक खातों में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गई है। इससे पलामू जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 3,49,080 लाभुक लाभान्वित होंगे।

बीते जून माह में भी पलामू जिले के 3,49,080 लाभुकों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500-2500 रुपया आधार लिंक बैंक खातों में भेजे गए थे।

राज्य सरकार ने बीते मई माह में पलामू जिले के मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बीते 5 अरब 59 करोड़ 50 लाख रुपया आवंटित कर दिया था।

सरकार ने जून माह के अंत में मई माह की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया था, लेकिन 30 जून को अवकाश रहने के कारण लाभुकों बैंक खाता में राशि नहीं भेजी जा सकी।

एक जुलाई को कार्यालय खुलने के बाद प्रक्रिया शुरू की गई। दो जुलाई को लाभुकों के बैंक खाते में राशि भेज दी गई है। जो एक-दो दिन में सभी लाभुकों को मिल जाएगी।

झारखंड सरकार ने बीते दिसंबर माह में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल लॉन्च कर दिया। जिसमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी सीओ सह बीडीओ कार्यालय को दी गई, लेकिन लॉन्च के बाद से ही पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी आने से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ठप हो गया।

बरहाल, पोर्टल में नया आवेदन एंट्री का विकल्प उपलब्ध नहीं है। फिलहाल पलामू जिला में 18 से 50 वर्ष तक की 3,49,080 लाख महिला लाभुकों को सीएम मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से बैंक एकाउंट में हर महीने 2500 रुपए दी जा रही है।

# पति ने पत्नी को ट्रेन से दिया धक्का, घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू के करीगड़ा रेलवे ट्रैक के नजदीक बिते गुरुवार के प्रातः यूपी के देवरिया गौरा चौराहा की रहने वाली खुशबू कुमारी घायल अवस्था में मिली थी। घायल खुशबू को आरपीएफ पतरातू के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पतरातू ब्लॉक अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात खुशबू को सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन गंभीर अवस्था को देखते हुए खुशबू को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। जहां खुशबू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मामले को लेकर खुशबू के फर्द बयान के आधार पर बरकाकाना रेल थाना में कांड संख्या 8/25 के तहत धारा 115(2)/117(2)109/351 (2एंड 3) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर जीआरपी पुलिस ने यह भी बताया की सूचना दिए जाने के बावजूद अभी तक खुशबू के कोई भी परिजन उसे देखने के लिए नहीं पहुंचे हैं।

पुलिस ने बताया कि खुशबू को उसके पति शंकर ने हत्या की नीयत से ट्रेन से धक्का दिया था। शंकर बेनिक पिता लक्ष्मण बेनिक मूल रूप से पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार के खैर बल्ली चिकुवा का रहने वाला है। जो यूपी के गोरखपुर उत्तरी जटेपुर प्राचीन शिव मंदिर के नजदीक रहता है। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने शुक्रवार को घटनास्थल का भी मुआयना किया है।

खुशबू कुमारी मामले में बरकाकाना रेल पुलिस ने पतरातू आरपीएफ की भूमिका पर गंभीर आरोप लगाया है। बताया गया कि घटनास्थल से घायल खुशबू को पतरातू आरपीएफ द्वारा पहुंचा कर छोड़ दिया गया था। सूचना मिलने के बाद जब जीआरपी बरकाकाना की टीम पतरातू ब्लाक अस्पताल पहुंची तो वहां आरपीएफ के कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे।

# अंतरराज्यीय पुलिस व प्रशासन के साथ हरिहरगंज थाना में बैठक

## किया गया फ्लैग मार्च, शांति पूर्वक मोहर्रम संपन्न कराने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हरिहरगंज थाना परिसर में मुहर्रम के सफल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को ले अंतर्राज्यीय समन्वय को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल दंडाधिकारी छतरपुर ने की।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहरगंज, अंचलाधिकारी हरिहरगंज, थाना प्रभारी अम्बा, कुटुंबा थाना व पिपरा थाना के पुलिस पदाधिकारी, जुलूस लाइसेंसधारी व स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे।

बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए विधि-व्यवस्था, जुलूस मार्ग, समयबद्धता, ध्वनि सीमा, ट्रैफिक व्यवस्था व अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने व किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

बैठक के उपरांत सामूहिक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इससे आम जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने व मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लोगों में विश्वास बहाल किया गया।

# मंत्री को मिली जान से मारने की धमकी, शिकायत दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को बीती रात उनके मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी गई। यह धमकी रात करीब 11:30 बजे एक अनजान नंबर (7903928578) से कॉल के जरिए दी गई। इस गंभीर मामले को लेकर मंत्री ने रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को लिखित शिकायत दी है। मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि जब उन्हें धमकी मिली, उस वक्त वे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे थे। मंत्री ने कहा, ₹रात करीब 11:30 बजे मेरे मोबाइल पर किसी ने कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। मैंने तुरंत इसकी जानकारी रांची के एसएसपी को दी है।

उन्होंने आगे कहा, ₹मेरा किसी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। मैं सभी दलों के लोगों से मिलता हूं, यहां तक कि भाजपा नेताओं से भी। मैं सभी का सम्मान करता हूं। जिसने भी यह गंदा काम किया है, मुझे भरोसा है कि पुलिस उसे जल्द पकड़ लेगी।₹ एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मामले की पुष्टि करते हुए जल्द खुलासा करने का भरोसा दिलाया है। पुलिस कॉल डिटेल्स और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी है।

# मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**साहेबगंज।** झारखंड के साहेबगंज जिले स्थित बरहरवा रेलवे यार्ड में पत्थर से लदी एक मालगाड़ी के कई डिब्बे गुरुवार को पटरी से उतर गए। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पूर्वी रेलवे के तहत आने वाले इस यार्ड में हुई इस घटना की पुष्टि करते हुए पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया, ₹यह दुर्घटना यार्ड क्षेत्र में हुई है। कुछ डिब्बे पलट गए हैं, लेकिन ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। फिलहाल मामले की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।₹ रेलवे अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। घटना के कारणों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# मेले में चाक-चौबंद रहेगी व्यवस्था

- 40 डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों की होगी प्रतिनियुक्ति
- इस बार 11 की बजाय 13 होंगी यातायात थानों की संख्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों के साथ ही शहर में वाहनों का दबाव भी काफी बढ़ जाता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसमें विभिन्न जिला बल के पुलिस कर्मियों के अलावा जैप और आरएएफ के जवान व पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

शहर के अंदर यातायात की समस्या न हो, जाम न लगे और शहर में अनाधिकृत तौर पर बाहरी वाहनों का प्रवेश न हो।

वहीं, तय रूट पर वाहनों का परिचालन हो, जहां-तहां अवैध पार्किंग न हो आदि पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए कई जगहों पर ड्राप गेट व बैरियर भी लगाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष यातायात की कमान संभालने के लिए 40 डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों की प्रति नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही, उनके सहयोग के लिए 40 इंस्पेक्टर व एक हजार पुलिस कर्मी अन्य पुलिस पदाधिकारियों को भी मेला के यातायात व्यवस्था के लिए तैनात किया गया है।

वहीं, तीन हजार से अधिक जवान यहां की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में मुस्तैद नजर आएंगे और कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे से भी यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी।

इस बार दो नए यातायात थानों का भी सृजन किया गया है। पहले ये संख्या 11 थी जो इस बार बढ़कर 13 हो गई है। वहीं, इस बार भुरभुरा मोड व डीटीओ कार्यालय में अस्थायी यातायात थाना बनाया जाएगा।

नगर थाना अंतर्गत डीटीओ कार्यालय, भुरभुरा मोड, नगर पुस्ताकालय, पुराना सदर अस्पताल कैंपस, जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के चौपा मोड, घोरमारा यात्री शेड, कुंडा थाना क्षेत्र के कोरिया मध्य विद्यालय, हथगढ़ मैदान, जिले के रिखिया थाना क्षेत्र के रिखिया हटिया मोड में अस्थायी थाना खुलेगा।

इसके अलावा,जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र दर्दमारा पंचायत भवन, रोहिणी मध्य विद्यालय परिसर, कोठिया, जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के चौधरीडीह बाईपास मोड के पास भी अस्थायी थाना खुलेगा।

इन अस्थायी थानों का संचालन डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों की निगरानी में किया जाएगा। इससे मेले की सुरक्षा व्यवस्था पहले से और बेहतर होगी।

# भगवान बिरसा उद्यान के शेर की कैंसर से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी के शेर शशांक की मौत हो गई है। 15 वर्ष का शेर शषांक हाइब्रिड नस्ल का था और वृद्ध हो गया था।

उद्यान प्रशासन ने बताया की शशांक शेर पिछले एक माह से बीमार था। उसका उपचार उद्यान के पषु चिकित्सक डा. दिनेश कुमार व डा. ओपी साहू की देख-रेख में हो रहा था। रांची के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विषेज्ञ चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार ने भी जांच व उपचार किया था। गुरुवार दोपहर 12.30 बजे के करीब उसकी मौत हो गई। शशांक की मौत की जानकारी मिलते ही कर्मियों के साथ चिकित्सक व पदाधिकरी पहुंचे।

रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय पैथोलोजी विभाग के अध्यक्ष डा. एमके गुप्ता के नेतृत्व में उनके दल द्वारा शेर का अंत्यपरीक्षण किया गया। डा. गुप्ता ने मृत्यु का कारण पेट में कैंसर बताया है। गहन जांच के लिए मृतक शेर के शरीर के अंगों का सैंपल लेकर रांची पशु चिकित्सालय महाविद्यालय भेजा गया है। बताया गया कि हाइब्रिड नस्ल के वन्यजीवों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। मृत शेर के अंत्यपरीक्षण के दौरान जैविक उद्यान के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे। बाद में उद्यान कर्मियों द्वारा उद्यान के शव दाहगृह में शशांक को जला दिया गया।

मौके पर निदेशक जब्बर सिंह, सहायक वन संरक्षक अशोक कुमार, वनक्षेत्र पदाधिकरी गायत्री देवी, जीव विज्ञानी पार्थ सारथी, विवेकानंद कुमार, वनरक्षी ललन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार थे।

शेर शशांक व शेरनी प्रियंका को वर्ष 2014 में बन्नरघटा चिड़ियाघर, बेंगलुरु से लाया गया था। प्रियंका की मौत पूर्व में हो चुकी है। एक दशक से जैविक उद्यान आने वाले पर्यटक अन्य जीवों के साथ शशांक शेर की दहाड़ सुन उद्यान भ्रमण का आनंद उठा रहे थे।

# विधायक ने किया दस सड़कों का शिलान्यास

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ नहीं होगा कोई समझौता : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दस सड़कों का शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान गेंठा गांव में जनसभा को संबोधित किया। विधायक ने पीडब्लूडी पथ राजोगाड़ी से बासदोहर मुख्य सड़क का शिलान्यास किया।

इसी तरह उन्होंने पीडब्लूडी पथ परसिया मोड़ से बौराखाड़ तक, दारूडीह रोड से लोहरा तक, अंबेडकर चौक से जुरू तक, पीडब्लूडी रोड से सोनेसराय तक, साहद से ओरियाकला तक, राजोगाड़ी रोड से खैराट तक, पीडब्लूडी रोड मूरूमुसी से बनुआ तक, पीडब्लूडी रोड रामसागर से फुलांग तक व दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। विधायक ने पूजा- अर्चना के साथ नारियल फोड़कर सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम करने की बात कही। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य में लापरवाही बरतने वाले संवेदक पर कार्रवाई किया जाएगा।

विधायक ने लोगों से निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने को कहा।

विधायक ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि 15 वर्षों तक विकास के नाम पर जनता के साथ सिर्फ छलावा करने का काम किया है। यही कारण है कि पांकी विधानसभा में विकास नहीं हुआ। जनता ने वैसे जनप्रतिनिधि को मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि वे जात की नहीं, विकास की बात करते हैं। विधायक ने लोगों से आग्रह किया है कि क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। इससे पांकी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। विधायक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आने वाले दो माह के अंदर पांकी विधानसभा क्षेत्र में 50 से 60 सड़कों का शिलान्यास करेंगे। पांकी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, सागंबार पंचायत मुखिया गीता देवी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, निर्मल मेहता, समाजसेवी विरेन्द्र मेहता, दिलीप मेहता, सगालिम पंचायत मुखिया सुनील प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, मुखिया गुड्डू पासवान, पुष्पा देवी, भोला साव, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी, सुजीत मुखिया सहित पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य उपस्थित थे।

# हैवी ब्लास्टिंग से बाल-बाल बचे किसान, दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलियापुर।** बलियापुर के चालधोवा मौजा में बडे.पैमाने पर पत्थर उत्खनन का काम हो रहा है। शुक्रवार को उत्खनन के लिए हैवी ब्लास्टिंग के दौरान बड़ा-बड़ा बोल्डर एवं पत्थर आसपास के खेती जमीन पर गिरने से खेती का कार्य काफी प्रभावित हो गया। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ब्लास्टिंग से बड़े-बड़े बोल्डर एवं पत्थर धान के खेतों में लगातार गिर रहे हैं। किसान अपने खेतों की जुताई नहीं कर पा रहे हैं।

गांव के संथाल आदिवासी किसान मंगल मुर्मू, सुरेश कुमार मुर्मू, सुरेश चंद्र मुर्मू, भुद्दू हासदा,शुक्रमणि देवी आदि ने बताया कि भारी पैमाने पर पत्थर उत्खनन का कार्य किया जा रहा है। ब्लास्टिंग का बड़े-बड़े पत्थर उड़ कर हमलोगों के खेतों में जा गिरते हैं। पत्थर करीब 10 से 50 किलो वजन का होता है। जिसको खेतों से हटाना काफी मुश्किल होता है। हमेशा दुर्घटना का खतरा रहता है। खेतों की जुताई के दौरान खेतों में गिरे बोल्डर से कई किसान घायल भी हो गए है। खेती कार्य काफी प्रभावित हो रहा है।उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत पत्थर उत्खनन कर रहे लोगों से किया जाता है तो हमलोगों की एक नहीं सुनते है। हमें ही भला-बुरा बोल कर भगा देते है। ऐसे में खेती करना काफी जोखिम भरा हो गया है।

अगर खेती भूमि पर खेती नहीं होगी तो ऐसे सैकड़ों एकड़ धान के खेत बंजर हो जाएंगे। किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा। पत्थर उत्खनन कार्य करने वाला व्यक्ति कोडरमा जिला का बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि खनन कार्य पर रोक लगाने के लिए सीएम, उपायुक्त बलियापुर सीओ, खनन विभाग से लिखित शिकायत किया गया है। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से गांव के संथाल आदिवासी किसानों के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों में सरकार एवं प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के खिलाफ काफी भारी रोष है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/454/2025-26** **दिनांक : 02.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के संबंध में क्रमानुसार ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **(1); निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1226-2025-26-आर; कार्य का विवरण:** एसएसई/इलेक्ट/जी/सीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु.19,41,330.00; बयाना राशि : रु. 38,800.00; **(2) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1231-2025-26-आर; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/एसपीआर/आईसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 18,86,206.00; **बयाना राशि :** रु. 37,700.00; **(3) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1238-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/सियालदह-II के अंतर्गत न्यू अलीपुर (7बी) में पैसेंजर लिफ्ट (निर्मिति-ओटीआईएस) का दो (02) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 1,95,600.00; **बयाना राशि :** रु. 3,900.00; **(4) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1239-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/एसडीएएच-II के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य। (बी.आर. सिंह अस्पताल को छोड़कर); **निविदा मूल्य :** रु. 46,69,896.00; **बयाना राशि :** रु. 93,400.00; **(5) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1240-2025-26; कार्य का विवरण :** सियालदह मंडल के 15 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए रैंप सुविधा, शौचालय, एसएस हैंड रेलिंग, वाटर बूथ, कम ऊंचाई वाले बुकिंग काउंटर, सीढ़ियों के किनारे तक जाने वाले स्पर्शनीय मार्गदर्शक और चेतावनी ब्लॉक आदि का प्रावधान (दिव्यांगों के लिए एमईए); **निविदा मूल्य :** रु. 35,01,258.00; **बयाना राशि :** रु. 70,000.00; **(6) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1241-2025-26; कार्य का विवरण:** बैरकपुर में आरपीएफ कार्यालय (40 सीटें) का प्रावधान; **निविदा मूल्य :** रु. 23,13,521.00; **बयाना राशि :** रु. 46,300.00; **(7) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1242-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई(जी)/आईसी/एसडीएएच-I के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 14,61,075.00; **बयाना राशि :** रु. 29,200.00; **(8) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1244-2025-26; कार्य का विवरण:** कृष्णानगर सिटी जंक्शन के लालगोला शाखा में आरसीसी बॉक्स (गेट सं. 102/ई, 103/ई, 104/ई, 115/ई, 126/ई, 127/ई, 129/ई, 135/टी, 144/ई, 149/ई, 169/ई) द्वारा सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) का निर्माण करके, एयर पुशिंग सिस्टम वाले आरसीसी बॉक्स द्वारा (गेट संख्या 92), बॉक्स पुशिंग सिस्टम वाले आरसीसी बॉक्स द्वारा (गेट संख्या 76,78,100,165, 171), छत का आच्छादन आरसीसी यू-ट्रफ सहित 17 लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाया जाएगा; **बयाना राशि :** रु. 2,15,500.00; (9) **निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1245-2025-26; कार्य का विवरण :** पार्क सर्कस और बिधान नगर रोड स्टेशन पर यात्री केंद्रित सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव; **निविदा मूल्य :** रु. 57,85,636.00; **बयाना राशि :** रु. 1,15,700.00; **निविदा दस्तावेजों की लागत :** सभी निविदाओं के लिए रु. 0.00; **समापन अवधि :** क्रम सं. 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8 के लिए 12 (बारह) माह एवं क्रम सं. 3 के लिए 24 (चौबीस) माह तथा क्रम सं. 9 के लिए 09 (नौ) माह। **निविदा प्रकाशन तिथि :** 02.07.2025; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 25.07.2025 14:00 बजे। **निविदा बोली खोलने की तिथि एवं समय:** 25.07.2025 14:00 बजे के बाद। **निविदा बोली आरंभ तिथि:** 11.07.2025। समय-समय पर जारी निविदा सूचना एवं शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-108/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गरीब व जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ

## ग्राम सभा की सूची भी नहीं आ सकी लोगों के काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड में अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा धरातल पर अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है।

अबुआ आवास योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद परिवारों को तीन कमरों का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन पंचायत के जिम्मेवार लोगों की निष्क्रियता के कारण गरीब व जरूरतमंद परिवार योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। नावाबाजार प्रखंड का पंचायत जिम्मेवार लोगों की मिलीभगत से सुविधा संपन्न लोगों को प्रधानमंत्री व अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया। वहीं जरुरतमंद



सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए इंतजार करते रह गए। पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा ग्रामसभा के माध्यम तैयार सूची को प्रखंड भेजा गया है। कंडा पंचायत के कंडा गांव निवासी रामवन भुईयां का खपरैल व जर्जर एक कमरे का मिट्टी का घर है। परिवार के सदस्यों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

रामवन भुइयां के द्वारा अबुआ आवास योजना को ले आवेदन किया गया था। फिर भी सूची में नाम शामिल नहीं किया गया। प्रखंड कार्यालय के द्वारा पंचायत को ग्राम सभा कर जरूरतमंदों की सूची की मांग की गई थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

प्रखंड में रामवन भुइयां अकेला व्यक्ति नहीं ऐसे कई नाम हैं जो आवास के लिए भटक रहे। प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्र के गांवों में ऐसे कई नाम सुनने व देखने को मिलेंगे। जिन्हें आवास से वंचित किया गया है। नावाबाजार प्रखंड के बसना, राजहरा, तुकबेरा, कंडा, सोहदागखुर्द, कुंभी कला आदि पंचायतों में गरीब व जरूरतमंदों को अबुआ आवास का लाभ जरुरतमंदों को नहीं मिल रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. : सी.4 / डालमिया / जीसीटी/एएसएन/25 दिनांक : 27.06.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301, पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में अधिकतम 35 वर्षों की अवधि के लिए आंशिक रूप से रेलवे की भूमि पर सलानपुर रेलवे स्टेशन (बोनजेमेहरी कोलियरी साइडिंग) के पास डालमिया साइडिंग में गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.: सी4-जी-एएसएन_जीसीटी-डालमिया-25, दिनांक 27.06.2025; निविदा बंद होने की तिथि:** 14.07.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खुली जाएगी:** 14.07.2025 को 15.15 बजे। सभी प्रस्तावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए तथा इन निविदाओं में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

(ASN-106/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# 269 रन बनाने पर शुभमन को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

### जडेजा का सोर्ड सेलिब्रेशन

बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड के 5 विकेट गिरा दिए थे। टीम इंडिया 510 रन से आगे है। दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने फिफ्टी लगाने के बाद बैट को तलवार की तरह लहराकर सेलिब्रेशन किया। डबल सेंचुरी लगाने के बाद शुभमन गिल के लिए दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई।

**जडेजा का सोर्ड सेलिब्रेशन** –रवींद्र जडेजा ने फिफ्टी लगाने के बाद अपने बैट को तलवार की तरह लहराकर सेलिब्रेशन किया। वे फिफ्टी या सेंचुरी लगाने के बाद अक्सर सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। जडेजा टेस्ट में 23 फिफ्टी और 4 शतक लगा चुके हैं।

**269 रन बनाने पर गिल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला** – शुभमन गिल ने बर्मिंघम में अपने टेस्ट करियर की पहली डबल सेंचुरी लगाई। दोहरा शतक पूरा करने के बाद उन्होंने एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। उनके 269 रन बनाने के बाद बर्मिंघम के दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और गिल को स्टैंडिंग ओवेशन दिया।

# जडेजा ने तोड़ा बीसीसीआई का नियम

● **टीम बस छोड़कर कार से पहले पहुंचे स्टेडियम, अकेले मैदान में प्रैक्टिस की, बर्मिंघम में बनाए 89 रन**

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन, रवींद्र जडेजा ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नए नियमों को तोड़ दिया।

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद नियम बनाया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं आएगा-जाएगा, सभी खिलाड़ी टीम बस के साथ एकसाथ जाएंगे। लेकिन जडेजा ने यह नियम तोड़ा और गुरुवार को उन्होंने बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में जल्दी मैदान पर पहुंचकर बैटिंग की प्रैक्टिस की।



**पहले दिन 41 रन बना कर लौटे थे जडेजा** – दरअसल बुधवार को एजबेस्टन टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल जब खत्म हुआ तो शुभमन गिल के साथ रवींद्र जडेजा नॉटआउट लौटे थे। जडेजा के लिए ये टेस्ट मैच बहुत अहम था क्योंकि लीड्स में टीम इंडिया के हारने के बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स उनकी टीम में जगह को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे। इसीलिए जडेजा जब 41 रन बनाकर नाबाद लौटे तो वो इस पारी को और बड़ा करना चाहते थे।

इसीलिए वो सुबह जल्दी उठकर टीम बस का इंतजार किए बिना स्टेडियम निकल गए। जहां पर उन्होंने लोकल गेंदबाजों के साथ नेट्स पर लगभग 40 मिनट बल्लेबाजी की। बाद में उन्होंने अपनी पारी 41 रन से बढ़ा कर 89 रन तक लेकर गए।

लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम के टॉप पांच बल्लेबाजों ने 721 रन बनाए, लेकिन निचले क्रम के छह बल्लेबाजों ने मिलकर केवल 65 रन ही जोड़े थे। भारतीय टीम ने पहली पारी में आखिरी सात विकेट 41 रन पर गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में भारतीय टीम ने आखिरी छह विकेट 31 रन पर गंवा दिए थे।

# नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में बनाया एक और रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है।

जोकोविच ने कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है। पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की।

### बर्मिंघम टेस्ट-

# जैमी ने प्रसिद्ध के ओवर में लगातार बाउंड्री लगाई

● **इंग्लैंड 5 विकेट पर 200 के पार** ● **ब्रूक की शानदार फिफ्टी, सिराज ने रूट-स्टोक्स को पवेलियन भेजा**



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और पहला सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 5 विकेट पर 200 रन बना लिए हैं। हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। हैरी ब्रूक फिफ्टी बना चुके हैं। मोहम्मद सिराज ने जो रूट (22 रन) और बेन स्टोक्स (शून्य) को लगातार बॉल पर आउट किया।

एजबेस्टन स्टेडियम में चल रहे मैच में इंग्लैंड ने सुबह 77/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। दूसरे दिन भारत ने कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के दम पर पहली पारी में 587 रन बनाए। हैरी ब्रूक ने 29वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर 3 रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाया है। ब्रूक ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 99 रन बनाए थे, वे दूसरी पारी में शून्य पर आउट हो गए। वहीं तीसरे दिन का दूसरा ओवर डाल रहे मोहम्मद सिराज ने लगातार दो बॉल पर 2 विकेट झटके, हालांकि वे हैट्रिक लेने से चूक गए। हैट्रिक बॉल खेल रहे जैमी स्मिथ ने अपनी पहली बॉल पर चौका लगाया। सिराज ने तीसरी बॉल पर जो रूट को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रूट 22 रन बनाकर आउट हुए। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ की बॉल लेग साइड पर फेंकी, रूट ने फ्लिक शॉट खेला। बॉल विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास गई। उन्होंने डाइव लगाकर कैच लपका। सिराज ने ओवर की चौथी बॉल शार्ट ऑफ लेंथ की ऑफ साइड पर फेंकी। नए बल्लेबाज बेन स्टोक्स ने डिफेंस किया। बॉल ने उनके बैट का बाहरी किनारा लिया और ऋषभ पंत ने आसान-सा कैच लिया। स्टोक्स खाता भी नहीं खोल सके। सिराज ने इस ओवर में महज 6 रन खर्च किए।

### प्लेइंग-11

**इंग्लैंड** – बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत**– शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# बांग्लादेश में वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेलेगी भारतीय टीम!

### सुरक्षा कारणों के चलते बीसीसीआई ने मना किया, बीसीबी ने मीडिया राइट्स की बिक्री रोकी

**ढाका/नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और ञ्20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गई हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।



**बीसीसीआई ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं** – क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। बीसीसीआई ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है। सीरीज को बाद में आयोजित किए जाने की उम्मीद है।

**सरकार की सलाह के बाद बीसीसीआई ने फैसला लिया** – भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए क्चष्टढ्ढ को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं।

**बीसीबी अब अलग-अलग देशों के हिसाब से बेचेगा राइट्स** – पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मीडिया राइट्स को तीन कैटेगरी में बेचना चाहा था। सैटेलाइट टीवी (दुनिया भर के लिए), डिजिटल ओटीटी और छ्वञ्ज॥ (सिर्फ बांग्लादेश)। अब बोर्ड ने टेंडर में बदलाव कर इसे रीजनल बेचने की योजना बनाई है।

# शुभमन ने गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली के रिकॉर्ड तोड़े

### इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर, बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम/नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने 587 रन बनाए थे। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेलकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़े। वे सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। वहीं भारत ने 18 साल बाद इंग्लैंड में 500 रन का आंकड़ा पार किया।

**25 की उम्र में 2 फॉर्मेट में दोहरे शतक** –कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में पहले दिन शतक लगाया, जिसे दूसरे दिन उन्होंने डबल सेंचुरी में बदल दिया। 25 साल के शुभमन 269 रन बनाकर आउट हुए। यह टेस्ट में उनका पहला ही दोहरा शतक रहा। वे 23 साल की उम्र में वनडे फॉर्मेट में भी डबल सेंचुरी लगा चुके हैं। शुभमन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 साल की उम्र में दोनों फॉर्मेट में डबल सेंचुरी लगाई थी।



**भारतीय कप्तान का बेस्ट टेस्ट स्कोर**

| प्लेयर | स्कोर | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 269 | इंग्लैंड | बर्मिंघम | 2025 |
| विराट कोहली | 254* | सा. अफ्रीका | पुणे | 2019 |
| विराट कोहली | 243 | श्रीलंका | दिल्ली | 2017 |
| विराट कोहली | 235 | इंग्लैंड | मुंबई | 2016 |
| एमएस धोनी | 224 | ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई | 2013 |

**शुभमन ने इंग्लैंड में बेस्ट स्कोर बनाया** – शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय प्लेयर भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने 1979 में द ओवल के मैदान पर 221 रन बनाए थे। इन 2 के अलावा राहुल द्रविड़ ही 2002 में इंग्लैंड के मैदान पर दोहरा शतक लगा सके हैं।

**एशिया के बाहर बेस्ट टेस्ट स्कोर बनाने वाले भारतीय** – शुभमन एशिया के बाहर भी सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2004 में सिडनी के मैदान पर 241 रन बनाए थे।

**भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर** –शुभमन की डबल सेंचुरी किसी भारतीय कप्तान का भी टेस्ट में बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में 254 रन की नॉटआउट इनिंग खेली थी।

**दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने** – शुभमन ने अपने टेस्ट करियर का पहला ही दोहरा शतक लगाया, लेकिन यह उन्होंने अपनी कप्तानी में किया। वे टेस्ट में डबल सेंचुरी लगाने वाले छठे भारतीय कप्तान बने। विराट कोहली, एमएस धोनी, सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और मंसूर अली खां पटौदी भी बतौर कप्तान दोहरा शतक लगा चुके हैं।

**इंग्लैंड में भारतीय कप्तान का बेस्ट स्कोर बनाया** – शुभमन ने इंग्लैंड में भारतीय कप्तान के रूप में भी बेस्ट स्कोर बनाया। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1990 में मैनचेस्टर के मैदान पर 179 रन की पारी खेली थी।

**इंग्लैंड में विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर** – शुभमन के 269 रन इंग्लैंड में किसी विदेशी कप्तान का तीसरा बेस्ट स्कोर रहा। वे साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ से आगे निकले, जिन्होंने लॉर्ड्स स्टेडियम में 259 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के बॉब सिम्पसन 311 रन बनाकर पहले नंबर पर हैं।

**भारत के बाहर 250+ बनाने वाले तीसरे भारतीय** – शुभमन गिल भारत के बाहर 250 से ज्यादा का टेस्ट स्कोर बनाने वाले तीसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ ही ऐसा कर सके। दोनों ने पाकिस्तान ने 250 प्लस का स्कोर बनाया था।

**शुभमन ने अपना बेस्ट फर्स्ट क्लास स्कोर बनाया** –शुभमन गिल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी अपना बेस्ट स्कोर बना लिया। इससे पहले 2018 में उन्होंने मोहाली के मैदान पर तमिलनाडु के खिलाफ 268 रन बनाए थे। तब वे अपनी घरेलू टीम पंजाब के लिए खेल रहे थे।

# कार दुर्घटना में पुर्तगाली फुटबॉलर डिएगो जोटा की मौत

### टायर फटने से पलटी कार, आग लगी; भाई की भी गई जान

**पुर्तगाल (एजेंसी)।** 28 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वह लिवरपूल से भी खेलते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुर्तगाली सीमा के जमोरा प्रांत में उनके कार का एक्सीडेंट हो गया। डिएगो जोटा एक लेम्बोर्गिनी चला रहे थे। स्थानीय खबरों के अनुसार उनके कार का टायर फट गया। उनकी कार पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। यह घटना गुरुवार की सुबह हुई।



**डिएगो जोटा के भाई की भी जान चली गई** –जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा (26 वर्ष) भी गाड़ी में थे। वह भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे और पुर्तगाली टीम स्नष्ट पेनाफिल के लिए खेलते थे। दोनों भाइयों की इस हादसे में मौत हो गई।

**जोटा की दो हफ्ते पहले हुई थी शादी** –जोटा की दो हफ्ते पहले ही शादी हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी।

**एवर्टन के खिलाफ डिएगो जोटा के करियर का आखिरी गोल** – डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल हैं। मौजूदा समय में वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में आया था। डिएगो जोटा का ये गोल बेहद धमाकेदार था। उन्हें मिडफील्डर से एक पास मिला। इसके बाद जोटा ने एक-दो नहीं, बल्कि एवर्टन के 5 डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद को गोल पोस्ट तक पहुंचाया था। इस गोल में जोटा की शानदार ड्रिबलिंग देखने को मिली थी। इस गोल के दम पर लिवरपूल ने इस मुकाबले को 1-0 से जीत लिया।

# भारत-पाक तनावों के बीच क्या पाकिस्तान की टीम भारत खेलने आएगी या नहीं? पीसीबी ने कहा अभी इजाजत नहीं मिली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीमों का इस साल भारत में होने वाले दो बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना अभी भी तय नहीं है। पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीसीबी) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें अब तक सरकार से टूर्नामेंट में भाग लेने की इजाज़त नहीं मिली है। गौरतलब है कि इस साल एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।



भारत के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान की टीमों को इन बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा कोई भी फैसला ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। यानी भारत की तरफ से पाकिस्तान की टीमों को आने से रोकने की कोई योजना नहीं है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) से भारत में टीम भेजने की मंजूरी मांगी है। लेकिन अब तक इस पर कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पीएसबी ने उनका अनुरोध आगे संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है।

पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक सरकार भारत में टीम भेजने को लेकर कोई नीति नहीं बनाती, तब तक पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि पीएचएफ की तरफ से जो अनुरोध आया था, उसे अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेजा गया है, और वहां से यह मामला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के पास भेजा गया है। अब सभी को उनके अंतिम फैसले का इंतजार है।

यानी फिलहाल पाकिस्तान की हॉकी टीमों की भारत यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर संशय बना हुआ है, और सबकी नजर अब पाक सरकार के फैसले पर टिकी है।

# मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है

### गुकेश से हारने के बाद बोले वर्ल्ड नम्बर 1 कार्लसन

**जगरेब (क्रोसिया) (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी।



कार्लसन ने हार के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।

सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया। गुकेश ने दिन की शुरुआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली। लेकिन इसके बाद सबसे बड़े मुकाबले में गुकेश ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की।

गुकेश की यह जीत इसीलिए भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड मे कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है। गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है, जिससे उनके विरोधियों पर लगातार दबाव बना हुआ है। अब टूर्नामेंट में तीन राउंड बाकी हैं और गुकेश फिलहाल सभी को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर काबिज हैं।

# विवाद, राजनीतिक दांवपेच और यू-टर्न... दिल्ली में 15 साल पुरानी गाड़ियों पर रोक की कहानी पुरानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए 15 साल से पुराने पेट्रोल और 10 साल से पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला एक बार फिर सुर्खियों में है। यह नीति, जो 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाली थी, जनता के भारी विरोध और तकनीकी चुनौतियों के कारण स्थगित कर दी गई है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। कभी आप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इस नीति को लागू करने में ढिलाई बरती थी। दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध की कहानी नई नहीं है।

**जनता की नाराजगी का पलड़ा भारी:** दिल्ली, जो दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है, में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अप्रैल 2025 में आदेश जारी किया था कि 1 जुलाई से पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा। इस नीति के तहत, 498 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगाए गए, ताकि 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहनों की पहचान की जा सके। इन वाहनों को सड़कों से हटाने और स्क्रैप करने की योजना थी।

हालांकि, इस फैसले ने दिल्ली की सड़कों पर तूफान खड़ा कर दिया। अनुमानित 62 लाख वाहन, जिनमें 41 लाख दोपहिया शामिल हैं, इस प्रतिबंध के दायरे में आते हैं। आम जनता, खासकर निम्न और मध्यम वर्ग, जिनके लिए पुराने वाहन रोजमर्रा की जरूरत हैं, ने इस नीति को तुगलकी फरमान करार दिया। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक, लोगों ने इसे अव्यावहारिक और आर्थिक रूप से बोझिल बताते हुए विरोध जताया।

### तकनीकी खामियां और कानूनी उलझनें

दिल्ली सरकार ने इस नीति को लागू करने में कई तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का हवाला दिया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने ष्टक्तरू को पत्र लिखकर कहा कि ह्रक्क सिस्टम पूरे एनसीआर में एकीकृत नहीं है, और कई पेट्रोल पंपों पर लगे कैमरे सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन ने तर्क दिया कि ईंधन को आवश्यक वस्तु माना जाता है, और इसे देने से मना करना आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन हो सकता है। पंप कर्मचारियों को प्रवर्तन अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए मजबूर करना भी विवादास्पद रहा, क्योंकि इससे कानून–व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है।

### राजनीतिक घमासान

देखा जाए तो इस नीति पर बीजेपी और आप दोनों ने दूरी बनाई है। बीजेपी सरकार ने शुरू में इस प्रतिबंध को प्रदूषण नियंत्रण के लिए जरूरी कदम बताया था। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने मार्च 2025 में घोषणा की थी कि 31 मार्च के बाद पुराने वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। लेकिन जनता के गुस्से और तकनीकी दिक्कतों के बाद, सरकार ने 3 जुलाई 2025 को CAQM से इस आदेश को स्थगित करने की अपील की। वहीं, आप ने इस नीति को बीजेपी का तुगलकी फरमान करार देते हुए इसका विरोध किया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यह नीति आम लोगों, खासकर दोपहिया वाहन चालकों और बुजुर्गों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करेगी। ड्डक्ने दावा किया कि बीजेपी इस नीति के जरिए वाहन निर्माता कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि आप सरकार ने भी 2018 में सुप्रीम कोर्ट और ह्लत्र के आदेशों के बावजूद इस नीति को पूरी तरह लागू नहीं किया था, जिसे अब बीजेपी सरकार ने उलाहना दिया है।

### संक्षिप्त समाचार

## डांट, मजाक, पेट की पथरी और पैसा; दिल्ली में गर्दन काटने वाले नौकर की क्या पूरी कहानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लाजपत नगर में बुधवार रात डांटने से नाराज नौकर ने चाकू से गोदकर मालिकन और उसके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने दीनदयाल जंक्शन से चलती ट्रेन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। 44 वर्षीय कुलदीप अपने परिवार के साथ लाजपत नगर पार्ट 1 में रहता था। परिवार में पत्नी रुचिका सेवानी, 14 वर्षीय बेटा कृष और एक बेटी थे। बेटी जम्मू में पढ़ाई कर रही है, जबकि बेटा निजी स्कूल की दसवीं कक्षा का छात्र था। कुलदीप और रुचिका लाजपत नगर स्थित सेंट्रल मार्केट में कपड़े की दुकान चलाते है। उनके यहां घरेलू सहायक मुकेश काम करता था। आरोपी मुकेश सिर्फ रुचिका पर गुस्सा था। लेकिन जब वह शाम को कुलदीप के घर पहुंचा तो वहां कृष भी मौजूद था। मां की हत्या होते देख वह उसे बचाने आया था, जिसके चलते आरोपी ने कृष की भी गर्दन रेत दी। आरोपी रुचिका पर इस कदर गुस्सा था कि उसने पहले तीन वार किए और फिर उसकी गर्दन काट दी। आरोपी ने रुचिका की गर्दन 80 प्रतिशत तक काट दी थी। इससे रुचिका की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। अभी तक हुई पूछताछ में मुकेश ने बताया कि रुचिका ने उसे पहली बार नहीं डांटा था, वह अक्सर उसे बाकी स्टाफ के सामने भी डांट दिया करती थी। जिससे उसका मजाक बनता था। इसलिए वह उससे नाराज रहता था।

## 13 दिन तक बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 59 लाख; नोएडा में हैरान कर देने वाली वारदात

**नोएडा एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने पेंट बनाने बनाने वाली एक नामचीन कंपनी के पूर्व अधिकारी को 13 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 59 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने बुजुर्ग पर मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग तस्करी, मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध में शामिल होने का भय दिखाया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-29 निवासी 78 वर्षीय राजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के साथ घर पर अकेले रहते हैं। उनके लैंडलाइन नंबर पर 18 जून को एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को भारत के दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि आपके मोबाइल नंबर का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों में किया गया है, इसलिए नंबर दो घंटे में बंद कर दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए पीड़ित को मोबाइल पर तीन दबाने के लिए कहा। नंबर दबाने पर एक व्यक्ति ने खुद को ग्राहक सेवा केंद्र का कर्मचारी बताते हुए कहा कि मुंबई पुलिस के कहने पर नंबर बंद किया जा रहा है। कारण पूछने पर कहा कि उनके आधार नबर का उपयोग कर मुंबई में चार बैंक खाते खोले गए हैं। खातों में आई रकम का इस्तेमाल आतंकवाद, मानव और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों में किया जा रहा है। सीबीआई मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है। तभी कॉल कथित तौर पर मुंबई पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई। फिर सीबीआई के कथित डीसीपी प्रवीण सूद और कथित इंस्पेक्टर संजय सिंह ने जांच शुरू करने और गिरफ्तार किए जाने का दावा किया। पीड़ित राजीव इतना डर गए कि गिरफ्तारी और जांच से बचने के लिए उन्होंने जालसाजों के बताए बैंक खातों में तीन बार में अपनी मेहनत से कमाई जमा पूंजी ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 20 जून को उन्होंने आरोपियों के बताए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में 10 लाख 70 हजार रुपये, 21 जून को 16 लाख 20 हजार रुपये और 25 जून को 32 लाख 60 हजार रुपये ट्रांसफर किए। ठगों ने पीड़ित को 18 जून से 30 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इसी बीच पीड़ित बैंक में आरटीजीएस के माध्यम से रुपये भेजने के लिए पहुंचे। इस दौरान जालसाज वीडियो कॉल पर निगरानी करते रहे। रकम ऐंठने के बाद आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिया।

## दिल्ली में यहां है मुगलों का आखिरी किला, कभी सजता था दरबार अब खंडहर हो चुका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शहर इतिहास के हर पन्ने पर अपनी छाप छोड़ता है। दिल्ली में कई ऐतिहासिक इमारत मौजूद हैं। लाल किला, कुतुब मीनार और हुमायूं के मकबरे की भव्यता तो हर कोई जानता है, लेकिन महरौली की संकरी गलियों में छिपा एक ऐसा किला है, जो मुगल साम्राज्य की आखिरी निशानी है। यह है जफर महल, जो कभी शाही दरबार की शान था और आज खंडहरों में तब्दील हो चुका है। आइए, इस गुमनाम स्मारक की कहानी को इतिहास के पन्नों से उकेरते हैं और जानते हैं कि कैसे यह भव्य इमारत गुमनामी के अंधेरे में खो गई।

**मुगल साम्राज्य की अंतिम इमारत:** साउथ दिल्ली के महरौली में स्थित जफर महल मुगल काल की आखिरी स्मारकीय संरचना मानी जाती है। इसका निर्माण 18वीं शताब्दी में मुगल सम्राट अकबर शाह द्वितीय ने शुरू किया था, लेकिन इसे पूरा बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 19वीं शताब्दी में करवाया। बहादुर शाह जफर ने इस महल को गर्मियों में रहने के लिए बनवाया था। उस दौर में महरौली के घने जंगल और शांत वातावरण इसे गर्मियों में शाही परिवार के लिए आदर्श बनाते थे।

जफर महल की संरचना में मुगल और यूरोपीय वास्तुकला का अनोखा मिश्रण देखने को मिलता है। लाल बलुआ पत्थर से निर्मित इस तीन मंजिला इमारत में एक भव्य प्रवेश द्वार और विशाल छज्जा शामिल किया गया, जो इसे अपने समय का एक आलीशान नमूना बनाता था। महल के पास ही हजरत कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह है, जिसके कारण यह स्थान शाही और आध्यात्मिक महत्व का केंद्र बन गया था।

**शाही ठाठ और फूलवालों की सैर:** जफर महल केवल एक गर्मियों में रहने का महल नहीं था, यह उस दौर की संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक था। इतिहासकार राणा सफवी के अनुसार, यह महल फूलवालों की सैर जैसे समारोहों का गवाह रहा, जो हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक था। इस उत्सव में लोग दरगाह और आसपास के मंदिरों में फूल चढ़ाते थे, और जफर महल इसका केंद्र हुआ करता था।

महल के परिसर में एक छोटा कब्रिस्तान भी है, जहां मुगल शाही परिवार के कई सदस्यों की कब्रें हैं। खास बात यह है कि बहादुर शाह जफर ने भी यहीं दफन होने की इच्छा जताई थी, लेकिन नियति को कुछ और मंजूर था।

**1857 की क्रांति और जफर का निर्वासन:** जफर महल की कहानी उस दौर की त्रासदी से अटूट रूप से जुड़ी है, जब 1857 में भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हुआ। बहादुर शाह जफर, जो एक कवि और शायर भी थे, इस क्रांति के प्रतीक बन गए। लेकिन अंग्रेजों ने उन्हें विद्रोह का दोषी ठहराया और 7 अक्टूबर 1858 को देशद्रोह के आरोप में दिल्ली से रंगून (अब यंगून, म्यांमार) निर्वासित कर दिया।

उस समय की कहानियां बताती हैं कि जफर को एक बैलगाड़ी में रंगून ले जाया गया, और उनके साथ ब्रिटिश सैनिकों का एक दल था। उनकी इच्छा थी कि उनकी मृत्यु के बाद उन्हें जफर महल के पास दरगाह के आहाते में दफन किया जाए, लेकिन यह ख्वाहिश पूरी न हो सकी। 1862 में रंगून में उनकी मौत हुई और उनकी कब्र को शुरू में अचिह्नित छोड़ दिया गया।

## केजरीवाल के शीश महल में लगे पर्दों की कीमत से भी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता के जन सेवा सदन के उद्घाटन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इसकी लागत अरविंद केजरीवाल के 'शीश महल' में लगे पर्दों की कीमत से भी कम है। मिश्रा ने बताया कि जन सेवा सदन को कैमरों और मीडिया कर्मियों के लिए खोला गया है ताकि वे आम लोगों के लिए की गए इंतजामों को देख सकें। बता दें कि, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली में सीएम के जन सेवा सदन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम कैंप ऑफिस में हवन किया गया, जिसमें उनके पति मनीष गुप्ता और बेटे निकुंज मौजूद रहे।

इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन सेवा सदन का आज उद्घाटन हुआ है। आज पहला दिन है। यह मीडिया और कैमरों के लिए खुला है, ताकि आम लोगों के लिए किए गए सभी इंतजामों को देखा जा सके। 11 साल बाद सीएम का आवास या ऑफिस लोगों के लिए खोला गया है। पूरा जन सेवा सदन अरविंद केजरीवाल के शीश महल में लगे पर्दों की कीमत से भी कम लागत में बना है। दिल्ली के मंत्री ने कहा कि जन सेवा सदन के लिए जारी हुआ टेंडर सार्वजनिक है, जबकि शीश महल के जारी सार्वजनिक नहीं था। दिल्ली के लोगों की सभी शिकायतें यहां सुनी और दर्ज की जाएंगी।

### सीएम आवास के लिए 60 लाख का टेंडर जारी

2 जुलाई को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी आवास के रेनोवेशन के लिए 60 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। पीडब्ल्यूडी की ओर से मुख्यमंत्री को राजनिवास मार्ग पर बंगला नंबर-1 और बंगला नंबर-2 आवंटित किए गए हैं। रेनोवेशन का काम बंगला नंबर 1 में होगा, जहां मुख्यमंत्री रहेंगी। वहीं बंगला नंबर 2 का उपयोग कैंप ऑफिस के रूप में किया जाएगा।

## दिग्गज अभिनेता का कार्डियक अरेस्ट से निधन, बहन ने लिखा भावुक संदेश



लास एंजिल्स , एजेंसी। फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। विश्व सिनेमा को अपने दमदार अभिनय से प्रभावित करने वाले हॉलीवुड दिग्गज अभिनेता माइकल मैडसेन अब इस दुनिया में नहीं रहे। 67 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। अभिनेता का शव 3 जुलाई को कैलिफोर्निया के मैलिबू स्थित उनके घर में पाया गया। प्राथमिक जांच के अनुसार, कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) को उनकी मौत का कारण बताया जा रहा है। माइकल मैडसेन का जाना न केवल हॉलीवुड बल्कि पूरी फिल्मी दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जैसे ही उनके निधन की खबर सामने आई, सोशल मीडिया पर फैंस और सितारों ने शोक जताना शुरू कर दिया। उनकी गिनती उन कलाकारों में होती थी जिन्होंने 90 के दशक में अपने किरदारों से सिनेमा को एक नया तेवर दिया।

**बहन वर्जीनिया मैडसेन का भावुक संदेश:** माइकल मैडसेन के निधन से उनकी बहन और लोकप्रिय अभिनेत्री वर्जीनिया मैडसेन पूरी तरह टूट गई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला पोस्ट साझा किया जिसमें उन्होंने अपने भाई को बेहद अनोखे अंदाज़ में श्रद्धांजलि दी। वर्जीनिया ने लिखा~ मेरे भाई ने स्टेज छोड़ दिया। वह गरज था और मखमली भी। उसकी आत्मा में शरारत थी, मगर वह कोमलता से भरा हुआ था। वह एक बेहतरीन कवि था। एक पिता, एक बेटा और एक भाई – जिसने जीवन को अपनी शर्तों पर जिया। आज हम सिर्फ एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक जीवंत, दिल से जीने वाले इंसान का शोक मना रहे हैं। उन्होंने साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि उनका भाई उनके जीवन का एक अहम हिस्सा था, और वे हमेशा उसकी हंसी, बातें और साथ बिताए लम्हों को याद करेंगी। 25 सितंबर 1957 को शिकागो में जन्मे माइकल मैडसेन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1980 के दशक में की थी। हालांकि, उन्हें असली पहचान तब मिली जब उन्होंने निर्देशक क्वेंटिन टारनटिनो की फिल्म में मिस्टर ब्लॉन्ड का किरदार निभाया। उनका यह किरदार आज भी क्लासिक माना जाता है।

## रा और मोसाद मिलकर कर रहा था काम, पाक फैला रहा था झूठ लेकिन खुल गई पोल




**इस्लामाबाद एजेंसी।** हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस और उससे जुड़ा संगठन पाकिस्तान स्ट्रैटेजिक फोरम ने भारत के खिलाफ एक झूठे प्रचार अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान उस समय शुरू किया गया जब मिडिल-ईस्ट में अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच तनाव अपने चरम पर था। इस दुष्प्रचार का मकसद आसिम मुनीर की अमेरिकी यात्रा को लोगों की नजरों से छुपाना था।

चार रॉ एजेंट गिरफ्तार~ पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने चार भारतीय खुफिया एजेंटों को सीपीइसी और सैन्य ठिकानों की जासूसी करते हुए पकड़ा। लेकिन इस दावे का कोई पुख्ता सबूत नहीं है, न ही ईरान या किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था ने इसकी पुष्टि की। भारत को आतंकवादी राष्ट्र कहा गया~ सोशल मीडिया पर भारत और इजरायल को आतंक फैलाने वाले देश कहकर प्रचार किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की छवि खराब करना था। एक वायरल अफवाह में कहा गया कि अमेरिका के क्च2 बॉम्बर भारत के ऊपर से उड़कर ईरान पर हमला किया। इस दावे का कोई फ्लाइट ट्रैक, सैटेलाइट डेटा या आधिकारिक पुष्टि नहीं है। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि रा और मोसाद मिलकर ईरान में हत्याएं और तोड़फोड़ कर रहे हैं, जबकि ईरान ने ऐसा कोई भी आरोप नहीं लगाया। यह भी दावा किया गया कि ईरान ने भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किया है, जो ईरानी नेताओं पर हमले की योजना बना रहे थे। लेकिन ईरानी सरकार की तरफ से इस संबंध में कोई बयान नहीं आया है। यह भी झूठ फैलाया गया कि रॉ ने इजरायल को ईरानी सैन्य ठिकानों को जानकारी दी। हालांकि, इसके कोई भी सबूत नहीं है।

**क्या है इन झूठी कहानियों के पीछे की सच्चाई:** भारत, अमेरिका और इजरायल को एक साझा षड्यंत्रकारी के रूप में दिखाना। भारत को ईरान के खिलाफ कार्यवाही में सहभागी बताना। अपने देश में जनरल आसिम मुनीर की अमेरिकी यात्रा से लोगों का ध्यान हटाना।

### कैसे हैं पाकिस्तान और ईरान के संबंध?

पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते हमेशा से उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। दोनों देशों के बीच अफगानिस्तान में वर्चस्व की होड़ है। पाकिस्तान को लगता है दुनिया में अकेला परमाणु संपन्न मुस्लिम देश होने का दर्जा ईरान न छीन ले। हाल ही में ईरान सुरक्षाबलों पर पाकिस्तान से संचालित आतंकी गुटों द्वारा हमले किए गए, जिससे 2024 में दोनों देशों के बीच मिसाइल हमले भी हुए थे।

## भगोड़े माल्या और ललित मोदी का डांस वीडियो वायरल, लंदन में पार्टी करते दिखे दोनों; दुनियाभर से सिर्फ 300 लोग ही थे आमंत्रित



मोदी और विजय माल्या फ्रैंक सिनात्रा का गाना आई डिट इट माय वे गाते हुए देखा गया।



**क्रिस गेल ने शेयर की तस्वीर:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने भी पार्टी से जुड़ी

**लंदन , एजेंसी।** भारत से भागकर लंदन गए विजय माल्या और ललित मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों साथ में गाना गाते और मस्ती करते दिख रहे हैं। भारत से हजारों करोड़ों रुपये लेकर भागने वाले ये लोग विदेशों में जाकर लग्जरी लाइफ जी रहे हैं। जो वीडियो वायरल हो रहा है वो लंदन का बताया जा रहा है और इस पार्टी में दुनियाभर के करीब 300 चुनिंदा लोगों को ही इनवाइट किया गया था। इस लिस्ट में वेस्टइंडिज के पूर्व क्रिकेट प्लेयर क्रिस गेल का नाम भी शामिल है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ललित मोदी ने खुद पार्टी से जुड़ा वीडियो शेयर किया है, इसमें ललित

तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। गेल ने ललित मोदी और विजय माल्या के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, हम इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। एक शानदार शाम के लिए धन्यवाद।

**पार्टी में शामिल हुए दुनियाभर के चुनिंदा लोग:** ललित मोदी और विजय माल्या विदेश जाकर बस गए हैं और लग्जरी लाइफ जी रहे हैं। दोनों ही लोग किसी न किसी कारण से अभी तक बचते आ रहे हैं और दोनों का मामला अभी कोर्ट में है।

**भारत ने माल्या को किया था भगोड़ा घोषित:** विजय माल्या को भारत ने साल 2019 में भगोड़ा घोषित कर दिया था। माल्या पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर 9 हजार करोड़ का लोन डिफॉल्ट किया है। हालांकि, इन आरोपों पर माल्या ने पहली बार चुप्पी तोड़ी और एक पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि बैंकों की तरफ से उनसे लगभग 14 हजार करोड़ रुपये वसूल लिया गया है।

**ललित मोदी पर क्या है आरोप:** ललित मोदी पर सैकड़ों करोड़ रुपये के हेरफेर का आरोप है। यह पूरा मामला साल 2009 में साउथ अफ्रीका में हुए आईपीएल से जुड़ा हुआ है। उस दौरान ईडी ने ललित मोदी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने शिफ्ट करने के लिए पैसों का लेनदेन किया है। जिसे लेकर ईडी ने ललित मोदी पर 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

## कराची में जून महीने में 60 बार कांपी धरती, लोगों में दहशत, आपदा के साये में काट रहे रातें

कराची, एजेंसी। इन दिनों पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोगों की रातें आपदा के साये में कट रही हैं। पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में शुमार कराची में जून महीने में 60 बार धरती कांप चुकी है। यहां जून में आए भूकंप के झटके भले ही कम तीव्रता वाले रहे हों, लेकिन लोगों में दहशत बढ़ गई है। कराची के मेयर मुर्तजा वहाब का कहना है कि दो से 22 जून के बीच आए लगातार भूकंप के झटकों के बाद लोग बेचैन हैं। उनको आपदा का डर सता रहा है।

पाकिस्तान के मौसम विभाग का कहना है कि कराची में कम तीव्रता वाले भूकंप के 33 झटके मलीर के नजदीकी इलाकों में दर्ज किए गए। इसके अलावा कायदाबाद, लांधी, गदप, डीएचए सिटी और डीएचए कराची और कोरंगी में भी धरती कांपी। दो जून को कम से कम 10 बार भूकंप के झटके आए। जबकि इसके अगले दिन एक दर्जन झटके महसूस किए गए। वहीं तीन तीव्रता से अधिक वाले छह भूकंप 22 जून को दर्ज किए गए।

लांधी में एक कपड़ा फैक्टरी में काम करने वाले जहीर उल हसन ने कहा कि हम जानते हैं कि हमें कैसा महसूस हुआ। हम जमीन को हिलता हुआ महसूस कर सकते थे और हमें कुछ बुरा होने की आशंका थी, लेकिन कुछ सेकंड के बाद झटके कम हो गए। जब इतने सारे झटके आते हैं तो जाहिर है कि आप तनाव बढ़ता है।

# बीएसएल के जलापूर्ति विभाग तथा डीएवी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 04 जुलाई को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में बोकारो शहर के अंदर हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने तथा पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने के लिए जलापूर्ति विभाग तथा डीएवी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक(सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास के साथ वरीय अधिशासी, कर्मचारी तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 के प्रधानाचार्य के साथ शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित थे.





### सेल ने अपनी वैश्विक मौजूदगी को मजबूत करने के लिए दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का उद्घाटन किया

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), जो भारत के सबसे बड़े इस्पात उत्पादकों में से एक है और जिसकी वार्षिक कच्चा इस्पात उत्पादन क्षमता 20 मिलियन टन से अधिक है, ने दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का 2 जुलाई, 2025 को उद्घाटन किया है. सेल का यह मिडिल ईस्ट में पहला अंतरराष्ट्रीय कार्यालय है, जो कंपनी की वैश्विक विस्तार रणनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. सेल के इस महत्वपूर्ण कार्यालय का उद्घाटन माननीय केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री, श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने दुबई में किया. इस अवसर पर भारत के महावाणिज्यदूत श्री सतीश कुमार सिवन, सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताव मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री वी.के. त्रिपाठी, और सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी तथा मेकॉन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. दुबई में स्थापित यह रणनीतिक केंद्र, सेल को इस्पात निर्यात को बढ़ावा देने, प्रमुख उद्योग संबंधों को गहरा करने और भारत-यूएई व्यापार संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा. मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में दुबई की भूमिका और इसका निवेशक-अनुकूल वातावरण, सेल के लिए उभरते बाजारों में विस्तार के लिए एक अनुकूल आधार प्रदान करता है. यह कदम भारत सरकार के अपने इस्पात उद्योग की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने और 2030 तक 300 मिलियन टन के राष्ट्रीय इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है. यह सेल के एक विश्व-प्रतिस्पर्धी इस्पात निर्माता के रूप में विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो अंतरराष्ट्रीय इस्पात क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई साख को दर्शाता है.

# कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार का दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सेक्टर 1, 2 एवं 5 की सेविकाओं को समर/सीएमएएम (सामुदायिक आधारित प्रबंधन प्रणाली) कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

### कुपोषण मुक्त समाज की दिशा में संवेदनशील प्रशिक्षण



प्रशिक्षण सत्र में सेविकाओं को बताया गया कि वे कुपोषित एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कैसे करें और सामाजिक एवं सामुदायिक सहयोग के माध्यम से उन्हें पोषण युक्त बनाने के लिए मुखिया, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किस प्रकार समन्वय करें।

### भूख की जांच, फॉलोअप और समर एप की दी जानकारी

सेविकाओं को कुपोषण के प्रकार, भूख की जांच की सही प्रक्रिया एवं कुपोषित बच्चों का समर एप पर डेटा इंट्री करने की विधि बताई गई। इसके अलावा, उन्हें यह भी बताया गया कि कुपोषित बच्चे का 16 सप्ताह का फॉलोअप आवश्यक है। जिसमें 8 सप्ताह आंगनबाड़ी केंद्र में तथा 08 सप्ताह गृह भ्रमण कर फॉलोअप किया जाएगा। सत्र के अंत में सेविकाओं को समर/सीएमएएम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं उनके प्रयासों की सराहना की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू लदा ट्रक जब्त, थाना में एफआईआर दर्ज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम जिला खनन टास्क फोर्स ने आज पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में पूर्वी टुण्डी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुण्डी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### धनबाद-गोमो रेलखंड में चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत आज 07:00 बजे से 11:00 बजे तक धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद स्टेशन के साथ-साथ धनबाद-गोमो रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 75 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। इस दौरान उनसे 26 हजार से ज्यादा रूपए जुमार्ने के रूप में वसूल की गई। पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा। टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है।



### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में तालाब मरम्मती कराने, बीमा एजेंट द्वारा गलत जानकारी देने, अबुवा आवास, प्रधनमंत्री आवास निर्माण कराने, मुआवजा राशि, दुर्घटना बीमा देने, आर्म्स लाइसेंस, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, कार्य करने के बाद भुगतान नही करने के संबंध में, मिनी थिएटर के लाइसेंस निर्गत करने, पारिवारिक लाभ दिलाने, जाति, आवासीय, एवं आय प्रमाण बनाने, बंद खाता को चालू करने, आंगनवाड़ी सहायिका पद पर चयन करने, पोषण सखी के मानदेय भुगतान करने समेत कई विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।



### पत्थर लदे पांच हाईवा पुलिस ने किए जप्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह ने देर रात्रि बलियापुर के दूधिया मोड़ के पास से पांच पत्थर लदे हाईवा को जप्त किया गया है। हाईवा जप्त करने के बाद अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा धनबाद जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी को फोन कर सूचित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर चंद्र द्विवेदी रात्रि को बलियापुर आकर पांचो हाईवा का सीजर कराकर थाना को सुपुर्द किया है। सभी वाहनों के कागजात एवं उस पर लदे खनिज की वैधता की जांच की जा रही है। साथ हीं संबंधित पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# उपायुक्त ने दिव्यांग बच्ची को उपलब्ध कराई कान की मशीन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तोपचांची प्रखण्ड के खरियो बस्ती निवासी धर्मेंद्र गोस्वामी ने अपने 13 वर्षीय दिव्यांग बच्ची सौम्या कुमारी हेतु कान की मशीन की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ट्विटर के माध्यम से की थी। इस मामले में मुख्यमंत्री ने धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन को अविलंब संज्ञान में लेने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार उपायुक्त आदित्य रंजन ने वर्णित मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सम्बंधित बच्ची को अविलंब कान की मशीन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार सौम्या कुमारी को उनके घर जा कर कान की मशीन उपलब्ध करा दी गई। इसके अलावा उपायुक्त ने बच्ची को शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रखंड के रिसोर्स टीचर को घर जाकर शिक्षा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया।



इस मामले में सौम्या के माता पिता ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि ट्वीट करने के कुछ घण्टे के अंदर ही इस मामले में संज्ञान लिया गया जो कि सराहनीय है। साथ हीं उन्होंने बताया कि बच्ची को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ भी झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ हीं उन्होंने उपायुक्त आदित्य रंजन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला की टीम ने 2 घण्टे के अंदर हमारी मांगों को पूरा की यह प्रसंशनीय है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, एसएमपीओ विनीता कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षिका मौजूद रही।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च

## कंट्रोल रूम रहेगा कार्यरत, 59 दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त, सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से निगरानी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार शुक्रवार शाम को जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जा सके। प्रशासन द्वारा प्रत्येक अंचल/थाना क्षेत्र में स्थिति का आकलन कर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### रिजर्व बल के साथ पूरे जिले में विशेष तैनाती

जिले भर में महत्वपूर्ण चौक - चौराहों पर कुल 357 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रिजर्व फोर्स के रूप में चास अनुमंडल में 31 और बेरमो अनुमंडल में 53 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को रखा गया है, जो आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु अलर्ट मोड में रहेंगे।

### सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी, भड़काऊ पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं मुहर्रम का पर्व

उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिलेवासियों से अपील किया है कि वह मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, परस्पर सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने आमजनों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्याः 06542 -223705/ 223475/ 100 एवं 112),अपने थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं किसी भी सरकारी कर्मचारी को देने की अपील की। प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष को 24७7 सक्रिय रखा गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए कुल 59 दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से भी होगी निगरानी

प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दलित बस्ती का किया भ्रमण, समस्याओं से हुए अवगत

## कहाः गठबंधन सरकार हर परिवार को छत देने को है संकल्पित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बोकारो भ्रमण कार्यक्रम के द्वौरान चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका गाँव पहुंचकर सरकारी लाभ से वंचित दलित परिवारों से मुलाकात की। बुनियादी समस्याओं से अवगत हुए। त संज्ञान लेते हुए श्री महतो ने स्वयं वंचित परिवारों की सूची बनाई और मौके से ही बोकारो उप विकास आयुक्त को दूरभाष से अवगत कराया। जल्द से जल्द पात्र लाभुकों को अबुआ आवास,अंबेडकर आवास उपलब्ध कराने हेतु संज्ञान लेने को कहा। इस मौके पर श्री महतो ने कहा कि गठबंधन सरकार संकल्पित है वंचित हर परिवार को छत देने के लिए। सुचना प्राप्त से चास प्रखंड के ब्राह्मण द्वारिका (कालिंदी टोला )में कोई परिवार ऐसे हैं कि जिन्हे सरकारी आवास योजना का लाभ आज तक नहीं मिल सका हैं। वें परिवार प्लास्टिक व तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं जो कि यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हमने जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में ब्राह्मण द्वारिका गाँव (कालिंदी टोला ) पहुंचकर दलित परिवारजनों से बारी बारी मिले एवं उनकी बुनियादी समस्याओं संज्ञान लेते हुए आश्वस्त किया कि गठबंधन सरकार संकल्पित है हर परिवार को छत देने के लिए। मौके पर जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका के दलित बस्ती के सरकारी आवास से वंचित परिवारों के महिला सदस्यों के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाद स्थापित कर उनके समस्याओं को जाना। तत्काल बोकारो डीडीसी से दूरभाष पर बात कर समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दलित परिवारजनों को आश्वस्त किया कि झारखण्ड में गठबंधन सरकार गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी हाल में बोकारो जिले के कोई पात्र परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा। श्री गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन परिवारों को आवास योजना अंतर्गत राज्य सरकार कि आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर झारखण्ड प्रदेश अनुसूचित विभाग अध्यक्ष केदार पासवान, लाल किशोरनाथ शाहदेव, सुशील कु झा,डॉ इंद्रदेव पासवान,मृतुन्जय शर्मा,जोवहार महाथा,जीतेन्द्र यादव,देव शर्मा,शिबू यादव,रामपद रविदास,नजीर अहमद,गौतम चौधरी, अजित सिंह चौधरी, मनोज कुमार,देवासिस मंडल,माहेश्वर मंडल, बबला राम,विश्वजीत सिंह,पवन झा,प्रखंड अध्यक्ष तुलसी महतो,सहित प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कोयला प्रक्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का समापन

## बोकारो जिला पुलिस बल ओवरऑल चैंपियन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले तीन दिनों से चल रहे कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का आज समापन हुआ, जिसमे बोकारो जिला बल ओवर ऑल चैंपियन हुआ एवं धनबाद जिला बल को रनर अप का खिताब प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कई प्रकार के इवेंट कराए गए। बोकारो एवं धनबाद के कई पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोकारो जिला के सब इंस्पेक्टर सह पुलिस अधीक्षक, बोकारो के तकनीकी शाखा प्रभारी पुष्पराज कुमार ने कुल 3 गोल्ड एवं एक सिल्वर प्राप्त कर इंडिविजुअल ओवर ऑल चैंपियन बनें। वही महुदा सर्किल, धनबाद के इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, और 1 ब्रोंज कुल 3 मेडल्स प्राप्त कर ओवरऑल रनर अप का खिताब पाया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो प्रक्षेत्र क्रान्ति कुमार गडिदेशी थे, जिन्होंने समस्त कार्यक्रम में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। आईजी ने विजेताओं को अपने हाथों से पुरस्कृत किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। चुने गए प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। समापन समारोह में पुलिस महानिरीक्षक बोकारो एवं पुलिस अधीक्षक बोकारो के अतिरिक्त ग्रामीण एसपी, धनबाद कपिल चौधरी एवं सिटी एसपी धनबाद, ऋत्विक श्रीवास्तव एवं सिटी डीएसपी बोकारो आलोक कुमार भी उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त समस्त कार्यक्रम का निर्वहन सार्जेंट मेजर प्रथम प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया। साथ ही सार्जेंट मेजर द्वितीय जॉय प्रभाकर लकड़ा, परिचारी शिव प्रसाद महतो भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।







# बुजुर्गों की भूमि अवैध रूप से कब्जा करने वाले पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जोधाडीह मोड़ निवासी बुजुर्ग महिला गायत्री देवी ने अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा प्रताड़ना की पीड़ा साझा की। उन्होंने अपने मझले बेटे मनोज साव द्वारा आय दिन मार-पीट करने की बात कहीं। वहीं, एक दूसरे मामले में चास निवासी महिला जो ससुराल स्थित अपने मकान में रह रही है, उसका पति व परिवार के अन्य सदस्य उसे एवं उसके दो बच्चों को छोड़ चले गए हैं। पति दूसरी शादी करने जा रहा है। वहीं, अब उसे घर खाली करने का पति एवं उसके परिवार के सदस्यों ने अल्टीमेटम दिया है। इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि मां को उसके ही बच्चे प्रताड़ित करें, या पति अपनी पत्नी व बच्चों को बेसहारा छोड़ दे। यह सामाजिक असंवेदनशीलता अच्छा नहीं है। ऐसे मामलों से यह साफ है कि हमारा समाज धीरे-धीरे संवेदनहीन होता जा रहा है। यह चिंता का विषय है, समाज को संवेदनशीलता सीखनी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बुजुर्गों का सम्मान, महिलाओं की सुरक्षा और वंचितों का संरक्षण केवल प्रशासन की नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी है। जिस दिन हर व्यक्ति दूसरों के दुख को महसूस करने लगेगा, उस दिन ऐसे मामले घटेंगे। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि वे समाज में संवेदनशीलता, करुणा और पारिवारिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। सुनवाई के बाद उपायुक्त ने कहा कि बुजुर्गों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। इन मामलों में अपर नगर आयुक्त/थाना प्रभारी,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी आदि को आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



### बुजुर्गों के जमीन पर अवैध कब्जा मामलों में जीरो टोलरेंस नीति अपनाएं

जनता दरबार में एक बुजुर्ग ने अपनी निजी भूमि पर स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत की। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में ह्यजीरो टोलरेंसह्ल की नीति अपनाई जाएगी। बुजुर्गों/सेवानिवृत कर्मचारियों की संपत्ति की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि वे तत्काल जांच कर अवैध कब्जाधारियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करें और पीड़ितों को न्याय दिलाएं।

### हर अंचल में हेल्प सेंटर खोलने का दिया निर्देश

भूमि से जुड़ी समस्याएं जिले में लगातार सामने आ रही हैं, जिन्हें कम करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने अंचल स्तर पर हेल्प सेंटर शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति जमीन का निबंधन (रजिस्ट्रेशन) कराने से पहले उस भूमि की वैधता, स्वामित्व, प्रकृति आदि संबंधी जानकारी इस हेल्प सेंटर से प्राप्त कर सकेगा। इस कार्य को अंचल कार्यालय 07 -10 दिनों में सुनिश्चित करेगा। इस व्यवस्था के क्रियान्वयन से भूमि विवाद, धोखाधड़ी और अतिक्रमण जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### जनता दरबार-संवाद और समाधान का प्रभावी माध्यम

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर प्रशासन को जवाबदेह बनाना भी है। उन्होंने बताया कि समाहरणालय स्तर के अलावा प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भी आज जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित सहायता मिल सके। उन्हें जिला आने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी मामलों को एक सप्ताह के अंदर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादित करने को कहा गया है।

### 04 दर्जन से अधिक फरियादियों की समस्या सुनी

आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त ने 04 दर्जन से ज्यादा लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की। ज्यादातर मामले भूमि विवाद, पारिवारिक प्रताड़ना, पेंशन, जन वितरण प्रणाली, अतिक्रमण, झारखंड मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना, बीएसएल, पेंशन संबंधित समस्याएं शामिल थी।

### विभिन्न संगठनों व प्रतिनिधियों ने की भेंट

जनता दरबार के उपरांत, जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं ने उपायुक्त श्री अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात और उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही, क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित कुछ विषय साझा किया। उपायुक्त ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com